फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 268 प्रभात जयपुर, सोमवार 01 मई , 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 3.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू


epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBiT



Good Trade Routes & Practices Kept India Safe & Rich

Ancestors of the rulers of Jaisalmer (Raj) had founded the fort of Ghazni, sometime in the third century B.C.

A Single Human Ancestor

Sunglasses You'll See Everywhere This Summer

Sunglasses shapes and colours



*पुराविदों ने प्राचीन मिस्र के एस्ना मंदिर की छत पर, 2000 साल से मिट्टी व कालिख के नीचे छुपी, अनेक पेंटिंग्स को रिस्टोर (जीर्णोद्वार) किया है, जिनमें राशिमण्डल की बारह राशियों को दर्शाया गया है। गंदगी से ढकी होने के कारण पेंटिंग्स के रंग संरक्षित हैं व जीवंत नज़र आते हैं। टॉलमी काल (305 से 30 ईसा पूर्व) की इन कलाकृतियों से उन सबूतों में इज़ाफा होता है, जिनके अनुसार मिस्र में यूनानी लोग ज़ोडिएक परम्परा को लाए थे। जर्मनी की यूनिवर्सिटी ऑफ ट्यूबिंगैन के मिस्र विशेषज्ञ, क्रिस्टियान लेट्ज़ ने कहा कि ''मिस्र के मंदिरों में राशि चिन्ह मिलना बेहद दुर्लभ है। ज़ोडिएक (राशिमण्डल) बैबीलोनिया के खगोल शास्त्र का अंग है और टॉलमी काल से पहले तक मिस्र में इसका कोई प्रमाण नहीं मिलता है। टॉलमी काल के बर्तनों व ताबूतों पर ज़ोडिएक साईन व उनसे सम्बंधित तारामंडल की तस्वीरें मिलती हैं। लेकिन मंदिर की सजावट में ये मोटिफ मिलना दुर्लभ है। एक अन्य मिस्र विशेषज्ञ, डैनियल वॉन रैकलिंगहाओसन ने कहा कि, एस्ना के अलावा इसके केवल दो अन्य संरक्षित संस्करण ही उपलब्ध हैं। ये दोनों नील नदी के पश्चिमी किनारे पर स्थित डैन्डेरा मंदिर टैम्पल कॉम्पलैक्स में हैं। लेट्ज़ ने कहा कि, ''एस्ना के ज़ोडिएक साइन बिल्कुल वैसे ही हैं जैसे आजकल देखे जाते हैं। कुछ एक चित्रणों के अलावा कोई भी अंतर नहीं है।'' बारह राशि चिन्हों के अलावा एस्ना में बृहस्पति, शनि और मंगल तथा सैखमैत के ''सैवन एरोज़'' तथा नक्षत्रों का चित्रण है, जिनका उपयोग प्राचीन मिस्र के लोग समय का पता लगाने के लिए करते थे। इसके अलावा, हाल ही में रिस्टोर की गई एस्ना की कुछ अन्य कलाकृतियों में सांप, मगरमच्छ और काल्पनिक जीव, जैसे मगरमच्छ के सिर वाली चिड़िया आदि चित्रित हैं। संरक्षण का कार्यक्रम 2018 में शुरु हुआ था। एस्ना मंदिर लक्सर से 40 मील दूर दक्षिण में है। ये ज़ोडिएक साइन्स, एस्ना में मिलने वाली पहली खगोलीय खोज नहीं हैं। इससे पहले वर्ष 2020 में यहां ऐसे अभिलेख मिले थे जिनमें कई तारामंडलों के प्राचीन मिस्र नाम लिखे हुए थे। इतिहासकारों को नहीं पता कि ज़ोडिएक साइन्स का या ज्योतिष का वास्तविक उद्गम क्या है, लेकिन खगोल विज्ञान से संबंधित एक बेहद प्राचीन कलाकृति, ''वीनस टैबलेट ऑफ एमिसडूका'' निओ असीरियन काल (911-612 ईसा पूर्व) की है। इस कलाकृति में वीनस (शुक्र ग्रह) की गति को ट्रैक किया गया है। यह कलाकृति, ''बैबिलोनिअन प्लैनेटरी ओमन्स'' की सबसे प्रारंभिक कलाकृतियों में से एक है।*

# बृजभूषण शरण सिंह ने पहलवानों के विरोध प्रदर्शन में ''कांग्रेस एंगल'' सामने रखा

## बृजभूषण शरण सिंह ने कहा, सभी विरोध करने वाले पहलवान महादेव अखाड़े से आते हैं तथा कांग्रेस नेता दीपेन्द्र सिंह हुड्डा इसके अध्यक्ष हैं

नई दिल्ली, 30 अप्रेल। भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने अपने ऊपर लगे आरोपों का बड़े सख्त अंदाज में जवाब दिया। उन्होंने रविवार ''एक परिवार'' और ''एक अखाड़े'' के खिलाफ अपने आरोपों को स्पष्ट करते हुए दावा किया कि, महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न की ''फर्जी'' शिकायतों से उनकी छवि खराब हो रही है।

उन्होंने कहा कि, 90 फीसदी एथलीट और उनके अभिभावक कुश्ती महासंघ पर भरोसा करते हैं उन्होंने कहा कि जिन महिलाओं ने उनके खिलाफ शिकायत की है, वे सभी एक ही परिवार और एक ही अखाड़े से हैं।

उन्होंने बताया, ''पूरी दुनिया जानती है कि ये सभी महिलाएं महादेव कुश्ती अकादमी से हैं और (कांग्रेस नेता) दीपेंद्र सिंह हुड्डा उस अखाड़े के संरक्षक हैं।'' उन्होंने किसी विशेष घटना का उल्लेख किए बिना दावा किया कि, प्रदर्शनकारियों ने अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ बोलना शुरू कर दिया है। इसे लेकर ध्यान दिया जाना चाहिए

- **पहलवानों के प्रदर्शन में अखिलेश यादव के शामिल नहीं होने पर बृजभूषण सिंह ने कहा, मैं और अखिलेश यादव बचपन के साथी हैं, अखिलेश यादव इस मामले की पूरी सच्चाई जानते हैं।**
- **बृजभूषण शरण सिंह ने कहा, एक परिवार पूरे कुश्ती संघ पर अपना एकछत्र अधिकार जमाने के लिए यह साजिश रच रहा है।**
- **बृजभूषण शरण सिंह ने कहा, ने कहा, इस तरह से अपराधी बनकर वे कभी इस्तीफा नहीं देंगे, बल्कि कोर्ट की सुनवाई और जांच एजेंसियों की जांच का सामना करेंगे।**

क्योंकि प्रदर्शनकारी भी भारतीय रेलवे के कर्मचारी हैं।

उन्होंने कहा, ''जंतर-मंतर से आपको न्याय नही मिलता। अगर आपको न्याय चाहिए तो आपको पुलिस और अदालत जाना होगा। उन्होंने अब तक ऐसा कभी नही किया है, वे सिर्फ गाली देते रहे। अदालत जो भी फैसला करेगी हम उसे स्वीकार करेंगे।''

बृजभूषण सिंह से जब पूछा गया कि, समाजवादी पार्टी के प्रमुख और उत्तर प्रदेश में विपक्ष के नेता अखिलेश यादव दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे पहलवानों के पास क्यों नही गए, जबकि विपक्ष के कई नेता ऐसा कर रहे हैं तो उन्होंने जवाब दिया कि, अखिलेश यादव सच्चाई जानते हैं।

उन्होंने कहा, ''अखिलेश यादव सच्चाई जानते हैं। हम बचपन से एक-दूसरे को जानते हैं। उत्तर प्रदेश के 80 फीसदी पहलवान समाजवादी पार्टी की विचारधारा वाले परिवारों से हैं। वे मुझे नेताजी कहते हैं, वे कहते हैं कि उनके नेताजी कैसे हैं।''

गौरतलब है कि, कांग्रेस की प्रियंका गांधी और आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल सहित शीर्ष विपक्षी नेता एकजुटता व्यक्त करने के लिए जंतर-मंतर पर प्रदर्शनकारी पहलवानों से मुलाकात कर चुके हैं।

इसके साथ ही बृजभूषशण शरण सिंह ने ओलंपिक कांस्य पदक विजेता बजरंग पूनिया को भी जवाब दिया है। जैसा कि विदित है कि, बजरंग पूनिया ने शनिवार को पूछा था कि, आरोपी शिकायतकर्ताओं की पहचान कैसे जानते हैं और यह दावा करते हैं कि वे सभी एक ही परिवार से हैं। उन्होंने कहा, सिर्फ मैं ही नही, पूरी दुनिया जानती है।

प्रदर्शनकारी पहलवानों ने सरकार की जांच पर सवाल उठाते हुए कहा कि, एक नाबालिग शिकायतकर्ता का नाम और जांच का विवरण लीक हो गया है।

इससे पहले, बृजभूषण सिंह ने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# लापता लड़के की पिछले छः माह की गतिविधियों की जानकारी दें मैटा और गूगल : हाईकोर्ट

-यादवेंद्र शर्मा-

जयपुर, 30 अप्रेल। राजस्थान हाईकोर्ट ने 14-15 साल के लापता लड़के से जुड़ी ''हेबीयस कॉरपस पिटीशन'' पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया कि, फेसबुक की ''पेरेन्ट कंपनी'' मेटा और गूगल लापता लड़के की सोशल मीडिया तथा फोन उपयोग से जुड़ी पिछले छह माह की जानकारी पुलिस को उपलब्ध कराये ताकि बालक को ढूढ़ने और अदालत के समक्ष पेश करने में उनको सहायता मिल सके।

यह पहली बार है कि, अदालत ने जांच एजेंसियों को लापता व्यक्ति की खोज में सहायता के लिये सोशल मीडिया और मोबाइल पर ''डिजीटल फुटप्रिंट'' की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने के आदेश दिये हैं।

उक्त मामले में याचिकाकर्ता भगवंत सिंह द्वारा दायर की गई थी और उनकी ओर से अधिवक्ता महेन्द्र शांडिल्य और राजीव कुमार सोगरवाल भी अदालत में पेश हुए थे। वहीं ''यूनिक आईडेंटिफिकेश अथॉरिटी ऑफ इंडिया'' (यू.आई.डी.ए.आई.) की ओर से अधिवक्ता आनंद शर्मा पेश हुए थे।

गूगल की ओर से अधिवक्ता शाश्वत पुरोहित पेश हुए थे, वहीं मैटा की ओर से सीनीयर अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा

- **हाईकोर्ट ने 18 मार्च से लापता हुए लड़के की उसके फोलोअर्स और फोलोविंग करने वालों के फोन नम्बर की सूचना और ई-मेल आईडी जांच एजेंसियों को मुहैया कराने के आदेश दिये**
- **मैटा और गूगल की ओर से कहा गया था कि, यह जानकारी देना निजता के अधिकार के कानून का उल्लंघन करता है, परंतु इस मामले में अदालती आदेशों की पालना करते हुए वे जांच एजेंसियों की मदद करेंगे।**

और उनके सहायक अधिवक्ता विनय कोठारी, मेहुल कोठारी और अन्य सहायक अधिवक्ता भी पेश हुए थे।

इस मामले में उक्त बालक 18 मार्च को सुबह 11 बजे सिंधी कैम्प पर आखिरी बार देखा गया और उसके बाद से लापता है। इस मामले में जांच सीबीसीआईडी को पहले ही सौंपी जा चुकी है।

मामले को जानने वाले वकील ने कहा कि, लापता होने के एक माह बाद ही जांच एजेंसी और पुलिस के समक्ष बालक के ठिकाने के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है। इसलिये वह बालक के मोबाइल फोन और सोशल मीडिया की छानबीन कर सूत्रों का पता लगाना चाहती है।

सुनवाई के दौरान अदालत को बताया गया कि गूगल, इंस्टाग्राम और व्हाट्सअप से संबंधित जानकारी जांच एजेंसियों को मुहैया कराई जा चुकी है। मामले से जुड़े एक अधिवक्ता ने बताया कि, उक्त लड़के का आधार अपडेटेड नहीं था। इसलिये उसके द्वारा कोई अन्य फोन खरीदा गया हो इसकी जानकारी गूगल को नहीं मिल पाई।

वहीं मेटा की ओर से अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने अदालत को बताया कि, फेसबुक और इंस्टाग्राम से जुड़ी पुरानी जानकारी देना निजता के कानूनों के क्षेत्र पर हस्तक्षेप करती है। जिस पर अदालत ने अनुरोध किया कि, इस मामले में जांच एजेंसियों को छानबीन करने के लिये यह जानकारी अनिवार्य है। जिस पर मेटा की ओर से कहा गया कि, वो बालक के अकांउट की पिछले छह माह की जानकारी पुलिस को उपलब्ध करा देंगे।

मेटा की ओर से कहा गया कि, वह बालक के अकांउट जिसका नाम ऐश्वर्य सिंह है, पिछले छह माह से उसके फोलोअर्स और फोलोविंग करने वालों के फोन नम्बर की सूचना और ई-मेल आईडी जांच एजेंसिंयों को मुहैया करा देंगे। गूगल की ओर से भी कहा गया कि, वह बादल के अकांउट से जुड़ी पिछले छह माह की सारी जानकारी पुलिस को मुहैया करा देंगें।

न्यायाधीश पंकज भंडारी और न्यायाधीश भुवन गोयल ने जांच अधिकारियों को अपनी खोजबीन और तेजी से करने को कहा और कहा कि, अगली तारीख को उक्त बालक को अदालत के समक्ष पेश करें। अब इस मामले की अगली सुनवाई 16 मई को तय की गई है।

# कर्नाटक में प्र.मंत्री मोदी का रोड शो

मैसुरु, 30 अप्रेल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार दूसरे दिन रविवार को मैसूरु शहर में वोक्कालिगा क्षेत्र में अपनी ताकत का प्रदर्शन किया। इससे पहले मोदी ने शनिवार को बैंगलुरु शहर में रोड शो किया था।

भाजपा ने इस रोड शो के जरिये मैसूर-मांड्या-चामराजनगर क्षेत्र में

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार दूसरे दिन रविवार को मैसुरु शहर में वोक्कालिगा क्षेत्र में अपनी ताकत का प्रदर्शन किया। इससे पहले मोदी ने शनिवार को बैंगलुरु शहर में रोड शो किया था।**

पार्टी उपलब्धियों को प्रदर्शित करने का प्रयास किया। यहां से पार्टी ने 2018 के विधानसभा चुनाव में 22 में से चार सीटों पर जीत हासिल की थी। राज्य की चुनावी राजनीति में पहली बार पूर्ण बहुमत हासिल करने के लिए भाजपा के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# लुधियाना में फैक्टरी में गैस लीक होने से 11 लोगों की मौत

## लगभग एक दर्जन अन्य लोग इस हादसे के कारण फैक्टरी में बेहोश पाये गये, मृतकों में पांच लोग एक ही परिवार से हैं

लुधियाना, 30 अप्रेल। पंजाब के लुधियाना में रविवार सुबह गैस लीक होने से अफरा-तफरी मच गई। एक मिल्क फैक्टरी से गैस लीक हुई, जिसके कारण कई लोग बेहोश हो गए। 11 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जिनमें 3 बच्चे भी शामिल हैं। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि अस्पताल में भर्ती कराए गए कुछ लोगों की हालत खराब है।

मृतकों में एक ही परिवार के 5 लोग शामिल हैं। जहरीली गैस के कारण आरती क्लीनिक के डॉ. कविलाश कुमार यादव के साथ ही उनकी पत्नी वर्षा देवी, 13 वर्षीय पुत्र अभियान नारायण, 8 वर्षीय पुत्र आर्यन यादव व 20 वर्षीय पुत्री कल्पना की मौत हो गई। इनके शव जिला सरकारी अस्पताल में रखे गये हैं।

मरने वालों में अधिकतर बिहार मूल के निवासी हैं। कविलाश (37),

- **मृतकों में तीन छोटे बच्चे भी शामिल हैं।**
- **फैक्टरी में डेयरी प्रोडक्ट की प्रोसैसिंग का काम होता था। अंदेशा है कि, डेयरी प्रोसैसिंग में काम आने वाली गैस के लीक होने के कारण यह दुर्घटना हुई है।**
- **इस घटना का असर आसपास के करीब 300 मीटर के एरिये में देखा गया। 300 मीटर के दायरे में रहने वाले लोगों को गैस रिसाव के कारण सांस लेने में दिक्कत महसूस हुई।**

पत्नी वर्षा, (35), बेटी कल्पना (16) अभय (13) और आर्यन (10)। (सभी मूल रूप से बिहार के जिला गया, गांव भीमपुर मंजियावा, थाना कोंच के निवासी हैं। पिछले 30 सालों से ग्यासपुरा लुधियाना में रह रहे थे। इसके अलावा सौरव गोयल (35), पत्नी प्रीति (31), मां कमलेश गोयल (60)। (सभी निवासी ग्यासपुरा) नवनीत (39), पत्नी नीतू देवी (37) (मूल निवासी गांव शीतल बकुरहर, पुलिस स्टेशन सराय, वैशाली, बिहार) एक अज्ञात महिला (उम्र लगभग 25 साल) की भी मौत हो गई। इस गैस लीक काण्ड की खबर लगते ही पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए। घटनाक्रम लुधियाना के गयासपुर इलाके का है। घटनास्थल पर एक दर्जन से ज्यादा लोग बेहोश पाये

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'मेरे परिवार को जितनी गालियां दी गईं हैं उन पर किताबें लिखी जा सकती है'

## प्रियंका गांधी ने प्र.मंत्री मोदी को भी सार्वजनिक रूप से गांधी परिवार को गालियां नहीं देने की नसीहत दी

नयी दिल्ली, 30 अप्रैल (वार्ता)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गालियां न देने की नसीहत देते हुए कहा है कि सार्वजनिक जीवन में सबकी सुनते हुए आगे बढ़ना पड़ता है इसलिए मोदी को किसी के लिए गाली-गलोच और अपशब्दों का इस्तेमाल नही करना चाहिए।

प्रियंका वाड्रा ने कहा कि, मोदी को गाली देने की बजाय कांग्रेस नेता राहुल गांधी से सीख लेनी चाहिए जो कहते हैं कि वह देश के लिए गाली खाने को ही नही बल्कि गोली खाने को भी तैयार हैं।

उन्होंने कहा,मैंने पहला ऐसा प्रधानमंत्री देखा है जिनको आपके दुख से कोई मतलब नही है, आपके सामने आकर अपना रोना रोते हैं। उनके दफ़्तर ने एक लिस्ट बनायी है। नही, आपकी समस्याओं की नही बल्कि तथाकथित गालीयों की एक लिस्ट बनायी है।

कांग्रेस महासचिव ने आगे कहा,अरे उनकी लिस्ट तो एक पन्ने में फिट आ गई अगर मेरे परिवार को इन लोगों ने क्या क्या अपशब्द कहें हैं बताने पर आ जाऊँ तो किताबों पर किताबें छपवानी पड़ जायेंगी। हिम्मत कीजिए मोदी जी, मेरे भाई से सीखिए. मेरा भाई कहता है गाली ही नही मैं इस देश के लिए गोली खाने को भी तैयार हूँ। सार्वजनिक जीवन में बातें सुननी पड़ती हैं और आगे बढ़ना पड़ता है मोदी जी।

प्रियंका गांधी ने कहा, कम से कम वो (91 गालियां) एक पन्ने पर तो आ सकती है, अगर आप उनके द्वारा मेरे

- **प्रियंका वाड्रा ने कहा कि, अन्य नेताओं को प्र.मंत्री मोदी को गाली देने की बजाय कांग्रेस नेता राहुल गांधी से सीख लेनी चाहिए जो कहते हैं कि, वे देश के लिए गाली खाने को ही नहीं बल्कि गोली खाने को भी तैयार हैं।**
- **उन्होंने कहा, मैंने पहला ऐसा प्रधानमंत्री देखा है जिनको आपके दुख से कोई मतलब नहीं है, आपके सामने आकर अपना रोना रोते हैं। उनके दफ्तर ने एक लिस्ट बनायी है। नहीं, आपकी समस्याओं की नहीं, बल्कि तथाकथित गालियों की एक लिस्ट बनी हुई है।**

परिवार को दी गई गालियों को देखें और अगर हम एक सूची बनाना शुरू करें, तो हम इसके बारे में किताबें प्रकाशित करेंगे ... मेरा भाई कहता है कि वह सच के लिए खड़ा होगा, चाहे गाली दो, गोली मारो या चाकू से वार करो।

उन्होंने कहा, साहस होना चाहिए और आगे बढ़ना चाहिए। अब जब मैं आपसे बात कर रही हूं, तो मैं आपको बता दूं, अगर आप एक और चीज सीखते हैं तो यह अच्छा होगा: लोगों की आवाज सुनें।

प्रियंक गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी के इस बयान पर प्रतिक्रिया दे रही थीं कि, कांग्रेस पार्टी ने पहले भी 91 बार उन्हें तरह-तरह की गालियां दी हैं। श्री मोदी ने अखिल भारतीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के 'जहरीले सांप' वाले बयान पर प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने इशारा किया कि पीएमओ के एक व्यक्ति ने पीएम मोदी को गालियां देने की एक सूची तैयार की है, लेकिन कर्नाटक के लोगों की समस्याओं पर नहीं।

गौरतलब है कि, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि, कांग्रेस नेताओं ने उन्हें अब तक 91 गांलियां दी हैं। गौरतलब है कि, प्र.मंत्री मोदी ने खुद को दी गईं गालियों की लिस्ट बताते हुये संभवत: एक प्रकार से महाभारत के शिशुपाल वध की कथा याद दिलाने का प्रयास किया था।

गौरतलब है कि, महाभारत में शिशुपाल वध एक प्रसिद्ध प्रसंग है। भगवान श्रीकृष्ण अपने वचन से बंधे हुये थे कि वे शिशुपाल की 100 गालियां बर्दाश्त करेंगे। इस प्रकरण में शिशुपाल द्वारा जैसे ही 100 गालियां पूरी हुईं। भगवान श्रीकृष्ण ने तुरंत अपने सुदर्शन चक्र को शिशुपाल का मस्तक धड़ से अलग करने का आदेश दिया था।

# कश्मीर में कार खाई में गिरी, 3 की मौत

जम्मू 30 अप्रैल (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में एक कार के दुर्घटनाग्रस्त होकर गहरी खाई में गिर जाने से तीन लोगों की मौत हो गयी है।

पुलिस ने रविवार को बताया कि शनिवार शाम को एक कार के 300

- **कश्मीर के रियासी इलाके में एक कार अनियंत्रित होकर 300 फीट गहरी खाई में गिर गई।**

फीट गहरी खाई में गिरने की सूचना मिली थी। कार रियासी से देवीगढ़ जा रही थी। कार में सवार तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। मृतकों की पहचान टोटे निवासी मोहन चंद (32) नसीब सिंह (65) और करनाल सिंह (47) के रुप में हुई।

# उत्तराखण्ड हाई कोर्ट दूसरे शहर में शिफ्ट होगा

नैनीताल 30 अप्रैल (वार्ता)। सरोवर नगरी नैनीताल स्थित उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय के स्थानांतरण का रास्ता एकदम साफ हो गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को इसके स्पष्ट संकेत दिये और

- **मु.मंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा, केन्द्र सरकार ने इसके लिए फंड स्वीकृत कर दिया है, हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि, नैनीताल से हटने के बाद नया हाई कोर्ट कौनसे शहर में बनेगा।**

कहा कि उच्च न्यायालय के स्थानांतरण के लिये केन्द्र सरकार से धन (फंड) की व्यवस्था भी हो गयी है।

धामी रविवार को प्रधानमंत्री की 'मन की बात' कार्यक्रम के 100वें एपीसोड में भाग लेने के लिये सरोवर नगरी पधारे थे।

## विचार बिन्दु

**महापुरुष वे ही होते हैं जो विभिन्न परिस्थितियों के रंगों में रंगे जाने के बाद भी अपने व्यक्तित्व की पहचान को खोने नहीं देते। –मुक्ता**

# बात सरकारी धन के अपव्यय की: एक विकल्प यह भी हो सकता है!

दिल्ली के मुख्य मंत्री के सरकारी आवास के सौंदर्यीकरण पर पैंतालीस करोड़ रुपये के खर्च का मुद्दा इन दिनों बहुत चर्चा में है। जहां उनके विरोधी इतनी बड़ी धनराशि के (अप) व्यय पर सवाल उठाते हुए उनकी आलोचना कर रहे हैं, वहीं मुख्य मंत्री जी के समर्थक यह कह कर सफाई दे रहे हैं कि 1942 में बना वह भवन जर्जर अवस्था में था, तीन बार उसकी छतें गिर चुकी थीं, अतः सुरक्षा की दृष्टि से उस पर इतना खर्चा करना ज़रूरी था। वे कहते हैं कि यह सौंदर्यीकरण न होकर नवीनीकरण है! अपनी बात को और वज़नदार बनाने के लिए वे अन्य राजनेताओं, जो ज़ाहिर है कि उनके दल से भिन्न दलों के ही हैं, द्वारा उनके निवास स्थानों पर हुए खर्च का ब्यौरा भी दे रहे हैं और गर्व से यह बता रहे हैं कि उनकी तुलना में हमारे नेता के सरकारी आवास पर तो कम ही खर्च हुआ है।

इन्हीं दिनों मीडिया पर दिल्ली के इन्हीं मुख्य मंत्री जी का एक पुराना वक्तव्य भी खूब देखा-सुना जा रहा है जिसमें वे कह रहे हैं कि मुझे चार पांच कमरों से ज़्यादा की ज़रूरत नहीं होगी।

इसी वक्तव्य में वे यह भी कह रहे हैं कि उनके मुख्य मंत्री बन जाने के बाद दिल्ली में लाल बत्ती की व्यवस्था किसी के लिए भी नहीं रहेगी। प्रकारांतर से वे सादगी पूर्ण जीवन शैली और वीआईपी संस्कृति के समूल उन्मूलन की बात कर रहे हैं। इस वीडियो के साथ आज के यथार्थ को देखकर स्वाभाविक ही है कि हम सबके होंठों पर एक व्यंग्यात्मक मुस्कान आ रही है।

हमारे देश में सादा जीवन उच्च विचार को एक आदर्श जीवन मूल्य माना जाता रहा है। जो लोग खानदानी रूप से वैभवशाली थे उन्होंने भी जनता में आने के बाद अपना वैभव त्याग कर सादा जीवन शैली को अपनाया। इस बात के अनगिनत उदाहरण याद किए जा सकते हैं। लेकिन इस बात की भी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि हाल के बरसों में सादा जीवन वाली बात कहने भर को रह गई है। हरेक, लगभग हरेक ही, अपनी क्षमता का अतिक्रमण करते हुए चमक-दमक भरा जीवन जीने को लालायित नज़र आता है। यह सही है कि वैयक्तिक रूप से और अपने खर्चे पर कोई कैसी ज़िंदगी जीता है यह उसका निजी मामला है और हमें उस पर कोई टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। दिल्ली के मुख्य मंत्री के बंगले पर हुए पैंतालीस करोड़ के खर्च के बहाने हम सार्वजनिक धन के इस तरह उपयोग पर सवाल उठा रहे हैं और ऐसा करने का हमारा पूरा हक़ है क्योंकि यह पैसा अंततः हमारी गाढ़ी कमाई का है।

इस तरह की चर्चाएं अन्य राजनीतिज्ञों और अफसरों को लेकर भी आए दिन होती रहती हैं।

त्रिपुरा के माणिक सरकार (सीपीएम) जैसे एकाध अपवाद को छोड़ दें तो पाएंगे कि जो भी सत्ता में आता है वह उसके रंग में रंग जाता है। चुने जाने से पहले भले ही वह सादगी भरी जीवन शैली के कितने ही दावे क्यों न करे, आप पाते हैं कि कुर्सी उन सारे दावों को तार-तार कर देने में बहुत समय नहीं लगाती है। इस मामले में कोई राजनीतिक दल और कोई नेता दूसरों से अलग नहीं है। जो लोग अपनी ग़रीबी का बखान करके सत्ता में आते हैं वे भी कुछ ही बरसों बाद सर से पांव तक वैभव में लिपटे नज़र आते हैं। मज़े की बात यह कि इसके बाद भी उन्हें अपनी ईमानदारी का ढोल पीटने में कोई संकोच नहीं होता, जबकि उनकी जीवन शैली का उनकी आय के ज्ञात स्त्रोतों से कोई ताल मेल नहीं बैठता है।

इधर एक बड़ी गड़बड़ यह भी हुई है कि भारतीय जन मानस बुरी तरह हमारे-तुम्हारे में बंट गया है। हम सबकी आंखों पर ऐसे रंगीन चश्मे चढ़ गए हैं जो जिनसे ख़ुद का कुछ भी नज़र नहीं आता, दूसरों का सब कुछ नज़र आता है। जो लोग दिल्ली के मुख्य मंत्री के सरकारी आवास पर हो रहे इस बड़े खर्च को लेकर बयानबाज़ी कर रहे हैं वे ही लोग कभी दिल्ली सरकार के सरकारी विज्ञापनों पर होने वाले खर्चों पर भी खूब टिप्पणियां करते थे। यह अच्छी बात है कि आप ग़लत को ग़लत कहें। लेकिन यह बात और अच्छी होती, अगर आप अपने ग़लत पर भी एक नज़र डालते। अपने ग़लत की बात होती है तो जैसे मुंह में दही जम जाता है। दुर्भाग्य से यह चरित्र पहले नेताओं का था, अब आम जन का भी होने लगा है। हमारी सारी टिप्पणियां इस आधार पर निर्मित होती है कि हम जिसके बारे में बात कर रहे हैं वह अपना है या पराया है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

> **यह एक दुखद सत्य है कि अब न हमारे नेता सादगी की बात करते हैं और न हम उनसे सादगी की अपेक्षा रखते हैं। इस बात को हमने बहुत सहज रूप से स्वीकार कर लिया है कि अगर वे बड़े हैं तो उनकी जीवन शैली भी बड़ी ही होगी। यह सवाल कभी हमारे मन में आता ही नहीं है कि इसका बोझ किसे ढोना पड़ रहा है।**

एक और बात। और मैं प्रार्थना करूंगा कि इस बात को सही परिप्रेक्ष्य में लिया जाए। और ज़्यादा स्पष्ट शब्दों में कहूं तो यह कि मैं दिल्ली के मुख्यमंत्री के इस खर्च को किसी भी तरह उचित नहीं ठहरा रहा हूं। लेकिन मैं कहना यह चाहता हूं कि अब सादगी की बात केवल बात रह गई है। हम अपने मुख्य मंत्री, मंत्री गण, नेताओं, जन प्रतिनिधियों, अफ़सरों आदि से सादगी की उम्मीद करते हैं लेकिन क्या हमारे अपने जीवन में कहीं सादगी बची है? क्या हम अपनी हैसियत से बाहर जाकर वैभव पूर्ण जीवन जीने का हर मुमकिन प्रयास नहीं करते हैं? यह तर्क न दें कि यह हमारा निजी मामला है। निजी एक तो इसलिए नहीं रह जाता है कि जब हम अपने आर्थिक स्त्रोतों से बाहर जाकर ऐसा करने का प्रयास करते हैं तो हम भ्रष्टाचार का सहारा लेते हैं, और तब वह हमारा निजी मामला नहीं रह जाता है। दूसरी बात यह कि इस तरह जो तड़क-भड़क और चमक दमक तथा वैभव के अश्लील और भोण्डे प्रदर्शन वाला समाज बनता जा रहा है, हमारे जन प्रतिनिधि और अफसर उस समाज से अलग कैसे हो सकते हैं? आखिर वे भी तो इसी समाज के अंग हैं। इसी समाज में सांस लेते हैं और इसी समाज से अपना खाद पानी ग्रहण करते हैं। कहने को तो यह भी कहा जा सकता है कि प्रजा तो राजा का अनुकरण करती है, अतः राजा को सादगी भरी जीवन शैली अपनानी चाहिए ताकि जनता भी वैसी ही जीवन शैली अपनाए। लेकिन यह बात कहने में जितनी आसान है, व्यवहार में उतनी नहीं है। सादगी के नाम पर हमारे पास साल का केवल एक दिन बचा है, दो अक्टोबर का, जब हम महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को याद करते हुए उनकी सादगी की कहानियां सुना कर अपने अपराध बोध को कम करने का थोड़ा-सा प्रयास करते हैं। वह प्रयास भी अब क्षीण होता जा रहा है। अब ऐसे नेताओं को याद करने का समय बीत चला है। अब तो हमारे चारों तरफ वे नेता हैं जो लाखों-करोड़ों बल्कि अरबों खर्च करके पीआर एजेंसियों की मदद से अपनी छवियां निर्मित करवाते और हम पर थोपते हैं। जब वे आने छवि निर्माण पर इतना खर्च करते हैं तो उनसे किस सादगी की उम्मीद की जाए?

यह एक दुखद सत्य है कि अब न हमारे नेता सादगी की बात करते हैं और न हम उनसे सादगी की अपेक्षा रखते हैं। इस बात को हमने बहुत सहज रूप से स्वीकार कर लिया है कि अगर वे बड़े हैं तो उनकी जीवन शैली भी बड़ी ही होगी। यह सवाल कभी हमारे मन में आता ही नहीं है कि इस बड़ी जीवन शैली का बोझ किसे ढोना पड रहा है। हुई होगी किसी ज़माने में कोई सरोजिनी नायडू जिसमें राष्ट्रपिता की सादगी पर उंगली उठाने की हिम्मत थी, आज कोई ऐसा करके तो देखे! आज सत्ता बहुत ताकतवर हो गई है। उसके पास हमारी आवाज़ को कुचलने के अनगिनत औज़ार हैं और उनका इस्तेमाल करने में उसे किसी तरह की कोई हिचकिचाहट भी नहीं है। यह हम आए दिन देखते हैं, और देखकर सबक भी लेते हैं कि अपनी जान की सलामती इसी में है कि चुप रहा जाए! दिल्ली अभी इतनी ताकतवर नहीं है इसलिए उस पर बात हो भी रही है। लेकिन वह भी इतनी तो बदली ही है कि जिसे कल तक अनुचित कहती थी आज उसी को करने में उसकी हिचकिचाहट ख़त्म हो चुकी है।


तो क्या हमें किसी भी सरकारी फिज़ूलखर्ची पर उंगली नहीं उठानी चाहिए? इस सवाल का एक जवाब तो यह है कि अगर आप अपनी उंगली की सलामती चाहते हैं तो उसे ज़हमत ही मत दीजिए। दूसरा यह कि आप उंगली उठाते रहिये, उसकी परवाह किसी को नहीं है। इन दोनों बातों से हटकर मैं एक बात और सोचता हूं। क्या यह सम्भव है कि जो हमारी सेवा कर रहे हैं–

मसलन जन प्रतिनिधि, नेता, अफ़सर वगैरह उन्हें एकमुश्त राशि वेतन के रूप में दे दी जाए और कहा जाए कि अपने सारे खर्चे वे ख़ुद वहन करें। मान लीजिए एक मुख्य मंत्री है। उसे बहुत बढ़िया वेतन दे दिया जाए। फिर वह जैसे चाहे वैसे बंगले में रहे, जितनी यात्रा करना चाहे और जैसी करना चाहे करे। उसकी सुरक्षा वगैरह की ज़रूरी व्यवस्था सार्वजनिक धन से हो, शेष सब उसके अपने स्तर पर हो। और यह भी हो कि चाहे कोई कितने ही बड़े पद पर हो उसके आधिकारिक और निजी कामों के बीच भेद किया जाए। आखिर क्यों कोई राजनेता हमारे खर्चे पर अपनी पार्टी का चुनाव प्रचार करे, यहां से वहां जाए, तीर्थाटन करे, भ्रमण करे, मौज मस्ती करे, सामाजिक रिश्तों का निर्वाह करे? उसे इनमें से कुछ भी करना है तो बाकायदा छुट्टी ले और अपने खर्चे पर करे! हमारे खर्चे पर वह केवल हमारा अर्थात जनता का काम करे!

क्या यह सम्भव लगता है? अगर नहीं तो क्यों नहीं?

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# मरू प्रदेश के लिए वरदान बनेगी पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना



**प्रकाश चंद्र शर्मा**

जल है तो कल है– ये ऐसी कहावत है जो पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व के भविष्य को तय करेगी। पुरातत्व विज्ञानियों द्वारा खोजी गई लुप्त सभ्यताओं जैसे सिंधु घाटी सभ्यता (सिंधु नदी), आहड़ सभ्यता (बेड़च/बनास नदी) का विकास भी नदियों के किनारे ही हुआ। वर्तमान समय में भी जहां जहां पानी की विरलता है वहां वहां मनुष्य की आबादी भी विरल ही है और जहां जहां पानी की प्रचुरता है वहां वहां मानवीय बस्तियों की भी सघनता मिलती है। विकसित देशों की सरकारों ने अरबों खरबों डॉलर खर्च कर चंद्रमा और मंगल ग्रह पर मिशन भेजे हैं जिनका मुख्य उद्देश्य मंगल ग्रह और चंद्रमा पर जल की खोज करना है क्योंकि इन सब के मूल में है–जल ही जीवन है। देश के किसी भी कोने में जल पर चर्चा हो तो राजस्थान राज्य का नाम चिंता की लकीरों के रूप में लोगों के चेहरों पर परिलक्षित होता है।

**मरू गंगा ने बदली मरू प्रदेश की तस्वीर :** राजस्थान का लगभग 60 प्रतिशत भूभाग थार के मरुस्थल से घिरा हुआ है । मरुस्थल का मतलब ही जल की न्यूनतम उपलब्धता से है। लेकिन तत्कालीन सरकारों के लोक कल्याण की भावना और दृढ़ निश्चय से राजस्थान के उत्तर पश्चिम क्षेत्र मरू प्रदेश में 649 किलोमीटर लंबी इंदिरा गांधी नहर राजस्थान नहर के द्वारा चमत्कारिक बदलाव हुए हैं। रेत के समुद्र और बालू के टीलों पर अब हरी-भरी फसलें लहलहाने लगी हैं। यही कारण है कि इस नहर को मरू गंगा के नाम से भी ख्याति मिली है। वहीं दूसरी तरफ पूर्वी राजस्थान जो राज्य का मैदानी भूभाग है पिछले कुछ वर्षों से या तो सूखाग्रस्त रहा है या अतिवृष्टि की मार झेल रहा है । साल दर साल वर्षा जल की न्यूनता से पूर्वी राजस्थान के कुछ जिले सूखे की समस्या का सामना कर रहे हैं तो उसी समय में राज्य के हाड़ौती क्षेत्र में हुई अत्यधिक बरसात से पूर्वी राजस्थान के सवाईमाधोपुर, करौली और धौलपुर जिलों में बाढ़ के हालात पैदा हुए हैं। पूर्वी राजस्थान के कुछ जिलों में सूखा पड़ने और कुछ जिलों में बाढ़ आने से कृषि व उस पर आधारित उद्योग धंधे चौपट होते जा रहे हैं। इससे इन जिलों के निवासियों को जीविकोपार्जन हेतु पलायन करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। इस विषम और उबड़ खाबड़ खेत को जिस मैज से समतल किया जा सकता है उसका नाम है 'पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना' (ई. आर.सी.पी.)।

पूर्वी राजस्थान में मुख्य रूप से तीन नदियों के बेसिन स्थित हैं– बाणगंगा बेसिन, बनास बेसिन और चंबल बेसिन। बाणगंगा नदी वर्तमान में मानवीय अतिक्रमण से सूखे नाले में तब्दील हो गई है जिससे जयपुर, दौसा और भरतपुर जिलों में पेयजल और कृषि जल की समस्या विकराल रूप ले रही है। इन जिलों का बड़ा भूभाग उपजाऊ भूमि से बंजर भूमि में बदलता जा रहा है। बनास नदी राजसमंद जिले के खमनोर की पहाड़ियों से निकलकर चित्तौड़, भीलवाड़ा, टोंक, जिलों में होती हुई सवाईमाधोपुर में आकर चंबल नदी में मिलती है। इस नदी के जल से टोंक, जयपुर और अजमेर जिले की जल जरूरतों को पूरा किया जा रहा है।

चंबल नदी मध्यप्रदेश के महू जिले में जनापाव पहाड़ी से निकलती है। चंबल नदी की कुल लंबाई 965 किलोमीटर है। चंबल नदी 370 किलोमीटर लंबाई में राजस्थान में बहती हुई राजस्थान और मध्यप्रदेश राज्य की सीमा बनाती है। चंबल नदी पर मध्य प्रदेश में गांधी सागर बांध, राजस्थान में जवाहर सागर (बोराबास,कोटा), राणा प्रताप सागर (चितौड़), और कोटा बैराज (कोटा) बांध बने हुए हैं। कोटा बैराज से निकलने के बाद कोटा जिले के नोनेरा गांव में कालीसिंध नदी चंबल नदी में मिल जाती है। सवाई माधोपुर और कोटा जिले की सीमा पर पाली गांव के समीप पार्वती नदी चंबल नदी में आकर मिलती है। इसके बाद बनास और मेज नदी भी सवाईमाधोपुर जिले की खंडार तहसील के समीप चंबल नदी में आकर मिलती हैं। बरसात के दिनों में चंबल की इन सहायक नदियों द्वारा लाया गया जल और चंबल नदी पर चित्तौड़, कोटा जिलों में बने बांधो से जल निकासी के कारण नदी में जलभराव बढ़ जाता है जिससे कोटा, बूंदी, सवाईमाधोपुर, करौली और धौलपुर जिले बाढ़ की चपेट में आ जाते हैं और अतिवृष्टि का अधिशेष जल जान और माल की हानि करता हुआ राज्य से व्यर्थ बह कर चला जाता है। इसी समय में अलवर, दौसा, करौली-सवाई माधोपुर जिलों का उत्तरी भाग और भरतपुर जिले कम वर्षा के कारण सूखे की मार झेल रहे होते हैं। चंबल नदी के इस व्यर्थ बहे अधिषेश जल का विवेकपूर्ण उपयोग कर पूर्वी राजस्थान के जिलों में पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना द्वारा सिंचाई और पेयजल की किल्लत को दूर किया जा सकता है साथ ही अधिशेष जल के समुचित उपयोग से कोटा, बूंदी, करौली, धौलपुर जिलों को बाढ़ के खतरों से राहत देकर जन और धन हानि होने से बचाया जा सकता है।

इ.आर.सी.पी. से राजस्थान के 13 जिलों में पीने का पानी और 26 विभिन्न बड़ी एवं मध्यम परियोजनाओं के माध्यम से आठ लाख हेक्टेयर भूमि की सिंचाई हेतु जल उपलब्ध कराया जा सकेगा। इस परियोजना के माध्यम से दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गलियारे को भी पानी की आपूर्ति की जाएगी व साथ ही इस क्षेत्र में बाढ़ एवं सूखे की स्थिति का समाधान भी किया जा सकेगा।

राजस्थान क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य है इसका भौगोलिक क्षेत्रफल 52 लाख हेक्टेयर है। यह पूरे देश के क्षेत्रफल का 10.4 प्रतिशत है। किंतु राज्य में भारत के कुल सतही जल का मात्र 1.16 प्रतिशत जल व भूजल का 1.72 प्रतिशत जल ही उपयोग के लिए उपलब्ध है। राजस्थान के सभी जल निकायों से मात्र चंबल नदी के बेसिन में ही अधिशेष जल उपलब्ध रहता है। किंतु राज्य इस जल का सीधे उपयोग नहीं कर सकता क्योंकि कोटा बैराज के आसपास का क्षेत्र मगरमच्छ अभ्यारण के रूप में घोषित है।

ई आर सी पी से राज्य के लगभग 60 प्रतिशत क्षेत्रफल को सिंचाई व 20 प्रतिशत आबादी को पीने के पानी की आपूर्ति हो सकेगी। चंबल का पानी आएगा और उनकी प्यास बुझाएगा की सोच रखने वाली पूर्वी राजस्थान की जनता को पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना वरदान साबित होगी। पूर्वी राजस्थान की खुशहाली के लिए राज्य और केंद्र सरकार के बीच चल रही जल राजनीति को विराम देकर राज्य की प्यासी जनता और सूखी जमीन को अभिशप्त होने से बचाना होगा। साथ ही यह भी आवश्यक है कि नदी जल के उपयोग से नदी के पारिस्थितिकी तंत्र के विघटन को रोकने के उपाय करने होंगे। जल संरक्षण और मानव-जल संबंधों को सहभागी बनाकर जलाशयों, नदियों एवं मानव सभ्यता को सूखने से बचाया जा सकेगा। क्योंकि यह अटल सत्य है– पानी खत्म तो सब खत्म।

रहीम दास जी ने भी कहा है–

**''रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून।**
**पानी गए न ऊबरे, मोती-मानुष- चून''।**

**–प्रकाश चंद्र शर्मा,**
**स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक**

# सालेड़ा से लक्ष्मीपुरा जाने वाली सड़क बनने के पांच दिन बाद ही टूटने लगी

- **ग्रामीणों ने जताया विरोध, बोले बरसात तक भी नहीं टिकेगी सड़क**
- **सार्वजनिक लोक निर्माण विभाग ने करोड़ों की लागत से सड़क का निर्माण कराया था**
- **ग्रामीणों ने शिकायत की है कि सड़क बनने की पांच दिन बाद ही टूटने लगी है तो कुछ जगह पर धंस चुकी है दरारें होने लगी है**



**सालेड़ा से लक्ष्मीपुरा गांव जाने वाली बनी हुई सड़क कई जगह पर किनारों के पास से धंस गई है।**

**कानोड़,** (निसं)। उदयपुर जिले के भींडर ब्लॉक में सार्वजनिक लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई जा रही सड़के टूटने की लगातार शिकायतें मिल रही है , लेकिन विभाग अधिकारी की उदासीनता के चलते संबंधित ठेकेदारों के खिलाफ कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई जा रही जिससे उनके हौसले बुलंद है। ऐसी ही एक सड़क का निर्माण बीते कुछ दिनों पूर्व सार्वजनिक लोक निर्माण विभाग ने भींडर ब्लॉक के सालेड़ा से लक्ष्मीपुरा गांव जाने वाली करोड़ों की सड़क का किया गया। ग्रामीणों ने शिकायत की है कि सड़क बनने की पांच दिन बाद ही टूटने लगी है तो कुछ जगह पर धस चुकी है सड़क पर दरारें होने लगी है। मामला उठने के बाद विभाग के अधिकारी भी इस सड़क को निर्माणाधीन बता रहे हैं, ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार ने सड़क को पूर्ण बताकर निर्माण के संसाधन भी मौके से हटा दिए हैं।

स्थानीय युवा अशोक जोशी, प्रकाश जोशी, अनिल वैष्णव, रोहित जणवा, अशोक जणवा, राजू जणवा, दुर्गेश जणवा, मुकेश सालवी ने बताया कि सड़क में गुणवत्ता युक्त सामग्री का इस्तेमाल विभाग में नहीं किया ऐसे में यह सड़क बरसात से पहले टूट जाएगी जिससे ग्रामीणों को फिर से उसी हालत में रहने को मजबूर होना पड़ेगा और विभाग इस सड़क पर पेचवर्क शुरू कर देगा। युवाओं ने बताया कि भींडर से डूंगला को जोड़ने वाली इस निर्माण की लंबे समय से मांग की जा रही थी। बताया कि सड़क निर्माण में विभाग ने करीब 1 करोड़ 10 लाख रुपए खर्च किए हैं।

नई सड़क पर पैच वर्क करना सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल के साथ ही विभाग व संबंधित ठेकेदार की मिलीभगत के आरोप लग रहे हैं। इसी तरह बीते कुछ समय पहले निकट ग्राम पंचायत अकोला क्षेत्र में करोड़ों की लागत से बनी सड़कें भी समयावधि से पूर्व ही बदहाल हो गई लेकिन शिकायत के बावजूद भी विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने ठेकेदार के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की। आज भी हालात जस के तस बने हैं। ग्राम पंचायत पीथलपुरा में बनी सड़क भी समय अवधि से पहले टूट गई और कई जगह पर पैच वर्क शुरू हो चुका है। विभाग द्वारा भींडर ब्लॉक में बनाई गई अधिकतर डामर सड़कों की हालत दयनीय हो चले हैं। और जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों का भी इस ओर कोई ध्यान नहीं है।

सड़क के दोनों छोर पर कई जगह पर ठेकेदार ने फुटपाथ की जगह नहीं बनाई है ऐसे में सड़क के नीचे उतरते ही वाहन चालक खाई में गिरने का खतरा बना हुआ है , तो वही ठेकेदार सड़क के साइड में खाई बना कर वहीं से कच्ची मिट्टी लेकर साइडे भर रहा है, जिससे भी पशुओं के गिरने व किसी हादसे का खतरा बना हुआ है। जबकि विभाग को सड़क की साइडे भरने के लिए अनंत्र से कंक्रीट वाली मिट्टी लानी थी, लेकिन ठेकेदार पैसे बचाने के चक्कर में ऐसा कर रहा है जिस पर विभाग अधिकारियों का कोई ध्यान नहीं है। बरसात के दिनों में सड़क धंसने का खतरा खतरा भी बना हुआ है वहीं वाहन चालक को सड़क में साइड लेने के लिए नीचे उतरना पड़ेगा। ऐसे में कच्ची मिट्टी से भरी जा रही साइडे परेशानी बनेगी जिसका खामियाजा सड़क से गुजरने वाले आम लोगों को भुगतना पड़ेगा ।

राजकुमार मीणा, सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी विभाग भींडर ने बताया कि सड़क का काम चल रहा है, कच्ची मिट्टी से साइडे भरी जा रही है तो गलत है, मैं छुट्टी पर हूं आने के बाद दिखवाता हूं।


# तेंदुआ के शिकार के मामले में ए.टी.एस. और एस.ओ.जी. से जांच की मांग

- **शिकार में विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत का लगाया आरोप**
- **तेंदुआ के शिकारियों के तार अंतर्राष्ट्रीय वन्यजीव तस्करों से जुड़े होने की आशंका जताई**

**भीलवाड़ा,** (निसं)। वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो के पूर्व विशेष अधिकारी एवं पीपल फॉर एनिमल्स के प्रदेश प्रभारी बाबूलाल जाजू ने मेवाड़ के जंगलों में शिकारियों के समूह द्वारा 40 से अधिक तेंदुए का शिकार कर उनकी खाले बेचने के मामले में एटीएस और एसओजी के अधिकारियों से जांच कराने की मांग की है। जाजू ने आशंका जाहिर की है कि तेंदुआ के शिकारियों के तार निश्चित रूप से अंतर्राष्ट्रीय वन्यजीव तस्करों से जुड़े हुए हैं।

जाजू ने कहा कि विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत के बिना तेंदुए का शिकार संभव नहीं है, यदि मामले की गंभीरता से जांच कराई जाती है तो निश्चित रूप से और भी तस्करी के मामले सामने आएंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री गहलोत से एटीएस और एसओजी को मामले की जांच हेतु नियुक्त करने की मांग करते हुए घटना के दौरान पदस्थापित संबंधित वन अधिकारी के निलंबन की मांग की। जाजू ने कहा कि स्थानीय वन्यजीव विभाग के लोग हाथ पर हाथ धरे देखते रहे और शिकारी एक के बाद एक शिकार की घटना को अंजाम देते रहे यह बड़ा शर्मनाक है। तेंदुए के शिकारियों को एटीएस और एसओजी ने पकड़ा है तो जांच भी इन्हें से कराई जानी चाहिए क्योंकि वन विभाग के अधिकारियों से जांच करवाने से मिलीभगत की संभावना है। पूर्व में भी पैंथर के नाखून पकड़े गए थे जिसे भी वाइल्डलाइफ क्राईम कंट्रोल ब्यूरो के कार्मिकों ने पकड़ा था। उल्लेखनीय है कि आए दिन वन्यजीवों के शरीर के अंगों नाखून खाल इत्यादि बेचने की घटनाएं सामने आ रही है बावजूद उसके वन विभाग द्वारा शिकारियों के विरुद्ध कोई ठोस कदम नहीं उठाना मिलीभगत दर्शाता है।

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

**सोमवार 1 मई, 2023**

वैशाख मास, शुक्ल पक्ष, एकादशी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2080, पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र दिन 5:51 तक, ध्रुव योग दिन 11:43 तक, वणिज करण प्रातः 9:23 तक, चन्द्रमा रात्रि 12:21 से कन्या राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मेष, चन्द्रमा-सिंह, मंगल-मिथुन, बुध-मेष, गुरू-मेष, शुक्र-वृष, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

रवियोग सांय 5:51 पर समाप्त होगा। दुग्ध योग सूर्योदय से रात्रि 10:10 तक है। आज मोहिनी एकादशी, लक्ष्मी नारायण एकादशी, श्री हितहरिवं महाप्रभु जयन्ती है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 7:31 तक, शुभ 9:09 से 10:47 तक, चर 2:03 से 3:40 तक, लाभ-अमृत 3:40 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:00 से 8:30 तक। सूर्योदय 5:52, सूर्यास्त 6:55

### मेष
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में सोच-विचार हो सकता है। व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

### वृष
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें।

### मिथुन
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

### कर्क
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी।

### सिंह
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेंगी। शुभ कार्यों के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

### कन्या
आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। धन हानि हो सकती है। अनावश्यक धन खर्च होगा। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

### तुला
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्यों में प्रगति होगी। नवीन कार्यों में सफलता से मनोबल बढ़ेगा।

### वृश्चिक
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

### धनु
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है।

### मकर
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। नवीन कार्यों टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

### कुंभ
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

### मीन
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है।

# 'पूरी कैबिनेट का दिल निकालकर दे देता हूं, फिर भी कहोगे कि मजा नहीं आ रहा'

## मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास के मुख्यमंत्री को लेकर विवादित बोल

■ एक निजी कार्यक्रम में बोलते हुए आगे कहा कि ऐसे लोगों को ऊपरवाला दो देगा कान के नीचे और कहेगा कि साइड में जाकर इसे मुर्गा बना। उस बेचारे ने जान निकाल कर दे दी, तेरे अब भी फर्क नहीं पड़ रहा है। यह तो नकटाई कर रहा है।

■ खाचरियावास ने कहा कि मैं तो जनता से भी कहता हूं कि अगर कांग्रेस काम नहीं कर रही, तो उसे रिजेक्ट कर दो। इसी तरह अगर बीजेपी काम नहीं कर रही, तो उसे रिजेक्ट कर दो। कोई तीसरा या चौथा अच्छा उम्मीदवार है। उन्हें लेकर आ जाओ क्योंकि डेमोक्रेसी तभी सक्सेसफुल होगी। जब पार्टी के आधार पर नहीं, बल्कि काम और व्यक्ति के आधार पर जनता वोट देगी

**जयपुर**, (का.प्र.)। राजस्थान के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को लेकर विवादित बयान देते हुए कहा कि मैंने अभी गहलोत साहब को कहा, अब तो बस जान बाकी रही है। सबकी एक साथ निकालकर आपको दे दूं। एक साथ पूरी कैबिनेट का दिल निकाल आपको दे देता हूं। फिर भी आप कहोगे कि मजा नहीं आ रहा। इंसान मर जाए फिर भी मजा ना आए। इसका तो अब मैं भी क्या कर सकता हूं। इसका कोई इलाज नहीं है।

जयपुर में एक निजी कार्यक्रम में बोलते हुए मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने आगे चलकर कहा कि ऐसे लोगों को ऊपरवाला दो देगा कान के नीचे और कहेगा कि साइड में जाकर इसे मुर्गा बना। उस बेचारे ने जान निकाल कर दे दी। तेरे अब भी फर्क नहीं पड़ रहा है। यह तो नकटाई कर रहा है। खचरियावास ने कहा कि मैं तो जनता से भी कहता हूं कि अगर कांग्रेस काम नहीं कर रही, तो उसे रिजेक्ट कर दो। इसी तरह अगर बीजेपी काम नहीं कर रही, तो उसे रिजेक्ट कर दो। कोई तीसरा या चौथा अच्छा उम्मीदवार है। उन्हें लेकर आ जाओ। क्योंकि डेमोक्रेसी तभी सक्सेसफुल होगी। जब पार्टी के आधार पर नहीं। बल्कि काम और व्यक्ति के आधार पर जनता वोट देगी।

इसके आगे प्रताप सिंह बोले कि मेरे से बीजेपी का एक नेता बोला "भाई साहब आप हमारी पार्टी में आ जाओ। सब ठीक हो जाएगा। मैंने उससे कहा तू तेरी पेंट संभाल ले। तुम्हारी जो सबसे बड़ी नेता है। वह मेरी खास है। तुझे तो पहचानती तक नहीं है। तुम्हारी पार्टी के सारे नेता मेरे साथ पार्टियां करते हैं। क्योंकि अंदर से तो हम सब एक हैं। बाहर जनता क्यों परेशान होती है, पता नहीं।

खाचरियावास ने कहा कि लोकसभा में आप अंदर जाओ, नेता एक दूसरे से लड़ते हुए नजर आएंगे। शाम को अगर उन्हीं नेताओं को देखोगे तो एक साथ खाना खाते, रोटी तोड़ते हुए नजर आएंगे। इसलिए जनता को परेशान नहीं होना चाहिए। जनता नेताओं की वजह से थड़ी पर लड़ती हैं। भगवान कृष्ण ने भी गीता में कहा कि जो चतुर लोग होते हैं, वह राजनीति से खेलते हैं। जो मूर्ख लोग होते हैं, वह राजनीतिक चर्चा करके मित्रों से झगडत्रा करते हैं। कृष्ण ने तो सबको पटा लिया था। भगवान कृष्ण के लिए कहते हैं द ग्रेट कृष्ण। इस पर मुझे ताज्जुब होता है। क्योंकि कृष्ण तो खिलाड़ी आदमी थे। उन्होंने सब को पटा लिया था। भगवान कृष्ण ने एक को भी नहीं छोड़ा था। आज आप किसी को पटा कर देखो। आपके जोरदार थप्पड़ की पड़ेगी। किसी के साथ घूमते भी दिखोगे। लोग पूछेंगे किसके साथ घूम रहा था। आप कहोगे वह मेरे साथ काम करती है। विश्वास नहीं करेंगे और आपको धक्के मार बाहर निकाल दिया जाएगा। आपकी पत्नी एक मिनट में आपका इलाज कर देगी। इसलिए कहता हूँ बेवजह लड़ाई मत करो।

इसके बाद खाचरियावास बोले कि जब मैं कॉलेज में पढ़ता था, तब मैं कांग्रेस और बीजेपी दोनों का इलाज करता था। हमने तीसरी ताकत बना ली थी। हम कहते थे, दोनों नहीं चलेंगे, हम चलेंगे। लोग कहते थे पागल है। अकेले को कौन पूछेगा। लेकिन ठाकुर जी की कृपा है। आज हमको सब पूछ रहे हैं।

प्रताप सिंह ने यह भी कहा कि मैं पागल हूं। बोलने लगता हूं, तो चुप नहीं होता। मैंने अपने पीएसओ को समझा रखा है। जब 10 मिनट हो जाए तो मुझे पर्ची देकर बता देना। मैं अपनी बात खत्म कर लूंगा। मैं सनकी हूं, कई बार जब धर्म पर बोलने लगता हूं तो बोलता ही जाता हूं। एक बार मेरी वाइफ ने मुझे कहा क्या आप खुद को संत समझते हो। मैंने उससे पूछा आखिर ऐसे क्यों कह रही हो। उसने मुझे कहा आप पॉलिटिकल प्रोग्राम में भी धार्मिक बातें करके आ गए। उससे मैंने कहा कि तेरा क्या ले लिया। मैं जानू और सुनने वाली जनता जाने, तू जबरदस्ती ही परेशान हो रही है। उसने कहा कि क्या आप संत हो क्या। मैंने कहा हां मैं संत हूं। क्यों हम किसी का बुरा नहीं करते।

# प्रदेश में अप्रेल में साढ़े आठ हजार से ज्यादा नए संक्रमित मिले

## इस बीच करोना से 41 लोगों की मौत भी हुई है

■ राज्य में रविवार को 183 नए संक्रमित सामने आए हैं।

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। प्रदेश में अप्रेल के महीने में साढ़े आठ हजार से ज्यादा नए करोना संक्रमित मिले। वहीं इस बीच 41 लोगों की मौत भी हुई है। इधर रविवार के राज्य में 183 नए संक्रमित मिले हैं। हालांकि इस बीच राहत की खबर यह है कि पिछले चौबीस घंटों में करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है।

प्रदेश में अप्रेल के महीने में 8910 नए करोना संक्रमित सामने आए हैं। इनमें सबसे ज्यादा मामले जयपुर में मिले। इधर आज राज्य के 19 जिलों में 183 नए संक्रमित पाए गए हैं। इससे पहले शनिवार को 280 रोगी मिले थे। इधर राजधानी जयपुर में पिछले चौबीस घंटों में सर्वाधिक 46 नए मरीज मिले हैं। इसके अलावा उदयपुर में 34, अजमेर में 19, बीकानेर में 14, पाली में 13, बांसवाड़ा में 11, जोधपुर में 10, सीकर में 8, नागौर में 6, भरतपुर में 5, अलवर, सिरोही व श्रीगंगानगर में 3-3, बाड़मेर व जैसलमेर में 2-2, चूरू, झालावाड़, प्रतापगढ़ व दौसा में 1-1 नया संक्रमित मिला है। इस बीच राज्य में 4963 कोविड जांच हुई है।

प्रदेश में रविवार के नए संक्रमितों से अधिक 323 संक्रमित ठीक हुए हैं। इसके साथ ही एक्टिव केस घटकर 2690 रह गए हैं। राजधानी जयपुर में 659 मरीजों का इलाज चल रहा है। इसके अलावा उदयपुर में 257, भरतपुर में 204, जोधपुर में 188, अजमेर में 185, नागौर में 166 और बीकानेर में 148 एक्टिव केस है। प्रदेश में रविवार को करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। राज्य में अब तक इस बीमारी से 9702 लोगों की मौत हो चुकी है।

# हर्षपाल को 21 वर्ष की आयु में लेफ्टिनेंट बनने का गौरव मिला



**जयपुर**। झुंझुनूं जिले के उदयपुरवाटी में स्थित ग्राम नांगल के निवासी हर्षपाल शेखावत ने प्रथम प्रयास में ही सी.डी.एस. में चयनित होकर अपने बैच में सबसे कम उम्र 21 वर्ष की आयु में लेफ्टिनेंट बनने का गौरव प्राप्त किया है। हर्षपाल शिवपाल सिंह नांगल, अध्यक्ष, श्री भवानी निकेतन शिक्षा समिति एवं पूर्व सदस्य, राजस्थान लोक सेवा आयोग के पौत्र एवं भरतपाल शेखावत, होटल व्यवसायी के पुत्र है।

ज्ञात रहे कि हर्षपाल ने 12वीं सी.बी.एस.ई. कला वर्ग की परीक्षा वर्ष 2020 में मेयो कॉलेज, अजमेर से 97.3 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण की थी। हर्षपाल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने दादा शिवपाल सिंह नांगल को दिया है।

# प्रदेश की आधी आबादी अपराध से त्रस्त : दीप्ती रावत

■ भाजपा की राष्ट्रीय महिला मोर्चा महामंत्री दीप्ति रावत ने प्रेस को संबोधित किया

**जयपुर**। भाजपा राष्ट्रीय महिला मोर्चा महामंत्री दीप्ती रावत एवं प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष अलका मूंदड़ा ने रविवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर पत्रकार वार्ता को सम्बोधित किया। दिप्ती रावत ने कहा कि महिला मोर्चा का 48 घंटे प्रदेश प्रवास कार्यक्रम रहा, जिसमें प्रत्येक जिले की विधानसभा तक पहुंचने का प्रयास किया गया है। अपने प्रवास के दौरान केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य योजना के तहत गर्भवती महिलाओं के पोषण सहित अन्य योजनाओं के सफल क्रियान्वयन की जानकारी ले रहे हैं। प्रदेश की गहलोत सरकार पर स्थानीय नेताओं को लाभ पहुंचाने और केंद्र सरकार की योजनाओं का नाम बदलने का आरोप भी लगाया। केंद्र की मोदी सरकार प्रत्येक योजना के लिए 75 प्रतिशत अनुदान दे रही है, लेकिन प्रदेश की कांग्रेस सरकार की गलत नीतियों के कारण आमजन तक लाभ नहीं पहुंच रहा।

रावत ने वर्ष 2018 से दिसंबर 2022 तक अपराध के बढ़ते आंकड़ों का हवाला दिया, 2020 में दुष्कर्म के मामलो में 19 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। महिला उत्पीड़न के मामलों में 18 फीसदी की बढ़ोतरी हुई जिसमें दुष्कर्म के 26 हजार से अधिक मामले दर्ज हुए। 23 हजार से ज्यादा अपहरण के मामले दर्ज हुए। वहीं प्रदेश सरकार आंकड़े छिपाने के प्रयास कर रही है। प्रदेश की लॉ एंड ऑर्डर व्यवस्था फेल हो चुकी है, लेकिन गहलोत सरकार चुप्पी साधे है। रावत ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं की दशा बिगड़ती जा रही है, इसके लिए कांग्रेस की गहलोत सरकार जिम्मेदार है। प्रदेश में महिलाओं कि आधी आबादी है, जो पूरी तरह त्रस्त है। महिला की ऐसी परिस्थिती के लिए मुख्यमंत्री गहलोत को इस्तीफा देना चाहिए। पत्रकार वार्ता में प्रदेश महिला मोर्चा मीडिया प्रभारी स्नेहा कम्बोज, मीडिया संपर्क प्रभारी आनंद शर्मा, प्रदेश मीडिया सह-संयोजक अशोक सिंह मौजूद रहे।

## सामूहिक रूप से सुनी 'मन की बात'

**जयपुर**। भाजपा जयपुर शहर जवाहर नगर स्थित कार्यालय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात का 100वां एपिसोड जिला अध्यक्ष राघव शर्मा ने अन्य कई कार्यकर्ताओं के साथ सामूहिक रुप से सुना।


नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# 'मन की बात' का 100वां एपिसोड राजस्थान के 20 हजार से अधिक स्थानों पर सुना गया

**जयपुर**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम का 100वां एपिसोड को राजस्थान में सुना गया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी ने सांचैर के पथमेडा गौशाला, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सांचौर, संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने नगर विधानसभा के सीकरी, राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर बस्सी, केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत जोधपुर, अर्जुनराम मेघवाल बीकानेर, कैलाश चैधरी बाड़मेर में मन की बात कार्यक्रम को सुना एवं भाजपा प्रदेश व जिला पदाधिकारी, सांसदो, विधायकों, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं, सामाजिक संस्थाओं व संगठनों ने भी मन की बात के कार्यक्रम का आयोजन में भाग लिया।

प्रदेश के 20 हजार से अधिक स्थानों पर भाजपा ने विधानसभा के शक्ति केन्द्र व मंडल स्तर एवं विभिन्न सामाजिक संस्था एवं संगठनों द्वारा मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें 40 लाख से अधिक लोगों ने सुना।

कई स्थानों पर खिलाड़ियों एवं प्रतिभावान को सम्मानित किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के सो एपिसोड पूरे होने पर देशभर में उल्लास के साथ करोड़ों लोगों ने भिन्न भिन्न स्थानों पर मन की बात सुनी। मोदी ने अपने सम्बोधन में कहा कि देशभर से चिट्ठियां प्राप्त हो रही हैं। जिनमें तरह तरह के रचनात्मक कार्यों से लोग देश की संस्कृति, रोजगार, सृजन की सूचनाएं मिलती हैं। मन की बात कार्यक्रम के प्रथम एपिसोड का जिक्र करते हुए उन्होने कहा कि वर्ष 2014 में विजयादशमी के दिन से यह सफर शुरू हुआ।

मोदी ने अपने संबोधन में वृक्षारोपण, निः शुल्क शिक्षा, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ मुहीम की सराहना की। हरियाणा में बेटी बचाओ मुहिम के लिए फोन कर धन्यवाद दिया। इसके अलावा तमिलनाडु की महिलाओं का जिक्र किया। जम्मू और कश्मीर के मंजूर अहमद से फोन पर बात कर पेन्सिल स्लेट के स्टार्टअप के बारे में जाना। जिसमें उन्होंने वोकल फोर लोकल के लिए मंजूर अहमद को शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम के दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक,क्लीन ग्लेशियर जैसे कामों पर यूनेस्को चीफ ऑड्रे अजेलो की ओर से आए शुभकामना संदेश का ऑडियो संदेश भी सुनाया गया।

मन की बात कार्यक्रम के अंत में मोदी ने शिक्षा, संस्कृति स्वच्छता में देश ने जो आयाम स्थापित किए उनके बारे में बताया। शाला प्रवेशोत्सव सहित उड़ीसा के डी प्रकाश राव द्वारा ठेले पर चाय बेचकर पैसे जुटाने और निः शुल्क शिक्षा दिलाने की भी तारीफ की।


कार्यालय उपायुक्त हवामहल-आमेर जोन
नगर निगम हैरिटेज, जयपुर
आपत्ति सूचना
क्रमांक:- दिनांक F51() Dept./Comm./H.M.A.Z/2023/106 दि- 27.04.2023
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राधेश्याम शर्मा पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण निवासी 1-ए-63, शिव शक्ति कॉलोनी, शास्त्री नगर, जयपुर का साईट प्लान में संशोधन हेतु आवेदन किया गया हैं उक्त के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/सरकारी/गैर सरकारी संस्था या अन्य को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता को लिखित में सूचित करें। मियाद गुजरने के बाद कोई आपत्ति मान्य नही होगी।
उपायुक्त
हवामहल - आमेर जोन - नगर निगम हैरिटेज, जयपुर



वनस्थली विद्यापीठ 19 35 सा विद्या या विमुक्तये

BANASTHALI VIDYAPITH
(Notified as Deemed to be University Under Section 3 of the UGC Act)
University for women: University with a difference





Banasthali Vidyapith, the world's largest fully residential university for women is NAAC 'A++', second highest ranked women's university in the world having more than 15000 students on its 850-acre campus situated amidst rural setting in Rajasthan, having a distinct educational ideology and offering a variety of programmes from nursery up to doctoral level across a wide spectrum of disciplines to prepare enlightened citizens with strong value-base.

Programmes offered

ENGINEERING & TECHNOLOGY
B.Tech.* (Comp. Sc.& Engg./Comp. Sc.-Artificial Intelligence/Electronics & Comm./ Electronics & Instru./Electrical & Electronics/Mechatronics/ IT/Biotech./Chemical Engg./Electronics Engg.-VLSI Design and Technology#/VLSI#)
M.Tech. (Artificial Intelligence)
M.Tech. (Computer Science/IT)
M.Tech. (Robotics & Automation)
M.Tech. (VLSI Design)
M.Tech. (Remote Sensing)
M.Tech. (Biotechnology)
M.Tech. (Chemical Engineering)

MATHEMATICAL & PHYSICAL SCIENCES
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research (Phy./Chem./Maths/Comp.Sc./Elect./Stats)
BCA/BCA Hons./BCA Hons. with Research
M.Sc. (Computer Science)
M.Sc. (Data Science)
M.Sc. (Electronics)
M.Sc. (Mathematical Sc./Mathematics/Statistics)
M.Sc. (Physics)
MCA/PGDCA

ARCHITECTURE & PLANNING
B.Arch.+

LAW
B.A./BBA/B.Com. LL.B. (Integrated)
LL.M.*

AVIATION
B.Sc./B.Sc. Hons. (Aviation Science)

LIFE SCIENCES
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research (Chemistry, Zoology & Botany)
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research (Biotechnology)
B.Pharm.*
M.Pharm. (Pharmaceutical Chemistry, Pharmaceutics, Pharmacology)
M.Sc. (Chemistry)
M.Sc. (Botany) | M.Sc. (Zoology)
M.Sc. (Biotechnology)
M.Sc. (Applied Microbiology & Biotechnology)
M.Sc. (Bioinformatics)

EARTH SCIENCES
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research (Geology/Geography)
M.Sc. (Geography)
M.Sc. (Geology)
M.Sc. (Environmental Science)

MANAGEMENT STUDIES
B.Com./B.Com. Hons./B.Com. Hons. with Research
BBA/BBA Hons./BBA Hons. with Research
M.Com.
MBA* (Business Analytics/Entrepreneurship/HR/ Finance & Banking/Marketing/Aviation/Public Policy/Banking and Finance Management#)

FINE ARTS
M.A. (Music, Dance, Drawing and Painting)

DESIGN
B.Des. (Fashion & Lifestyle Design/ Communication Design/Industrial Design)
M.A. (Textile Designing)
M.Des.

JOURNALISM & MASS COMMUNICATION
B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research (Journalism and Mass Communication)
M.A. (Journalism and Mass Communication)

HUMANITIES & SOCIAL SCIENCES
B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research (Hindi, Sanskrit, English, Sociology, History, Maths, Statistics, Applied Statistics, Political Sc., Public Adm., Economics, Management, Music, Dance, Drama & Theatre Art, Drawing, Home Science, Textile Designing, Computer Application, Geography, Psychology)
M.A. (Economics, History, Sociology, Political Sc., Psychology, Geography, Mathematics, Hindi, English & Sanskrit) Master of Social Work

EDUCATION
B.A.B.Ed.* | B.Sc.B.Ed.* (Integrated)
B.Ed. | M.Ed.

HOME SCIENCE
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research (Home Science)
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research (Home Science) Food Science & Nutrition
M.Sc. (Home Science) (Human Development/Food Science & Nutrition/Clothing & Textile)

NURSING
B.Sc. Nursing*

*Admission to this course shall be based on merit-cum-aptitude test.
#Subject to approval, +JEE-2 & NATA qualified

Foreign/NRI Admissions : A limited number of seats are available for direct admission of Foreign/NRI students in select courses.

Toll Free 1800-270-5855

Admission 2023-24
Scan to explore for detailed information

LAST DATE FOR APPLICATION 15 May, 2023
WITH LATE FEE (Rs. 900/-) 31 May, 2023

SCHOOL EDUCATION DIVISION
New admissions shall be made only to classes VI*, IX* & XI Arts/Science(Maths/Bio)/Commerce.
For admission enquiry: 9116624101, 9352878388
Email: school_admissions@banasthali.in

Enquiries can be made at
• For general enquiry:
9352879844, 9352879855, 9352879866
• For UG/PG Admissions:
9116624102 (Engineering & Technology)
9116624103 (Mathematical & Physical Sciences)
9116624104 (Life Science, Aviation, Earth Sc.)
9116624105 (Law & Management Studies)
9352879847 (Humanities, Social Sc., Home Sc.)
9352803156 (Design, Architecture, Fine Arts, Education & Nursing)
Email: ug_admissions@banasthali.in; pg_admissions@banasthali.in

How to Apply
For each course a separate application is required through either:
Option 1 : Send a DD for Pre-application fee Rs. 800/- in favour of "Banasthali Vidyapith" Payable at Banasthali/Jaipur to: Secretary-Banasthali Vidyapith P.O. Banasthali Vidyapith-304022 (Raj.)
or
Option 2 : Online submission of application is also possible at the University's website: http://www.banasthali.org
Scan to explore

BANASTHALI VIDYAPITH
P.O. Banasthali Vidyapith (Raj.) 304022 • Phone : 01438-228384, 228990
Mob.: +91-9352879844, 9352879855, 9352879866 • Email : admissions@banasthali.in
Visit us at http://www.banasthali.org
Connect with us on www.facebook.com/banasthali.org

NAAC 'A++' 3.63
THE WORLD UNIVERSITY RANKINGS 2023
nirf All India Rank
QS UNIVERSITY RANKINGS ASIA

# राजस्थान बॉर्डर पर हरियाणा पुलिस व बदमाशों के बीच मुठभेड़, बदमाश फरार

## 10 राउंड फायरिंग, पेट्रोल पंप सेल्समैन को लगी गोली, किडनैप चार लोगों को छुड़ाया

**अलवर,** (निसं)। दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे पर रविवार अलसुबह बदमाशों और हरियाणा पुलिस के बीच फायरिंग हो गई। फायरिंग के दौरान एक गोली राजस्थान बॉर्डर से सटे पेट्रोल पंप के सेल्समैन को लग गई। इधर, फायरिंग की घटना के बाद राजस्थान पुलिस की ओर से भी बॉर्डर पर अलर्ट किया गया। वहीं, बदमाशों के चंगुल किडनैप चार लोगों को छुडाया। घटना राजस्थान बॉर्डर से सटे हरियाणा के कसौला थाना क्षेत्र के खेडा जयसिंहपुर में सुबह 5 बजे की है। घायल सेल्समैन को हरियाणा के रेवाडी हॉस्पिटल ले जाया गया।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी में सामने आया कि बदमाश हरियाणा के जींद जिले से 4 मध्यमवर्गीय व्यापारियों और उनके परिचितों का अपहरण कर चुके थे। जिसे अलवर जिले के बहरोड और नीमराना के आसपास छिपाकर रखा हुआ है। हरियाणा की जींद पुलिस बदमाशों का पीछा कर रही थी। उन्होंने रेवाडी जिले के कसोला पुलिस को इसकी सूचना दी। स्कॉर्पियो गाड़ी के नंबर के आधार पर पुलिस ने पीछा करना शुरू कर दिया। बदमाश दिल्ली से जयपुर हाईवे से राजस्थान सीमा की ओर भाग रहे थे। तभी राजस्थान बॉर्डर से सटे कसौला में पुलिस ने हाईवे पर नाकाबंदी कर बदमाशों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वे नाकाबंदी तोड़ते हुए भागने लगे। पुलिस की ओर से बार-बार रोकने का प्रयास करने और चेतावनी देने के बावजूद भी जब बदमाश नहीं रुके तो स्कॉर्पियो गाड़ी के टायर पर पुलिस ने गोली मार दी।

रेवाडी डीएसपी अमित भाटिया ने बताया कि अपहरणकर्ताओं के चंगुल

- **घायल सेल्समैन को हरियाणा के रेवाडी हॉस्पिटल ले जाया गया**
- **फायरिंग की घटना के बाद राजस्थान पुलिस की ओर से बॉर्डर पर अलर्ट किया**

से किडनैप किए हुए व्यापारी सतीश पुत्र सुभाष चंद्र निवासी राजेंद्र नगर जींद, मनजीत पुत्र मानसिंह निवासी कंडेला, राजसिंह पुत्र बलजीत सिंह निवासी एम्पलाइज कॉलोनी रतिया तथा जगदीश पुत्र गुड्डु राम निवासी जलौरपुर, रतिया को छुड़ाया। जबकि किडनैपर्स भागने में कामयाब रहे।

पुलिस की फायरिंग में स्कॉर्पियो का संतुलन बिगड़ गया और डिवाइडर से टकराते हुए हाईवे को पार करते हुए इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर पहुंच गई। इसी दौरान बदमाशों ने जब अपने आपको पुलिस से घिरा हुआ देखा तो उन्होंने फायरिंग करना शुरू कर दिया। इस दौरान दो जगह अलग-अलग 4 से 5 राउंड फायरिंग हुई। तभी पेट्रोल पंप सेल्समैन देवराज उठकर टॉयलेट में जा रहा था। इसी दौरान बदमाशों की ओर से चली गोली सेल्समैन के कान के पास लगी। हरियाणा पुलिस ने बॉर्डर से लगते हुए आसपास के गांवों में बदमाशों को पकडड़ो के लिए सर्च अभियान शुरू किया गया है।

रेवाडी डीएसपी अमित भाटिया ने बताया कि अपहरण के मामले में जींद पुलिस थाने में किडनैपिंग का मामला दर्ज हुआ था। अपहरणकर्ताओं ने व्यापारी को छोडने की एवज में 5 लाख रुपए की डिमांड रखी थी। व्यापारी को छुड़ाने के लिए हरियाणा के जींद की सीआईए टीम लगातार पीछा कर रही थी। जिसकी सूचना कसोला थाना पुलिस को दी गई। उन्होंने नाकेबंदी की तो किडनैपर्स ने नाकेबंदी को तोडते हुए फायरिंग की जिसके बाद भाग गए। पुलिस ने पीछा करते हुए करीब 10 किलोमीटर दूर खेड़ा जयसिंहपुर शिवा पेट्रोल पंप पर पकड़ा। यहां भी फायरिंग की गई। लेकिन किडनैपर्स अपने आप को पुलिस से घिरा देखकर भाग गए। लेकिन अपहरणकर्ताओं की गिरफ्त में चारों सुरक्षित बचा लिए गए।

# आरक्षण की मांग को लेकर आंदोलन 10वें दिन भी जारी

## आंदोलन को लेकर प्रशासन से कई दौर की वार्ता के बावजूद नहीं निकला समाधान

**भरतपुर,** (निसं)। नेशनल हाईवे 21 पर स्थित अरोदा में 12 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर सैनी, माली, कुशवाहा, शाक्य, मौर्य समाज के लोगों का रविवार को 10वें दिन भी आंदोलन जारी है। 21 अप्रैल से आरक्षण की मांग को लेकर सैनी, माली, कुशवाहा, शाक्य, मौर्य समाज के लोगों ने आगरा जयपुर नेशनल हाईवे जाम किया हुआ है। आंदोलनकारियों ने नेशनल हाईवे 21 पर टेंट लगाया हुआ है।

माना जा रहा है सोमवार को ओबीसी आयोग से प्रतिनिधिमंडल की वार्ता के बाद आंदोलन समाप्ति का रास्ता निकल सकता है। रविवार को मौसम ने करवट ली। जहां सुबह से ही कभी तेज तो कभी रुक-रुक कर बारिश का दौर जारी है। बारिश में भी आंदोलनकारी नेशनल हाईवे पर डटे हुए हैं। हाईवे पर डटे आंदोलनकारियों ने खाने की व्यवस्था आस-पास के

- **सैनी, माली, कुशवाहा, शाक्य, मौर्य समाज के लोगों का आंदोलन जारी**
- **जयपुर में ओबीसी आयोग से आज बैठक के बाद निकल सकता है आंदोलन समाप्ति का रास्ता**
- **एनएच 21 पर वाहनों का रूट डायवर्ट किया**

गांव से की है। आंदोलनकारी नेशनल हाईवे पर ही पंगत में बैठकर भोजन कर रहे हैं। वही आंदोलन स्थल पर ही आंदोलनकारियों के लिए चाय की व्यवस्था है।

आंदोलनकारियों ने पीने के पानी की व्यवस्था टैंकरों, एवं ट्रैक्टर ट्रॉली में पानी के ड्राम आस-पास के गांव से आ रहे हैं। भारी पुलिस जाब्ता तैनात आरक्षण आंदोलन के चलते नेशनल हाईवे 21 पर जगह-जगह पुलिस जाब्ता तैनात है। वहीं प्रशासनिक अधिकारी एवं आंदोलनकारियों के बीच वार्ताओं का दौर जारी है। नेशनल हाईवे 21 पर चक्का जाम के चलते प्रशासन ने वाहनों का रूट डायवर्ट किया हुआ है। बड़े वाहन नदबई होकर गुजर रहे हैं। जिससे नदबई में बार-बार कई लंबा जाम लग जाता। जिसके चलते मुख्य बाजार में जाम की समस्या से व्यापारियों सहित वाहन चालाकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# बीदासर के युवक की नाथद्वारा में सड़क दुर्घटना में मौत

**बीदासर,** (निसं)। अहमदाबाद से चूरू आ रही एक वीडियोकोच बस शनिवार की देर रात राजसमंद के नाथद्वारा पुलिस थाना इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें बीदासर कस्बे के एक 22 वर्षीय युवक की अकाल मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार वीडियोकोच बस किसी वाहन को बचाने की कोशिश में बस अनियंत्रित हो गई और बस लालमादड़ी के विश्रामलय में जा घुसी। जिसमें बीदासर के वार्ड संख्या 23 के 22 वर्षिय आनन्द प्रजापत की मौके पर ही मृत्यु हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आनन्द उदयपुर में गत पाँच-छह वर्षों से किसी फर्म में लेखा का कार्य करता था, तीन महिने पहले अपने घर आकर गया था और अभी 2 मई को अपने मित्र की शादी मे शामिल होने के लिये गांव आ



मृतक आनन्द।

रहा था कि बीच सड़क मार्ग पर बस दुर्घटना होने से दर्दनाक मौत हो गई। आनन्द अपने पांच-बहिनों में इकलोता भाई था तथा जिनमें दो बहिनों की शादी

- **अहमदाबाद से चूरू आ रही वीडियोकोच बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी**
- **दो मई को अपने मित्र की शादी मे शामिल होने के लिये गांव आ रहा था**

हो गई है। आनन्द की घर की स्थित कमजोर है तथा आंनन्द ही घर में कमाने वाला था। आनन्द की मौत हो जाने से परिवार पर दुखो का पहाड़ टूट पड़ा। समाचार लिखे जाने तक आंनन्द का शव बीदासर नही पहुँचा है न ही अब तक परिवार जनों को आनन्द की मौत का पता चला है।

# ट्रेलर ने बाइक को मारी टक्कर, पति-पत्नी की मौत

**पाली,** (निसं)। पाली जिले के जाडन के निकट रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। जिसमें ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार पति-पत्नी की मौत हो गई। चक्के के नीचे फंसने से दोनों की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतकों के शव बांगड़ हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाए।

शिवपुरा महेश गोयल ने बताया कि हादसा रविवार दोपहर को जाडन के निकट हाईवे पर हुआ। बाइक सवार गांधी नगर मंडिया रोड निवासी 57 साल के बाबूपुरी पुत्र भंवरपुरी अपनी पत्नी लीला देवी के साथ पाली आ रहे थे। इस दौरान वे ट्रेलर की चपेट में आ गए। दोनों ट्रेलर के चक्के में फंस गए। कुछ फीट तक घसीटते रहे। कुचलने से दोनों की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस दोनों की बॉडी पाली के बांगड़ हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाई।

# बस और ट्रैलर की भिड़ंत, 28 से अधिक बाराती घायल

## बस रिडमलसर से नापासर की तरफ जा रही थी, बाइपास की सड़क को क्रॉस करने के दौरान हुआ हादसा

**बीकानेर,** (कासं)। जयपुर-जोधपुर बाइपास रोड पर शनिवार देर रात बस और ट्रेलर की टक्कर हो गई। बस में एक बारात जा रही थी, बस में सवार 28 बाराती घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। देर रात घटना की जानकारी मिलने के बाद जिला कलक्टर भगवती प्रसाद कलाल और एसपी तेजस्वनी गौतम भी पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर पहुंची। मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. गुंजन सोनी भी ट्रोमा सेंटर आए।

- **बस में 50 से अधिक बाराती सवार थे**
- **जयपुर-जोधपुर बाइपास रोड़ पर हुआ हादसा**

जेएनवीसी थानाधिकारी महावीर प्रसाद ने बताया कि बस रिडमलसर से नापासर की तरफ जा रही थी। बस में 50 से अधिक बाराती सवार थे। रिडमलसर से नापासर जाते समय जयपुर जोधपुर बाइपास को पार करना पड़ता है। ये बस इसी बाइपास की सड़क को क्रॉस कर रही थी कि अचानक नोखा की तरफ से आ रहे ट्रेलर ने जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर में बस में सवार करीब पचास सवारियों के चोट आई। हालांकि 28 को ही पीबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।

हादसे का पता चलते ही जेएनवीसी थानाधिकारी महावीर प्रसाद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घायलों को इलाज के लिए तो ट्रोमा सेंटर भिजवाया गया। इस बीच ट्रेलर का चालक मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद मौके पर जाम लग गया। जेएनवीसी पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को रोड से हटाकर जाम खुलवाया।

# हरी लकड़ियों से भरा ट्रक पकड़ा

**सुल्ताना,** (निसं)। थानान्तर्गत सुलताना पुलिस चौकी ने हरी लकड़ियों से भरा एक ट्रक पकड़ा है जो तस्करी कर अवैध

- **सुलताना पुलिस ने यह कार्रवाई चिड़ावा-सुलताना रोड पर मुखबिर की सूचना पर की**



सुलताना पुलिस चौकी ने हरी लकड़ियों से भरा एक ट्रक पकड़ा।

रूप से हरियाणा ले जाया जा रहा था। सुलताना पुलिस ने यह कार्रवाई चिड़ावा-सुलताना रोड पर मुखबिर की सूचना पर की। सुलताना चौकी के एसआई रामस्वरूप को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि सुलताना बाईपास से होकर एक ट्रक हरियाणा की ओर जाएगा। जिसमें हरी लकड़ियां भरी हुई है।

सूचना पर सुलताना पुलिस ने चिड़ावा मार्ग पर एक ट्रक को रुकवा कर चैक किया तो उसने हरी लकड़ियां भरी हुई थी। पुलिस ने ट्रक को सुलताना चौकी में खड़ा करवाया। बाद में वन विभाग की टीम को इसकी सूचना दी। सूचना के बाद चिड़ावा वनपाल मुकेश कुमार मौके पर पहुंचे और ट्रक को वन अधिनियम में जब्त कर ट्रक ड्राइवर से पूछताछ की। पूछताछ में ट्रक ड्राइवर ने बताया कि वह लकड़ियां सीकर से भरकर हरियाणा ले जा रहा था।

वनपाल मुकेश कुमार ने बताया कि राजस्थान से मोटे मुनाफे के चक्कर में अवैध रूप से लकड़ियां हरियाणा ले जाई जाती हैं। समय-समय पर वन विभाग की टीम इन तस्करों पर कार्रवाई भी करती है। पिछले दिनों तस्करों पर हुई कार्रवाई के बाद हरी लकड़ियों के तस्करों ने तस्करी का तरीका बदलते हुए पिकअप गाड़ियों की जगह अब ट्रकों में हरी लकड़ियों को ढक कर तस्करी करने लगे हैं। वनपाल मुकेश कुमार ने बताया कि वन विभाग की टीम लगातार सूचना पर कार्रवाई कर रही है।

# जमीन विवाद को लेकर दो गुट आपस में भिड़े

**बीकानेर,** (कासं)। आपसी विवाद के चलते खाजूवाला में देर रात दो पक्ष आमने-सामने हो गए। इस दौरान एक युवक ने तेज गति से गाड़ी चलाकर मारने का प्रयास किया। एक जमीन को लेकर विवाद चल रहा है।

पुलिस के अनुसार खाजूवाला में देर रात राजीव सर्किल चौराहा के पास स्थित एक होटल की जमीन विवाद की बात को लेकर आपसी बोलचाल के बाद झगड़ा शुरू हो गया। इसमें दुकानदार राजेश शर्मा का आरोप है कि वह किसी काम से घर पर गया था और पीछे से दुकान में आये कुछ लोगों ने उसके बेटे कृष्णा के साथ मारपीट कर तोड़फोड़ कर दी।

ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी और एएसआई संतराम बिश्नोई ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का मौका मुआयना किया। खाजूवाला पुलिस ने ग्रामीणों के रोष को देखते तुरंत प्रभाव से दो जनों को पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार रात के झगड़े के घटनाक्रम में कपिल कुमार पुत्र शंकरलाल बिश्नोई उम्र 40 वर्ष निवासी 2 पीएम मोहनगढ़ जिला जैसलमेर व सुरेंद्र कुमार पुत्र शंकरलाल बिश्नोई उम्र 47 वर्ष निवासी 12 केजेडी खाजूवाला को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया हैं और एक कैंपर गाड़ी भी जब्त की गई हैं। इससे पूर्व सीएचसी खाजूवाला में कृष्णा का प्राथमिक इलाज करवाया गया।

वहीं पुलिस थाना खाजूवाला में इस संबंध में एक एफआईआर दर्ज करवाई गई हैं। जिसमें राजेश कुमार शर्मा निवासी वार्ड नंबर 16 खाजूवाला ने नामजद नो व्यक्तियों सहित 10-15 अन्य व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया हैं कि वह सभी एकराय होकर देर रात्रि राजीव सर्किल चौराहा पर स्थित उसके होटल पहुंचे। जहां उसके बेटे कृष्णा के साथ होटल में जबरदस्ती लाठी-डंडों से मारपीट की। फिर जान से मारने की नीयत से कैम्पर गाड़ी चलाकर ऊपर चढ़ाने की कोशिश कर मारपीट कर भाग छूटे।

# सुजला जिला बनाने को लेकर भूख हड़ताल जारी

## सुजला जिला बनाओ सत्याग्रह समिति के बैनर तले 29वें दिन धरना जारी

**सुजानगढ़,** (निसं)। सुजला जिला बनाने की मांग को लेकर सुजला जिला बनाओ सत्याग्रह समिति के बैनर तले 29वें दिन गांधी चौक में धरना जारी रहा। वहीं भूख हड़ताल के 16वें दिन भूख हड़ताल पर विकलांग कल्याण समिति के महामंत्री जितेन्द्र प्रजापत धरने पर बैठे। वहीं विश्व मजदूर दिवस पर एक मई को जिला बनाने की मांग को लेकर आंदोलन किया जायेगा। किशोरदास स्वामी ने बताया कि दो मई को लाडनूं सब्जी मंडी पर सुजला जिला बनाओ संघर्ष समिति के विजयपाल श्योराण व लाडनूं के मुस्ताक खां के नेतृत्व में आंदोलन किया जायेगा। सात मई को सुजला जिला बनाओ जनादेश के तहत आमसभा होगी। गांधी चौक में चल रहे



सुजानगढ़ के गांधी चौक में चल रहे धरने पर भूख हड़ताल पर बैठे जितेन्द्र प्रजापत का स्वागत करते स्थानीय लोग।

धरने में पूर्व पार्षद लालचंद वेदी, पार्षद सलीम खान, संदीप लाटा, ओमप्रकाश सेवादार, कुंडलमल सोनी, रमेश चंद्र प्रजापत, सत्यम पारीक आदि मौजूद रहे।

# पश्चिमी विक्षोभ के चलते कई जिलों में हुई बरसात

## बरसात होने से गिरा पारा, बीकानेर शहर में छह घंटे में 24.3 एम.एम. बारिश

**बीकानेर** (निस)। पश्चिमी विक्षोभ के कारण देर शाम के बाद शहर में झमाझम बारिश हुई। शाम साढ़े पांच बजे से रात 11.30 बजे तक शहर में 24.3 एमएम बारिश हुई। बारिश के बाद छह घंटे में 10 मिमी तक तापमान गिर गया। शहर के साथ-साथ गांवों में भी बारिश का दौर दूसरे दिन भी जारी रहा। पांचू, गजनेर, नाल सहित कई गांवों में दोपहर बाद बारिश होने के बाद लोगों को गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग के मुताबिक तीन मई तक विक्षोभ का असर रहेगा। शहर में पश्चिमी विक्षोभ ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया था। कई हिस्सों में बारिश-आंधी आई। शनिवार को दोपहर के समय तो शहर में बूंदाबांदी हुई लेकिन शाम बाद हुई झमाझम बारिश से शहर तर हो गया। बारिश के कारण निचले एरिया में पानी भर गया। वहीं बिजली गुल हो गई। इसी वजह से दिन का पारा 33.6 डिग्री तक पहुंच गया। बीती रात का न्यूनतम तापमान भी 21.6 डिग्री रिकार्ड किया गया। मौजूदा विक्षोभ का असर रविवार को और रहेगा। सोमवार के बाद मंगलवार फिर नया विक्षोभ आ रहा है। इस कारण दो से पांच मई के बीच कहीं-कहीं बूंदाबांदी के आसार हैं। लगातार दो विक्षोभ के कारण गर्मी से राहत मिलेगी।

# दिनभर छाए रहे काले बादल, शाम को हुई बारिश

**निवाई,** (निसं)। उपखण्ड सहित शहर में रविवार को मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। सुबह से ही आकाश में काले बादल छाए रहे, जिसके दौरान सूर्यदेव के दर्शन भी नहीं हुए। देर शाम अचानक तेज हवा के साथ बेमौसम बरसात हो गई। जिससे जनजीवन प्रभावित हो गया। दोपहर बाद सूर्य देवता के भी दर्शन नहीं हुए एवं शाम को भी बादलों की गडगडाहट के साथ बरसात हुई। बरसात होने से आयोजित सावों में लोगों को परेशानी का सामना करना पडा। बरसात होने से गर्मी के मौसम में भी लोगों को ठण्ड लगने लगी। बरसात होने से जल्द ही लोग दुकानें बंद करके अपने घरों पर चले गए।

# मालपुरा में बरसे बादल, सड़कें बनी दरिया

**मालपुरा,** (निसं)। रविवार को तेज हवाओं व तेज गर्जना के साथ शुरू हुई बैमौसम बरसात से शहर की सड़कें दरियां बन गई। वहीं मकानों व दुकानों में पानी घुस जाने से लाखों का नुकसान हो गया। आधा घंटे से अधिक हुई भारी बारिश से नवीन मंडी, महावीर मार्ग, बस स्टैण्ड, गांधी पार्क, ट्रक स्टैण्ड मुख्य बाजार की सड़कें दरियां बन गई। शहर में चरमराई सफाई व्यवस्था के चलते बरसाती नालों में सफाई नहीं होने से नालों में उफान आ जाने से मुख्य बाजार में पानी भर जाने से मकानों व दुकानों में बरसाती पानी भर गया।

अचानक हुई बरसात से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया तो लाखों का सामान पानी में तैर गया। वहीं नीचे इलाकों में भारी पानी भर जाने से लोग घरों में कैद हो गये। नगरपालिका कार्यालय में फोन की घंटियां बजती रही लेकिन रविवार के अवकाश के चलते आमजन को किसी प्रकार की कोई राहत नहीं मिल पाई। पालिका बोर्ड



मालपुरा में हुई भारी बारिश से महावीर मार्ग के मुख्य बाजार में भरा पानी।

- **दुकानों व मकानों में घुसा पानी, लाखों का नुकसान**
- **मुख्य बाजार में पानी भर जाने से मकानों व दुकानों में बरसाती पानी भरा**

की बैठकों में कई सालों से नवीन मंडी से महावीर मार्ग के पीछे बने बरसाती नाले से अतिक्रमण हटाने व नाले की सफाई किये जाने का मामला पार्षद उठाते रहे हैं लेकिन नाले पर प्रभावशाली लोगों के अतिक्रमण होने के चलते पालिका व स्थानीय प्रशासन अतिक्रमियों पर कार्यवाही से पल्ला झाड़ रहा है। इसी के परिणाम बरसात से मुख्य बाजार पानी से लबालब भर गये। राजपुरा गांव में भारी बारिश से घासीलाल गुर्जर का मकान धराशाही हो गया। कमरों में रखा घरेलू सामान मलबे में दब गया।

# श्रीमाधोपुर क्षेत्र में हुई बरसात

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। मौसम विभाग द्वारा पूर्व में की गई घोषणा के अनुसार रविवार को श्रीमाधोपुर क्षेत्र में दोपहर को हुई करीब 1 घंटे की अच्छी बरसात से तापमान में काफी गिरावट आई है। क्षेत्र में रविवार को सुबह बूंदाबांदी हुई और दोपहर में आए बरसाती बादलों ने अच्छी बरसात की। बरसात से कस्बे के स्वामी मोहल्ला, खंडेला बाजार, गौशाला बाजार, पंचावाली रेलवे अंडरपास, खटोडा बाजार व अन्य ढलान वाले क्षेत्रों में पानी भर जाने से राहगीरों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। दोपहर बाद भी रुक रुक कर पुनः बरसात हुई इससे मौसम में ठंडक देखने को मिल रही है।


**IN THE HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN AT JODHPUR**

S.B./D.B CIVIL WRIT PETITION NO./2023

**Application under Rule 159 of Rajasthan High Court Rules for entering into CAVEAT**

**MAY IT PLEASE YOUR LORDSHIPS :**

You Lordship's humble applicant wants to enter into caveat under rule 159 of the Rajasthan High Court Rules and let nothing be done till the applicants are heard in the matter. The particulars of the person, who may file the WRITs are given below :-

**Any Affected Candidate** against the entrance examination process of PTET-2023 being conducted on 21.05.2023 **and the advertisement notification no. 02 dated 01.04.2023 issued by the Govind Guru Tribal University (Govind Guru Janjteey Vishvvidyalay BANSWARA) and the issue related there of.**

That the writ petition is likely to be filed against:-
**Govind Guru Tribal University (Govind Guru Janjteey Vishvvidyalay BANSWARA)**

Vakalatnama on behalf of Manoj Pandya .......................... **Govind Guru Tribal University( Govind Guru Janjteey Vishvvidyalay BANSWARA)** is submitted herewith.

It is, therefore, humbly prayed the nothing be done in the case till the applicant is heard.

**COUNSEL FOR THE APPLICANT**
**(Hemant Ballani)**
**ADVOCATE**

**HUMBLE APPICANT**
**Govind Guru Janjatiya University**

# रविवार की छुट्टी निरस्त करने के बावजूद काम पर नहीं आए अधिकांश सफाईकर्मी

## महापौर मुनेश गुर्जर अचानक सफाई जांचने निकली तो दौड़ते दिखे कर्मचारी

**जयपुर** (कासं)। सफाई कर्मचारियों की हड़ताल खत्म होने के 2 दिन बाद भी राजधानी जयपुर की सफाई व्यवस्था बे-पटरी है। परकोटे के बाजारों से लेकर शहर के बाहरी क्षेत्रों में सड़क किनारे कचरा डिपो लगे नजर आ रहे हैं। उधर हैरिटेज निगम में रविवार की छुट्टी रद्द करने के बावजूद सफाई कर्मचारी काम पर नहीं आए।

रविवार दोपहर अचानक महापौर मुनेश गुर्जर सफाई व्यवस्था जांचने निकली तो कर्मचारी दौड़ते दिखे। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए महापौर मुनेश गुर्जर ने सभी मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षकों (सी.एस.आई.) को नोटिस थमाया है। सिविल लाइन के सीएसआई पवन व एसआई सचिन गुजराती को 17 सीसी नोटिस थमाया है। साथ में डिपो से कचरा उठाने वाली अरबन इनवायरो कंपनी को भी नोटिस थमाया। इसी कंपनी के पास निगम हैरिटेज क्षेत्र में जगह-जगह बने डंपिंग यार्ड को समाप्त करने का जिम्मा हैं, लेकिन ये कंपनी डोर टू डोर कचरा संग्रहण से लेकर ओपन डिपो खत्म करने में फेल साबित हो रही हैं।

दरअसल महापौर मुनेश गुर्जर बीते दो दिनों से लगातार हैरिटेज क्षेत्र के अलग-अलग वार्डों में दौरा कर सफाई जांच रही है। रविवार को सिविल लाइंस जोन क्षेत्र के वार्डों में अचानक पहुंची तो सफाईकर्मी फील्ड से गायब मिले। सूचना मिलते ही दौड़ते हुए आए तो कारण पूछा, आज सफाई क्यों नहीं हुई। इसका जवाब किसी के पास नहीं था। वार्डों में जगह-जगह कचरे के ढेर नजर आए। ओपन कचरा डिपो देखकर महापौर मुनेश गुर्जर ने नाराजगी जताई। सफाईकर्मी से लेकर सीएसआई की अनुपस्थित पर तुरंत नोटिस देने के निर्देश दिए।




महापौर मुनेश गुर्जर रविवार को जब सिविल लाइंस क्षेत्र में सफाई व्यवस्था जांचने निकली तो उन्हें सड़क किनारे जगह-जगह कचरे के ढेर लगे मिले। फोटो-राष्ट्रदूत

- **जगह-जगह कचरे के ढेर लगे देखकर महापौर ने कचरा उठाने वाली कंपनी अरबन एन्वायरो और दो सी.एस.आई. को नोटिस जारी करवाया**

महापौर मुनेश गुर्जर अपने निवास से उपायुक्त स्वास्थ्य आशीष कुमार व अन्य अधिकारियों के साथ सफाई व्यवस्था का जायजा लेने निकली। रेलवे स्टेशन के पास बड़ोदिया बस्ती पहुंची तो जगह-जगह कचरे के ढेर व सड़कों पर कचरा मिला, इस पर सीएसआई को फटकार लगाते हुए 17 सीसी नोटिस जारी किए। इसके साथ ही महापौर ने कबीर मार्ग, राम मंदिर, चिंकारा कैंटीन होते हुये बनीपार्क के तुलसी मार्ग का भी दौरा किया। कर्मचारियों की मौके पर कम संख्या देख कर उपायुक्त स्वास्थ्य को उनकी अनुपस्थिति दर्ज करने के निर्देश दिए।

मेयर मुनेश गुर्जर तुलसी मार्ग, कलेक्ट्रेट सर्किल होते हुये सी-स्कीम स्थित मालवीय मार्ग पर पहुंची। यहां निर्माणाधीन भवनों की अनुमति के बारे उपायुक्त सिविल लाईन जोन से रिपोर्ट तलब की। सड़क पर मलबा पड़ा होने पर चालान करने के निर्देश दिये।

# जामडोली के कैम्बे रिजॉर्ट में दिखे मादा लेपर्ड व दो शावक

## आगरा रोड पर आबादी क्षेत्र में लैपर्ड के मूवमेंट बढ़ने की सूचना से स्थानीय निवासियों में दहशत का माहौल

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर के आबादी क्षेत्रों में वन्यजीवों का मूवमेंट बढ़ता जा रहा है। रविवार को आगरा रोड पर जामडोली में कैम्बे रिजॉर्ट में मादा लेपर्ड अपने दो शावकों के साथ नजर आई। जिसके बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गई है। वहीं लेपर्ड के रिहायशी इलाके में मूवमेंट के बाद वन विभाग की टीम ने मौके पर पिंजरा लगा लेपर्ड और नन्हें शावकों की निगरानी शुरू कर दी है।

दरअसल, आगरा रोड स्थित के रिसोर्ट में पिछले दो-तीन दिन से लेपर्ड का मूवमेंट हो रहा था। आबादी इलाके में रहने वाले लोगों ने जैसे ही लेपर्ड का मूवमेंट देखा। उन्होंने इसकी सूचना वन विभाग की टीम को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने जब रिसोर्ट की छानबीन की तो पता चला कि मादा लेपर्ड अपने दो शावकों के साथ बंद पड़े रिसोर्ट में ही रह रही है। इसके बाद वन विभाग ने रिसोर्ट में पिंजरे तो लगा दिए हैं, लेकिन अब तक लेपर्ड वन विभाग के कैद में नहीं आ पाए हैं।

- **वन विभाग की जांच में सामने आया कि लैपर्ड इसी कैम्बे रिजॉर्ट में रह रही थी, शावकों व मादा लैपर्ड को पकड़ने के लिए दो पिंजरे लगाए गए हैं**

झालाना क्षेत्रीय वन अधिकारी जनेश्वर चौधरी ने बताया कि जामडोली स्थित कैंबे गोल्फ रिसॉर्ट में पैंथर का मूवमेंट देखा गया था। जिसके बाद हमने इसकी जांच कि तो रिसॉर्ट में मादा लेपर्ड के साथ शावक की का मूवमेंट मिला हैं, इसलिए हमने फिलहाल ट्रेंकुलाइज की करवाई नहीं की हैं, क्योंकि शावक भी लेपर्ड के साथ हैं। ऐसे में हमारी टीम ने मौके पर दो पिंजरे लगा दिए हैं, ताकि उन्हें सुरक्षित पकड़ा जा सके। इसके साथ ही लेपर्ड के मूवमेंट पर नजर रखने के लिए रिसोर्ट में कैमरा लगाकर निगरानी भी की जा रही है। ताकि आबादी क्षेत्र में लेपर्ड न जाए।

## युवक ने पिस्टल की नोंक पर लूटी दोस्त की बाइक

**जयपुर** । सांगानेर एयरपोर्ट पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर दो बदमाशों के खिलाफ बाइक लूट कर बाइक वापस लौटने के लिए 30 हजार रुपए की डिमांड करने का मामला दर्ज किया हैं। पीड़ित विक्रम मीणा ने बताया कि वह अपने दोस्त आयुष सिंह जाटव की नई बाइक लेकर गोविंद मीणा के पास गया था। गोविंद ने उसे कहा कि उसे जीटी पर कोई जरूरी काम है इस पर गोविंद ने विक्रम मीणा से बाइक मांगी विक्रम ने बाइक आयूष की होने की बोल कर मना किया लेकिन गोविंद मीणा ने दोस्ती का वास्ता दिया। जिसके बाद विक्रम मीणा ने बाइक दे दी। आरोपी बाइक लेकर गायब हो गया। अब वह बाइक देने के बदले 30 हजार रुपए मांग रहा हैं। वहीं पैसा नहीं देने पर जान से मारने की भी धमकी दे रहा हैं।

पुलिस ने बताया कि 22 मार्च को विक्रम मीणा दोस्त आयूष की बाइक लेकर काम से निकला था। इसी दौरान विक्रम के दोस्त गोविंद ने उसे फोन कर एयरपोर्ट के पास बुलाया। जहां से गोविंद मीणा विक्रम मीणा के पास जो बाइक थी उसे लेकर गायब हो गया। 10 दिन बाद गोविंद ने विक्रम को फोन कर कहा कि उसे 30 हजार रुपए दो तब वह बाइक लौटाएगा। इस पर विक्रम मीणा ने मना किया तो गोविंद ने कहा कि हम लोग बदमाश है यही काम किया करते हैं, जैसे तेरी बाइक उठाई हैं, वैसे तुझे भी उठा लेंगे। गत 14 अप्रैल को गोविंद और रामकेश कसाना ने फोन कर विक्रम मीणा को एयपोर्ट थाने के पास बुलाया। जहां पर दोनों ने उस पर पिस्टल तान कर 30 हजार रुपए मांगे। विक्रम मीणा डर के वहां से भाग गया वह परिचित के साथ एयरपोर्ट थाने पहुंचा लेकिन पुलिस ने कोई रिपोर्ट नहीं ली। इस पर विक्रम मीणा ने खुद के साथ हुई घटना की जानकारी कोर्ट के सामने रखी जिस पर कोर्ट आदेश पर गोविंद मीणा और रामकेश कसाना के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

## छात्रसंघ कार्यालय उद्घाटन समारोह में जमकर हंगामा

**जयपुर** । राजस्थान विश्वविद्यालय में रविवार को शोध छात्रसंघ कार्यालय का उद्घाटन समरोह भारी हंगामे की भेंट चढ़ गया। इस दौरान दो छात्रसंघ अध्यक्षों के बीच पोस्टर लगाने को लेकर विवाद हो गया। कहासुनी और धक्का-मुक्की के बीच एक छात्र के मंच से गिरने पर पैर में फैक्चर हो गया। हालांकि बारिश के कारण मुख्यमंत्री का दौर स्थगित हो गया। बाद में पूर्व मंत्री हरीश चौधरी ने शोध छात्रसंघ अध्यक्ष के कार्यालय का उद्घाटन किया।

वहीं, फाइव ईयर लॉ कॉलेज छात्रसंघ अध्यक्ष के कार्यालय का उद्घाटन एनएसयूआई प्रदेशाध्यक्ष अभिषेक चौधरी, विजेन्द्र सिहाग और उनके पिता ने किया। कुलपति प्रो. राजीव जैन, डीएसडब्ल्यू प्रो. नरेश मलिक, एनएसयूआई के प्रदेशाध्यक्ष अभिषेक चौधरी और और अभय के माता पिता उनके कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने कार्यालय के मुख्यद्वार पर फीता काटा और अभय को उनके कक्ष में छात्रसंघ अध्यक्ष की कुर्सी पर बिठाया।

विश्वविद्यालय में शोध छात्रसंघ अध्यक्ष रामरूवरूप ओला और फाइव ईयर लॉ कॉलेज छात्रसंघ अध्यक्ष अभय चौधरी के कार्यालयों का उद्घाटन करने मुख्यमंत्री को आना था। घूमर पांडाल में मुख्यमंत्री का संबोधन कार्यक्रम रखा गया। पिछले कई दिनों से कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत समेत महेश जोशी के आने की सूचना थी। बताया जा रहा है कि बारिश की वजह से वे लोग नहीं आ पाए।

- **दो छात्रसंघ अध्यक्षों के बीच पोस्टर लगाने को लेकर विवाद हुआ**
- **इस दौरान मंच से गिरने पर एक छात्र घायल हो गया**

इससे पहले मंच पर यूनिवर्सिटी प्रशासन ने दोनों छात्रसंघ अध्यक्षों के साथ सीएम का फोटो लगाया। आरोप है कि शोध छात्रसंघ अध्यक्ष ने लॉ कॉलेज छात्रसंघ अध्यक्ष की फोटो पर आपत्ति जताई तो विवाद हो गया। इस बीच दोनों छात्रसंघ अध्यक्ष आमने सामने हो गए। इस दौरान बारिश के बीच मंच पर चढ़ते हुए एक छात्र पंकज ओला फिसलकर नीचे गिर गया। इससे एक पैर में फैक्चर हो गया। उसे इलाज के लिए एसएमएस अस्पताल ले जाया गया। बाद में रजिस्ट्रार ने मंच पर किसी भी छात्रसंघ अध्यक्ष का पोस्टर नहीं लगाने के निर्देश दिए। इसके बाद विवाद शांत हुआ।

## संक्षिप्त

### कानोता में युवक ने आत्मदाह किया

**जयपुर** (कासं)। कानोता इलाके में एक युवक ने खुद पर पेट्रोल छिड़क आग लगा ली। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। थानाधिकारी मुकेश खरड़िया ने बताया मृतक जितेंद्र सिंह (28) गांव धनसेरा जिला सवाई माधोपुर का रहने वाला था, जोकि विजयपुरा रोड पर पत्नी और बेटे के साथ किराए से कमरा लेकर रहता था। घटनाक्रम के अनुसार 24 अप्रैल की दोपहर जितेंद्र ने खुद पर पेट्रोल छिड़क आग लगा ली। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, अगले दिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई भवानी सिंह ने ससुराल पक्ष पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### विवाहिता से दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग

**जयपुर** । गांधीनगर इलाके में एक विवाहिता से दुष्कर्म के बाद ब्लैकमेलिंग का मामला सामने आया है। थानाधिकारी सुरेंद्र यादव ने बताया इलाके निवासी 33 वर्षीया महिला ने रिपोर्ट दी है कि जनवरी 2023 में गोविन्द उर्फ़ मोनू घर में आया और जबरन दुष्कर्म किया। अब वह अश्लील वीडियो के आधार पर ब्लैकमेल कर रहा है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

### अधेड़ व्यक्ति के साथ जेबतराशी

**जयपुर** (कासं)। कानोता इलाके में एक अधेड़ व्यक्ति के साथ जेबतराशी का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया देवकी नगर निवासी केदार लाल (55) शुक्रवार दोपहर एटीएम से 50 हजार रूपए निकाल कर घर की तरफ पैदल आ रहा था। इस दौरान कल्याण मैरिज गार्डन के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने पता पूछने के बहाने बाइक बिठा लिया और जेबतराशी कर 50 हजार रूपए ले गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### दुष्कर्म का फरार आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने दलित महिला से दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया गिरफ्तार आरोपित अजय जोगी (23) गांव चिरानी थाना खेतड़ी जिला झुंझुनू का रहने वाला है, जिससे पूछताछ की जा रही है।

### महिला से 2.22 लाख की ठगी

**जयपुर** । चित्रकूट इलाके में एक महिला से ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया सेक्टर-10, चित्रकूट नगर निवासी प्रीती परमार ने रिपोर्ट दी है कि ओएलएक्स पर फ्रीज बेचने का विज्ञापन दिया था। आरोप है जालसाज ने आर्मी का जवान बन कर संपर्क किया और पेमेंट ऑनलाइन भेजने का झांसा देकर 2 लाख 22 हजार 998 रूपए खाते से पार कर लिए।

## राजभवन में 'मन की बात' प्रदर्शनी का आयोजन



**जयपुर** । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अक्टूम्बर 2014 में आमजन से जुड़ने के अभिनव प्रयास 'मन की बात' रेडियो कार्यक्रम के 100 वें एपिसोड़ के प्रसारण के उपलक्ष्य में रविवार को 'मन की बात', आजादी के अमृत महोत्सव और केन्द्र सरकार की नौ साल की उपलब्धियों पर आधारित मल्टीमीडिया डिजिटल प्रदर्शनी सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो, जयपुर की ओर से राजभवन में लगाई गई।


राज्यपाल कलराज मिश्र ने इस प्रदर्शनी का दीप प्रज्जवलित कर एवं फीता काटकर उदघाटन किया तथा प्रदर्शनी का अवलोकन कर इसे सराहा। कार्यक्रम में पीआईबी की अपर महानिदेशक रितु शुक्ला ने राजपाल को कॉफी टेबल बुक भेंट की इस बुक में मन की बात के विगत 99 संस्करणों के बारे में विवरण बताएं गया है।

प्रदर्शनी में 'मन की बात' कार्यक्रम से जुड़े विभिन्न आयाम जैसे आत्मनिर्भर भारत, हमारी विरासत हमारा गौरव,आत्मनिर्भर भारत, नारी शक्ति, स्वच्छ भारत, अन्नदाता, स्वास्थ्य के लिए योग, पर्यावरण संरक्षण, निस्वार्थ सेवाए डिजिटल इंडिया, फिट इंडिया के अलावा राजस्थान के मन की बात से जुडे लोगों को प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी का एक अन्य आकर्षण 'मन की बात' बूथ रहा जहां 'मन की बात' विशेषकर राजस्थान से जुडे संस्करणों को आगन्तुको द्वारा सुना गया।

## 250 ग्राम अवैध गांजे के साथ बुजुर्ग गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। वीकेआई थाना पुलिस ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत आज मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने 58 वर्षीय रामलाल गढवाल को गिरफ्तार कर उसके पास से बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ भी बरामद किया है। जिसे वह जयपुर में कई लोगों को सप्लाई करने वाला था।

डीसीपी वंदिता राणा ने बताया कि जयपुर शहर में हो रहे अवैध मादक पदार्थ गांजा, चरस, स्मैक, अफीम की तस्करी को लेकर ऑपरेशन ''क्लीन स्वीप'' चलाया जा रहा हैं। इस के तहत जिला जयपुर पश्चिम के सभी थानाधिकारीयों को टीम बनाकर अवैध मादक पदार्थ बेचने वाले व सप्लाई करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए आदेश दिए हुए थे। इस पर वीकेआई थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ बेचने व सप्लाई करने वाले आरोपी पर निगरानी रख कर कार्रवाई की गई। विश्वकर्मा सीआई रमेश सैनी के नेतृत्व में पुलिस थाना विश्वकर्मा पर गठित विशेष टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा की कार्रवाई करते हुए 245 ग्राम गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। गठित टीम द्वारा थाना इलाके में लगातार गश्त, निगरानी बदमाशान व सक्रिय अपराधियों पर निगरानी रखते रख रहे थे। गिरफ्तार आरोपी अवैध मादक पदार्थ गांजा की छोटी पारदर्शी प्लास्टिक की थैलीयों में पुडियां बनाकर फैक्ट्री ईलाकों में काम करने वाले मजदूरों को बेचा करता है। जानकारी मिलने पर पुलिस टीम ने छापेमारी की।



आरोपी रामलाल गढवाल

## दहेज में मिले शगुन के 2.51 लाख रु. लौटाए



**हरमाड़ा इलाके के जोड़ला पॉवर हाउस क्षेत्र में रहने वाले सुरेंद्र सिंह हैड कांस्टेबल ने अपने बच्चे कर्मवीर सिंह की शादी नागौर मण्डुपुरा के रहने वाले दशरथ सिंह की पुत्री ममता कंवर के साथ की। दहेज में बतौर शगुन मिले 2 लाख 51 हजार रुपये में से सिर्फ एक रुपया मान-सम्मान के प्राप्त कर शेष राशि संबंधियों को वापस लौटा दी। पुलिस के एक सिपाही ने समाज में फैल रही दहेज प्रथा के खिलाफ संदेश दिया।**

## सूने मकान से जेवर-नकदी चोरी

**जयपुर** (कासं)। चित्रकूट इलाके स्थित एक मकान में चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया शालीमार बाग़, चित्रकूट निवासी कुसुमलता (76) रिपोर्ट दी है कि कुछ दिन पहले घर की अलमारी में रखे 46 हजार रूपए और जेवरात चोरी हो गए। नौकरानी शांति राउत, प्रिया सहित एक अन्य नौकरानी पर शक है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## युवक का मोबाइल छीना

**जयपुर** (कासं)। वैशाली नगर इलाके में बाइक सवार बदमाश एक युवक का मोबाइल छीन ले गए। पुलिस ने बताया चांद बिहारी नगर, खातीपुरा निवासी मुकेश जाट 28 अप्रैल की रात 9 बजे बाइक सवार बदमाश खातीपुरा पुलिया के पास मोबाइल छीन ले गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## राजेन्द्र राठौड़ ने लंदन में सुनी 'मन की बात'



**जयपुर** । नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 100वें एपिसोड को लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग (हाई कमीशन) में केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, प्रधानमंत्री कार्यालय, परमाणु ऊर्जा विभाग तथा अंतरिक्ष विभाग, भारत सरकार), विक्रम स्वामी दोराही, हाई कमिश्नर ऑफ इंडिया, यूके एवं ओवरसीज फ्रेंड ऑफ भाजपा लंदन के अध्यक्ष कुलदीप शेखावत सहित वहां बड़ी संख्या में मौजूद प्रवासी भारतीयों एवं लंदन के नागरिकों के साथ सुना। राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के हर गांव, हर ढाणी, दूरदराज के हर उस क्षेत्र के गुमनामी में जी रहे लोगों की जीवनियों, उनके प्रेरक कार्यों, लोगों की कमियों और खूबियों को ढूंढकर जिस प्रकार देशवासियों के समक्ष परिलक्षित करते हैं, वो अद्भुत है। राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम एक एपिसोड में राजस्थान में कम होती बावड़ियों का जिक्र किया था, जिससे प्रेरित होकर बावड़ियों को पुनर्जीवित करने के कार्य में जुटे।

## सार-समाचार

### जौहरी बाजार में 'मन की बात' सुनी



**जयपुर** । वार्ड 74 स्थित बंजी ठोलियो की धर्मशाला जौहरी बाजार में पार्षद कुसुम यादव पूर्व पार्षद एवं चेयरमैन अजय यादव प्रबुद्ध जनों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात के 100 वें एपिसोड के कार्यक्रम को सुना। प्रधानमंत्री ने स्वच्छ भारत आंदोलन, प्रकृति और खादी के प्रति प्रेम, तीर्थ स्थलों व भारतीय संस्कृति को लेकर बात की। 'मन की बात' कार्यक्रम जनता से जुड़ाव का सीधा और सार्थक माध्यम बन गया है, जिसमें प्रत्येक वक्तव्य सर्वसमाज को राष्ट्रिहत में कार्य करने की प्रेरणा देता मेरे लिए मन की बात ईश्वर रुपी जनता जनार्दन के चरणों में प्रसाद के थाल की तरह है। मन की बात मेरे मन की आध्यात्मिक यात्रा बन गया है। मन की बात स्व से समिष्टि की यात्रा है मन की बात अहम से वयम की यात्रा है। कार्यक्रम में डॉक्टर ज्ञानेश हल्दिया, संपत जैन, प्रभात शर्मा, शकुंतला सोयल, युवराज सिधड, भगवान कोली, उमेश शर्मा, राकेश यादव, नरेश शर्मा, पवन टिक्कीवाल, नरेश विजयवर्गीय, संजय सैनी, राकेश शर्मा, राजेश यादव, पिंकू शर्मा, अक्षय यादव, मुकेश यादव, विष्णु मीणा, भरत यादव, नंदकिशोर शर्मा, बाबूलाल रेगर, मनीष बिवाल, सुभाष सेन, चंद्रप्रकाश काला, राजीव काला मौजूद थे।


### क्रमिक अनशन पर डटे मंत्रालयिककर्मी

**जयपुर** । मंत्रालयिक एकता मंच द्वारा जयपुर के शहीद स्मारक पर किया जा रहा क्रमिक अनशन रविवार को 46वें दिन भी जारी रहा। सार्वजनिक निर्माण विभाग के सुरेश धाबाई के नेतृत्व में सतीश कूलवाल, मुकेश शर्मा, ताराचंद वर्मा और शेखर यादव क्रमिक अनशन पर बैठे। मंत्रालयिक कर्मचारियों ने सरकार द्वारा बजट में उपेक्षा किए जाने को लेकर नाराजगी जताई। साथ ही सहायक प्रशासनिक अधिकारी को ग्रेड पे 4200 व कनिष्ठ सहायक को आरंभिक वेतन 25 हजार 500 देने समेत तमाम 6 मांगों पर सकारात्मक निर्णय लिए जाने का आग्रह राज्य सरकार से किया। अनशनकर्ताओं के समर्थन में राजेश पारीक, गजेंद्र सिंह राठौड़, देवेंद्र सिंह नरूका, महेंद्र शर्मा, रमेश तिवाड़ी, सुभाष चंद्र लुगारिया व अनूप मौजूद थे।

# प्रदेशभर की 45 प्रतिभाओं को 'ब्राह्मण रत्न' सम्मान से नवाजा

**जयपुर** । ब्राह्मणों को अपने संस्कारों को प्रबल करते हुए समाज को दिशा एवं मार्गदर्शन देना चाहिए। ब्राह्मण समाज ने सदैव परहित में कार्य किया है। ब्राह्मण बच्चों को संस्कारित कर भगवान परशुराम की तरह जितेन्द्रिय बनना चाहिए। ये बातें भगवान परशुराम जयंती समारोह पर सर्व ब्राह्मण महासभा द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय ''ब्राह्मण रत्न'' सम्मान समारोह में जयपुर सांसद रामचरण बोहरा ने कही।



समारोह की अध्यक्षता करते हुए सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा ने कहा कि ब्राह्मण सर्वहित की बात करता है और सर्वजन सुखाय की भावना से समाज को एक राह दिखाता है। लेकिन अब ब्राह्मणों को भी आगे बढने का अवसर मिलना चाहिए। पूर्व मंत्री डॉ.अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि जब ब्राह्मण आगे बढ़ेगा तो देश में सामाजिक समरसता बढेगी और परशुराम के बताये हुए रास्ते पर युवाओं को चलना चाहिए।

इस अवसर पर ब्राह्मण समाज की लगातार की 6 बार की विधायक सूर्यकांता व्यास ने सर्व ब्राह्मण महासभा की पूरे देश में हो रही गतिविधियों के लिए अपना समर्थन दिया। इस अवसर पर 3 सितम्बर को होने वाले ब्राह्मण महासंगम के लोगों का लोकार्पण सांसद रामचरण बोहरा, पूर्व मंत्री डॉ. अरुण चतुर्वेदी, पं. सुरेश मिश्रा, विधायक सूर्यकांता व्यास, विप्र कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष महेश शर्मा, आचार्य राजेश्वर, एच.सी. गणेशिया, गोविन्द पारीक, दिनेश शर्मा ने किया।

समारोह में विधायक सूर्यकांता व्यास, डॉ. शैलेश दीक्षित, डॉ. एल.के. गोटेचा, अर्चना शर्मा, रमाशंकर शर्मा, सुनील कुमार शर्मा, तरुण शर्मा, डॉ. राजेश शर्मा, सुरेश चन्द्र शर्मा, नटवर लाल शर्मा, आशीष शर्मा, अभिनव शर्मा, डॉ. मनीष वैष्णव, विनायक शर्मा, रघु आदित्य, हेमंत कटारा, दिनेश भारद्वाज, दिनेश तिवारी, एडवो. अनिल चतुर्वेदी, आचार्य शिव दत्त शास्त्री, डॉ.आशीष गौड़, ओमप्रकाश शमा, संजू कुकरेती, मनोज शर्मा, राज शर्मा, संगीता शर्मा, प्रकाश चंद्र शर्मा, सौरभ शर्मा, आकांक्ष वशिष्ठ, प्रखर गुरावा, राजीव शर्मा, मेघा शर्मा, श्रीनाथ शर्मा, राजकुमार चतुर्वेदी, उमाशंकर शर्मा, सुधाकर दवे, रामेश्वर प्रसाद शर्मा, चन्द्रशेखर शर्मा, सुरेश चन्द्र शर्मा, पं. विष्णु दत्त शर्मा, शंकर लाल, गोविन्द शर्मा, पंकज शर्मा, रविन्द्र कुमार शर्मा, अजय शर्मा, मुकेश शर्मा, सोहल लाल पारीक, तरुण शर्मा को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, साफा व दुपट्टा देकर सम्मानित किया गया।

## 'चना खरीद 40 फीसदी होने से किसानों को राहत'

**जयपुर** । किसान महापंचायत द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 3 वर्षों से चना, सरसों एवं मूंग की खरीद पर 25 से बढ़ाकर 40 क्विंटल प्रति किसान करवाने के प्रयास रहें। जिसमें किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट ने अनशन भी किया था। सांसदों को पत्र लिखें गये, जिसमें लोकसभा अध्यक्ष को भी पत्र प्रेषित किया, उसके उपरांत केवल चना का 25 से बढ़ाकर 40 क्विंटल में परिवर्तन किया। परन्तु सरसों को लेकर किसान महापंचायत द्वारा लगातार प्रयास जारी है।




## May Day

Despite being a holiday with a longstanding tradition, May Day is now mostly celebrated as International Workers' Day (or Labour Day) since the 19th century in many countries around the world. Every year on May 1st, this holiday is meant to honour the achievements of the labour movement and workers, and to advocate for workers' rights and fair labour practices. However, long before it became associated with the working classes, May Day was a celebration of nature and the beginning of summer, as the day falls between the spring equinox and the summer solstice, since Roman times.

#J'ADORE

# Sunglasses You'll See Everywhere This Summer

This year, we are seeing the classic sunglasses shapes and colours re-imagined.

While stylish sunglasses are a year-round wardrobe essential, the accessory is synonymous with the spring and summer months. As such, the anticipation of warmer weather prompts us all to re-evaluate our current sunglasses collections and look for new updates to the rotation. And we certainly have some new and bold sunglasses trends ready to explore.

This year, we are seeing the classic sunglasses shapes and colours re-imagined. That could be a retro shape upgraded with a new colour frame or mirrored lens; an oversized take on a timeless style; or a silhouette that feels vintage and futuristic at the same time.

With a colour palette that ranges from bright pink to classic white, there's something for everyone when it comes to the biggest sunglasses trends of 2023.



### Mirrored Sunglasses

Each year, there is a single vestige of a futuristic trend and this season, it's mirrored sunglass. Sunglasses of all sizes lend themselves well to the trend, as it has less to do with shape and more to do with the lens treatment. No matter what style frame you love most, make it mirrored this year.

### Circle Sunglasses



This season, when you reach for a rounded pair of sunglasses, choose ones that are more oversized in scale than the micro-minis that have come in seasons past. In particular demand for 2023 are classic Aviator styles, made fresher and newer by way of their circular shapes.

### Oversized Sunglasses



While sunglasses trends come and go, oversized shades are forever in style. Whether it's a 1960s rounded frame, early-aughts squared-off shape, or something in between, there will never be a time where you don't love mixing your oversized sunnies into your rotation.

### White Sunglasses



While white generally falls into the same neutral colour category as black, sunglasses are different. There's something about the bright white frame that makes it stick out from the rest - almost as if it were a bright neon tone. But with the white sunglasses trend, you can truly wear it with everything you own.

### Angular Sunglasses



Consider this year's angular sunglasses a modern-day cat-eye. With upturned sides and an oversized shape, it feels equal parts retro and futuristic. Shop these styles in classic tones like black and tortoise to allow the shape to stand on its own.



### Barbiecore Pink Sunglasses

The colour pink did more than just infiltrate your ready-to-wear wardrobes for the year. In fact, as the temperature gets warmer, it's your sunglass drawer that's about to get the Barbiecore treatment. Whether you love a retro cat-eye, prefer a futuristic mirrored style, or gravitate toward a classic Wayfarer, try a bit of colour with pink sunnies this year.



# Good Trade Routes & Practices Kept India Safe & Rich

The clash between India and the Arab world increased with hurricane force and by the eleventh century it extended as far as Varanasi. In the Deccan, while the Rashtrakutas were friendly to the Arabs in the 8th-9th century the Gurjara-Pratiharas of the north faced the situation boldly and were feared by foreigners. In the llth-12th century the Chauhans and Ghacavalas acted as bulwark against the foreign invaders, but in these wars of survival the most glorious part was played by the Turki and Hindu Sh?his of the Panjab and Kabul. With their defeat, the gates of northern India lay open. It is difficult to understand the story of Indian history without understanding the great achievements of Indian sailors and sea captains and their close cooperation with caravan leaders.



Dr. GSL Devra
*Ex-Professor of History and Indian Culture at Kota Open University*

#TRADE

In ancient times all of Asia extending from the Caspian Sea to China and from Bahlika (Central Asia) to Pataliputra (Bihar)-Tamralipti (Odisha), was outlined. Patini (500 B.C.) gives its contemporary name as 'Uttarapatha'. From the period of Mauryans, first time, trade routes were readjusted according to geographical, political and administrative changes took place in different parts of Asia. For example, Bactria (North Afghanistan) rose to become a legendry market where all types of products came from far and wide. Routes originating from India and China also join at this place. Researchers have already discussed about the fabulous character of Silk route of Asia which even after facing several political up-heals, particularly in the territory of Central Asia, survived.

Rulers, like Genghis Khan whose political considerations were much heavier took keen interest in the flow of trade on this route. Routes Originating from China passes through Gobi Desert, the most difficult part of itinerary, entered into the territory of Central Asian (Soviet) Republics. In this land of Central Asia, along with the silk route several parallel routes also competed. But they remained within confines of Amu and Syr Darya. After that all of them reaches either to the ports of Black sea, or Mediterranean Sea. Another land route of this group through Ukraine enters Europe and terminates at Romania. From there the goods were taken to different destinations particularly to Rome. The trade relations between Rome and China were very progressive. Countries like India were also in the race. The demand of silk in Roman Empire was enormous. Now China is taking all possible steps for reviving the past glory of it.

### Trade Relations Of India

Since many regional and local roads used to join long and popular routes, demand for transportation on the long routes considerably increased. Many routes of India had been redesigned so that they could cross the geographical limits of sub-Indian continent and after that combine with long routes of Asia. In the ancient period, trade relations of India with the powers of Central Asia and Mangolia were very close and rested upon the benefits of all concerned parties. For example, where India was famous for supplying natural food products Khurasan enjoyed the monopoly of marketing horses. The rule of Kushans over entire north-west regions of India and even beyond that had created a favourable atmosphere for the growth of commercial activities. Later on, Saka also tried their best to safeguard the movements of travellers on these routes.

Until the seventh century despite facing numerous challenges the trade on these routes remained unabated. Ancestors of the rulers of Jaisalmer (Rajasthan) had founded the fort of Ghazni, sometime in the third century B.C. (Yudhistra Samvat 3009), to resist the attacks of Parthians (Persians) and Greeks, Later on, Sakahad laid down the foundation of the forts of Sialkot and Bhatner. Taxila emerged as a leading centre of learning. For the study of Astronomy and other related subjects' people from distant places visited Multan. Such kinds of developments accelerated the trade of India with Persia. Spread of Buddhism in Central Asia and China also supported the growth of Indian trade in the new territories.

Northern Grand Route of India was the major highway of the subcontinent which connected the port towns of Bay of Bengal with the trading centres of Hindukush range. Contemporary travellers had witnessed the presence of Indian merchants almost in all the important towns of Central Asia. Their trading activities enhanced the prestige of towns, like, Ghazni, Kandhar, Kabul, Herat, Balkh and Bactria. Route operating within India from Tamralipti to Patliputra in India used to join the great highway, running through Pataliputra and Banaras to Kaushambi. From here it branched into two major routes; the main trunk road used to go towards the side of present Delhi and further across the north Rajasthan or Punjab to Taxila and the Kabul Valley; from there it again divided, one road moved to Hindu Kush and the other took the direction of Western Asia. The road to Taxila was considered safe. Numerous stories mention the unarmed travel of sons of nobles and priests who went to receive their education at Taxila. People from Kashmir and northwest parts of India proceeded to Kashgar and Khotan and set up their colonies.

Another important route originated from Central Asia or Persia first halted at Multan and from there move to Uchh, Marot, Bhatner, Sirsa and while crossing Delhi ended at Kannauj. Almost all invaders on India opted this route, At Uchh other routes of lower Sind used to come and join. This route remained popular till the partition of India in 1947. The political changes in the Central Asia from Greeks to Scythians, from latter to the Yueh-Chi Kushanas, finally to the Hephthalites (Hunas), in no way affected the allegiance of the people towards Buddhism. Chinese traveller Hieun Tsiang had witnessed the presence of Buddhist monasteries almost in all-important towns and cities of Central Asia, so far, he had visited. Guttila Jataka supports the movement of Caravans from Vidisa to Gandhara and beyond that. For the traders after the decline of Gandhara Multan became their first choice. During the early medieval period, merchants of Mannigrama in south India extended their trade to modern Afghanistan and Arabia as well as to Burma and Southeast Asia.

During this period sea routes also played an important role in the growth of trade and commerce. Indian ports were also well connected with the major land routes. Caravans extended their activities from Tamralipti in the Bay of Bengal to Antioch in Syria, from Java to Kedah, and to the ports of Cholamandala and to Alexandria and East African ports. Megasthenes has described the northern route and its various constituents. Similarly, many routes and their arteries started from Uttarapath were well connected with the places of Vidarbha, Dakshina-Kosala and Dakshinapatha. Attention was paid for the safeguarding and repairing the roads. But even then, they were infested with robbers known as panthaghataka or paripanthin.


Marco polos route on silk-road to china.


Trade caravans Silk Road Central Asia

### Well-being Of Business

In the Chachnama it is mentioned that Arab conquers made adequate arrangements for safe travelling through the territory of Sind and Afghanistan. Proper arrangements were made for journeys in the desert areas. A route from Dvaravati (Dwarka) passing Marudhanva (Marwar district) reached Roruka (Rohki), the capital of ancient Sauvira (Multan) kingdom, and from there after many stages it reached to Central Asia (Kamboja); from there it had to cross Airavatadhanva (Gobi desert). That big caravan was crowded with elephants, horses and chariots and the number of oxen, donkeys, camels and men on foot was so overwhelming that the caravan appeared as the moving ocean of men. The reports prepared by James Tod in the beginning of nineteenth century has highlighted the old routes running between Jodhpur and Bikaner states with the towns of Sind and Gujarat.

Kautilya has mentioned at length several kinds of roads and the rules governing the customs duties. The term himsrik for pirate boat is worth noting. In the Maurya period great attention was paid to the organisation and well-being of business; the Artha'sastra contains enough material about these topics. The Tunga period continued those rules. Whatever steps the Mauryans had taken for the propagation of sea trade, the Satavahanas improved upon them. The four Scythian tribes mentioned by Strabo, had rarely disturbed the movement of trade. Rather, after their involvement the salt trade considerably increased. In the Kushala period Kanishka occupied the silk routes of Central Asia and the great northern route at the same time. Before him no other ruler had the power to acquire those routes. As a result, Indian culture, religion and trade spread with force from Termiz valley in the east and Sogdiana in the west. In the Kushan period India's trade and commerce with the Roman empire had reached its zenith, but in this sea-borne trade caravans seem to have played a great part. The long rivalry between the Sakas and Satavahanas was not only due to political reasons but also due to commerce. While the Satavahanas were firmly established in the Kalyan-Nasik region the Sakas held sway over Sopara-Bharukachcbha region.

### Indian Sailors

In the Gupta period Indian fleets were capable of defending the sea-girt coastal regions of the country and increase trade with other countries. Trade in black pepper was at its zenith. Black pepper was loaded on ships in the ports of Malay coast, and was unloaded in the sea port of Kolkai and was despatched to Rome by Indian merchants through the Arab intermediaries. Pliny calls India as the source of precious stones. In this connection the words of an Arab merchant Hazrat Oman are worth noting: "The Indian rivers are pearls, the mountains rubies and trees perfumes." The sea route from Cambodia (Kamala) to Alexandria and Rome was well known to Indian sailors.The lists of twenty-four guilds, twenty-two heads of guilds and thirty professions preserved in the Mahavastu represent a flourishing world of trade providing the true index of the production of the goods.

> In the Deccan, while the Rashtrakutas were friendly to the Arabs in the 8th-9th century the Gurjara-Pratiharas of the north faced the situation boldly and were feared by foreigners.


Victory tower.

The clash between India and the Arab world increased with hurricane force and by the eleventh century it extended as far as Varanasi. In the Deccan, while the Rashtrakutas were friendly to the Arabs in the 8th-9th century the Gurjara-Pratiharas of the north faced the situation boldly and were feared by foreigners. In the llth-12th century the Chauhans and Gahacavalas acted as bulwark against the foreign invaders, but in these wars of survival the most glorious part was played by the Turki and Hindu Shahis of the Panjab and Kabul. With their defeat, the gates of northern India lay open. It is difficult to understand the story of Indian history without understanding the great achievements of Indian sailors and sea captains and their close cooperation with caravan leaders.

The archaeological finds from Arikamedu, Alkota (Baroda), Brahmagiri (Kolhapur), Kapisi (Begram) and Taxila also throw important light on the trade relations between India and the Roman Empire. However, after the downfall of the Roman and the Kushana empires difficulties again arose on the trade routes and consequently the trade suffered. One of the reasons behind the war of the Sakas and Satavahanas was the lucrative trade with the Roman Empire. Both the powers wanted to control the port of Broach which was the key point in this trade.

rajeshsharma1049@gmail.com


The fortress and citadel of Ghazni (Afghanistan) and the two Minars.

#GENETICS

# A Single Human Ancestor

We all used to have brown eyes. Then, something strange happened around 10,000 years ago.



In 2008, a study led by Hans Eiberg from the University of Copenhagen claimed that all blue eyes link back to a single ancestor who lived between 6,000 and 10,000 years ago. The concept has continually cropped up in news stories and social media posts over the 15 years since the paper was released. Simply put, we remain enamoured.

But where did the concept come from? That 2008 study in was built on research that started in 1996, and it all focused on genetic exploration of the OCA2 gene.

### The Mutation

The research shows that the OCA2 gene codes play a key role in the production of melanin, the pigment that colours hair, skin, and eyes. Eiberg's theory is that a mutation occurred between 6,000 and 10,000 years ago that switched on the ability for the gene to dilute brown eyes to blue.

"Originally, we all had brown eyes," he said in 2008. "But a genetic mutation affecting the OCA2 gene in our chromosomes resulted in the creation of a switch, which literally turned off the ability to produce brown eyes."

Every eye colour links directly to the volume of melanin in the iris. Green eyes, even more rare than blue, marks a reduced level of melanin, though not as reduced as blue eyes. It only takes a miniscule change to shift from brown to blue. "From this we can conclude that all blue-eyed individuals are linked to the same ancestor," Eiberg says. "They have all inherited the same switch at exactly the same spot in their DNA."



### The Combination

He refers to that that switch as a specific genetic mutation event, and believes that it only produced the first-ever blue-eyed human thanks to the mutation of the regulating HERC2 gene. The combination is the only known way eyes can turn blue (in contrast, red hair can happen for one of nearly a dozen reasons). That mutation remained in place for the next generation, meaning the reduced production of melanin in the iris allowed for the continued dilution of brown to blue.


Since that multi-thousand-years-ago switch, the progression of blue-eyed humans has only pushed forward. Multiple research papers concluded that the first mutation was probably somewhere in Europe, likely during the Neolithic expansion. The blue-eyed march continued as populations dispersed.

Roughly 10 percent of all humans have blue eyes, but that number varies wildly depending on regions, with Scandinavian countries having a higher propensity for blue eyes.

Deemed a neutral mutation, Eiberg says the eye-colour example "simply shows that nature is constantly shuffling the human genome, creating a genetic cocktail of human chromosomes and trying out different changes as it does so."




## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# हेरोइन की खेप उठाने आए दो तस्करों को बी.एस.एफ. ने पकड़ा

## डिलीवरी लेने दो साथियों संग पंजाब से आया टाडा एक्ट का आरोपी, तीनों गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** बॉर्डर पर पाकिस्तान की तरफ से भेजी जाने वाली हेरोइन की खेप उठाने आए दो तस्करों को बीएसएफ ने पकड़ा है जबकि इनके एक साथी को समेजा कोठी पुलिस ने पकड़कर गिरफ्तार किया है। इनमें से एक हथियार तस्करी में टाडा एक्ट में गिरफ्तार हो चुका आरोपी भी शामिल है। ये लोग रात को बॉर्डर एरिया में हेरोइन की डिलीवरी लेने आए थे। पाकिस्तानी तस्कर को शक होने पर रात को ड्रोन भारतीय सीमा में नहीं भेजा। लिहाजा हेरोइन की खेप की डिलीवरी नहीं हो पाई।

बीएसएफ के कंपनी कमांडर की ओर से इनके खिलाफ मादक पदार्थ तस्करी के आरोप में मुकदमा दर्ज करवाया है। समेजा कोठी एसएचओ महावीर स्वामी ने आरोपियों को 29 अप्रैल को अदालत में पेशकर दो दिन के रिमांड पर लिया है। विभिन्न सुरक्षा एजेंसियां आरोपियों से हेरोइन तस्करी के नेटवर्क के बारे में पूछताछ कर रही हैं। मिली जानकारी के अनुसार पंजाब के तरनतारण जिले के सराय अमानत थाना क्षेत्र के गांव छिना बीदीचंद निवासी 27 वर्षीय जोबनप्रीतसिंह जटसिख पुत्र बलविंद्रसिंह तथा उसके साथ तरनतारण जिले के ही थाना खालड़ा के गांव मारी कंबोकी निवासी 70 वर्षीय बोहड़सिंह जटसिख पुत्र प्रीतमसिंह को बीएसएफ की 34वीं बटालियन के जवानों ने 44 पीएस की रोही में छुपे हुए को पकड़ा।

तस्करी के आरोपियों से प्रारंभिक पूछताछ की गई तो इन्होंने बताया कि ये लोग पाकिस्तान से ड्रोन से आने वाली हेरोइन की डिलीवरी लेने के लिए आए हैं। इनको तरनतारण जिले के ही बड़ोपाल गांव निवासी युवक अंग्रेजसिंह जटसिख पुत्र निरजंनसिंह अपनी इंडिका विस्टा कार पीबी 03 सी 0076 पर बॉर्डर के निकट छोड़कर खुद पीछे चला गया है। बीएसएफ के कंपनी कमांडर श्रीरामभज की ओर से इस संबंध में पुलिस की मदद लेकर तत्काल एरिया में नाकाबंदी करवाई। इस दौरान समेजा कोठी एसएचओ महावीर स्वामी की ओर से नाकाबंदी में उक्त आरोपी कार

- **बीएसएफ के कंपनी कमांडर की ओर से मादक पदार्थ तस्करी के आरोप में मुकदमा दर्ज करवाया**

सहित समेजा गोशाला के निकट भागते पकड़ा गया। तीनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

एसपी परिस देशमुख ने बताया कि बीएसएफ के कंपनी कमांडर श्रीरामभज की टीम ने जोबनप्रीतसिंह और बोहड़सिंह को 44 आरबी की रोही में डिटेन किया। इनके मोबाइल फोन चेक किए तो पाकिस्तानी नंबरों पर रात को बार-बार फोन किए जाने के सबूत मिले। आरोपियों ने पाकिस्तानी तस्कर को अपनी लोकेशन और बॉर्डर की लोकेशन भी सोशल मीडिया के जरिए भेज रखी थी। इस पर पंजाब के तरनतारण जिले के निवासी और यहां रात को तस्करी की फिराक में घूमने पर पकड़ लिया गया। इन्होंने अपने तीसरे साथी अंग्रेजसिंह के बारे में बताया।

एसपी परिस देशमुख ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपी हेरोइन तस्करी के पुराने मास्टर माइंड हैं। इनके खिलाफ पंजाब में हेरोइन तस्करी के काफी मुकदमे दर्ज हैं। यह जानकारी खुद पकड़े गए आरोपियों ने ही बताई है। इसकी तस्दीक को पंजाब के तरनतारण जिला पुलिस से आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी मांगी गई है।

सूत्रों के अनुसार गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों से समेजा कोठी थाना में पूछताछ को भारतीय सुरक्षा और खूफिया एजेंसियों ने पूछताछ शुरू कर दी है। सभी एजेंसियां आरोपियों से पाकिस्तानी हेरोइन तस्करों के बारे में अधिकतम जानकारी जुटाकर कुंडली बनाने में जुटे हैं। भारतीय एजेंसियां जानना चाहती हैं कि पाकिस्तान में हेरोइन तस्करी के कितने रैकेट चल रहे हैं और इनके मास्टर माइंड कौन हैं। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई की ओर से इनको किस तरह का सहयोग किया जा रहा है। गिरफ्तार दो आरोपी 70 साल के हैं। तस्करी का इनका लंबा रिकॉर्ड है।

हेरोइन तस्करी की फिराक में पकड़ा आरोपी बोहड़ सिंह कुख्यात हथियार तस्कर भी रहा हुआ है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने 1989 में घड़साना क्षेत्र में हथियारों की तस्करी की थी। अवैध हथियार आरोपी के घर पंजाब से बरामद किए गए थे। बोहड़ सिंह जटसिख तब करीब 37 साल का था। उस पर टाडा एक्ट लगाया गया था। मामले में गिरफ्तार होकर लंबी अवधि तक जेल भी जा चुका है। आरोपी श्रीगंगानगर जिले के बोर्डर एरिया का काफी जानकार माना जा रहा है। क्योंकि यह पिछले 40 वर्षों से बॉर्डर एरिया में तस्करी की वारदातों में सक्रिय चला आ रहा है।

# आर्मी का ट्रक पलटा, तीन सिपाही घायल



घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

**रतनगढ़, (निसं)।** पल्लू से सवार होकर जयपुर जा रहे 16 इंजीनियरिंग रेजिमेंट का एक ट्रक नेशनल हाइवे 11 पर हादसे का शिकार हो गया। समाजसेवी रेवंत मूंड व पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोषकुमार इंदौरिया ने हाइवे एम्बुलेंस की सहायता से घायलों को रतनगढ़ जिला अस्पताल भिजवाया तथा पुलिस को सूचना दी।

घटना में तीन सिपाही घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूचना पर रतनगढ़ पुलिस जिला अस्पताल पहुंची तथा घटना की जानकारी ली। मिली जानकारी के अनुसार 16 इंजीनियरिंग रेजिमेंट की एक टुकड़ी पल्लू से जयपुर जा रही थी। नेशनल हाइवे 11 पर रतनगढ़ के गांव

- **पल्लू से सवार होकर जयपुर जा रहे 16 इंजीनियरिंग रेजिमेंट का एक ट्रक पलटा**

गुंसाईसर के पास आर्मी के एक ट्रक का स्टेयरिंग लॉक हो गया।

जिसके बाद ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गया तथा खेत में पड़ी लकड़ियों से टकरा कर पलटी खा गया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई तथा घायलों को रतनगढ़ के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद सभी सिपाहियों को हायर सेंटर रैफर कर दिया। सूचना पर रतनगढ़ पुलिस जिला अस्पताल पहुंची तथा घटना की जानकारी ली। ट्रक में रेजिमेंट के सिपाही यूपी निवासी 26 वर्षीय संदीप कुमार, 26 वर्षीय आलोकप्रतापसिंह एवं पंजाब निवासी 24 वर्षीय गुरप्रीत सिंह सवार थे। घटना के समय गुरप्रीत ट्रक को चला रहा था, वहीं आलोकप्रताप सिंह की हालत गंभीर है।


हादसे के बाद जिला अस्पताल में लोगों की भीड़ लग गई। इस दौरान युवा कांठोस नेता रामवीरसिंह राईका व निजी स्कूल संघ के अध्यक्ष भवानीसिंह गोलसर जिला अस्पताल पहुंचे तथा घायल सिपाहियों को एम्बुलेंस की व्यवस्था कर हायर सेंटर भिजवाने में सहयोग किया। इस दौरान जिला अस्पताल में लोगों की भीड़ लग गई।

# फर्जी आई.ए.एस. गिरफ्तार

**भरतपुर, (निसं)।** मथुरा गेट थाना पुलिस ने एक ऐसे युवक को गिरफ्तार किया है जो अपने मकान मालिक को भारतीय प्रशासनिक सेवा का अधिकारी बन उसकी बेटी के साथ शादी के मंसूबे बांध रहा था। आरोपी युवक पर अपने मकान मालिक से करीब पौने तीन लाख की नकदी हड़प लेने का भी आरोप है।

फर्जी आईएएस अधिकारी का चोला पहने धौलपुर जिले के बाड़ी थाना इलाके में खेमरी गांव के रहने बाले 27 वर्षीय

- **फर्जी आईएएस अपने मकान मालिक की बेटी से शादी के मंसूबे बांध रहा था**



भरतपुर की मथुरा गेट थाना पुलिस ने फर्जी आईएएस सुरजीत को गिरफ्तार किया।

सुरजीत सिंह को 13 अप्रैल को बाबा साहब भीम राव अंबेडकर की जयंती के एक कार्यक्रम में जाटव समाज के नेता राजकुमार पप्पा द्वारा जिला कलेक्टर आलोक रंजन के हाथों सम्मानित भी करवाया गया था। बताया गया कि सुरजीत नामक यह फर्जी आईएएस युवक पिछले कुछ समय से शहर के एक मकान में किराए पर रह रहा था। करीब 2 हफ्ते पहले उसने मकान मालिक को उसके भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयन होने व कलेक्टर बन जाने की जानकारी दे उसकी बेटी से शादी करने की इच्छा जाहिर की तो मकान मालिक ने उससे सलेक्शन के कागजात दिखाने को कहा।

लेकिन कोई स्पष्ट जबाब नहीं मिलने पर गहराये शक के बाद मकान मालिक ने सुरजीत के गांव में पता करवाया तो पता चला कि सुरजीत की कहानी झूठी है और वह फर्जी है। युवक की कलई खुलने और मकान मालिक की तरफ से मथुरा गेट थाने में शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने मकान मालिक के घर से ही इस फर्जी युवक को गिरफ्तार कर लिया। मकान मालिक ने बताया कि आरोपी ने चयन होने के बात कहकर उससे 2 लाख 75 हजार रुपए भी हड़प लिए। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

## फरार आरोपी गिरफ्तार

**किशनगढ़ रेनवाल, (निसं)।** रेनवाल थाना पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत 9 वर्ष से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी उमराव सिंह गुर्जर ने बताया कि वर्ष 2014 में रेनवाल थाने में दर्ज कराए गए नाबालिग

- **पोक्सो एक्ट में 9 वर्ष से फरार चल रहा था**

से बलात्कार के मामले के बाद आरोपी महेंद्र कुमार सोंदलिया उम्र 29 वर्ष पुत्र देवीलाल जाट पिछले कई वर्षों से फरार चल रहा था। जिला पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण डॉ. राजीव पचार के निर्देश पर वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत 5000 के इनामी बदमाश महेंद्र जाट की तलाश शुरू की गई। पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयास एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी के कोल्हापुर महाराष्ट्र में होना पाया गया। बाद में रेनवाल पुलिस द्वारा एक टीम का गठन कर आरोपी की तलाश में कोल्हापुर महाराष्ट्र में तलाश शुरू की गई। जहां पर स्थाई वारंटी महेन्द्र को कोलापुर में मजदूरी करता हुआ मिला, जिसे रेनवाल पुलिस ने गिरफ्तार किया।

# रेलवे प्लेटफॉर्म पर मिली नाबालिग की लाश

**हनुमानगढ़, (निस)** टाउन क्षेत्र में एक नाबालिग की नशे की ओवरडोज से मौत हो गई। मृतक की पहचान 16 वर्षीय रामू के तौर पर हुई थी जिसका शव टाउन रेलवे स्टेशन पर मिला था। स्टेशन मास्टर ने जब प्लेटफॉर्म पर पड़े शव को देखा तो इसकी सूचना जीआरपी को दी। जानकारी के अनुसार टाउन रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर दो पर बॉडी बरामद हुई थी।

मृतक टाउन किले के पास बनी बस्ती का निवासी था। सूचना देने के बाद परिजन मौके पर पहुंचे। जिसके बाद बॉडी को टाउन अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, इसके बाद परिजनों ने कार्रवाई करने से इनकार कर दिया। क्योंकि परिजनों के अनुसार रामू नशे करने का आदि था। इसके बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। चिंताजनक बात यह है कि टाउन क्षेत्र में ही पिछले दो दिन में नशे के कारण 2 लोगों की मौत हो चुकी है। स्टेशन पर जांच के दौरान पुलिस को युवक की जेब से इंजेक्शन भी मिले।

इनमें से कुछ इंजेक्शनों पर खून के धब्बे भी मिले जिन्हें वह इस्तेमाल कर चुका था। परिजनों ने बताया कि वह इंजेक्शन के साथ साथ चिट्टा का नशा भी करता था। परिवार के लोग उसको घर में ही रखते थे ताकि वह बाहर जाकर नशा न कर सके। किले के पास बने घर में वह अपनी दादी के साथ ही रहता था। उसके माता पिता इस दुनिया में नहीं है। पोते की मौत के बाद दादी का भी रो-रो कर बुरा हाल हो चुका है।

## पंक्चर की दुकान में लगी आग

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कस्बे के ब्रह्मचारी मोड पर साजिद कुरैशी की टायर पंक्चर की अस्थाई दुकान में आग लगने के कारण दुकान में रखे टायर-ट्यूब और मशीनरी सहित सामान व दुकान के बाहर रखी मशीनरी जलकर राख हो गई। साजिद कुरैशी ने बताया कि सुबह 6:30 बजे किसी ने फोन किया कि आप की दुकान में आग लगी हुई है तो मैने जाकर देखा तो पूरी दुकान जलकर राख हो चुकी थी दुकान पहुंच कर पुलिस थाने में सूचना दी और परिवारजनों को बताया। थोड़ी देर बाद पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस ने मौका मुआयना किया। साजिद कुरैशी के भाई ने बताया कि दुकान में आग लगने के कारणों का कोई पता नहीं चल पाया है कि किस कारण आग लगी है। दुकान में करीब 50 से 60 हजार रुपये का नया माल रखा हुआ था।

## अवैध केमिकल बेचने वाला गिरफ्तार

**उदयपुर, (निसं)।** परसाद थाना पुलिस ने अवैध रूप से केमिकल व ऑयल का भण्डारण कर बेचने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार नाकाबंदी के दौरान परसाद थानाधिकारी परमेश्वर पाटीदार को सूचना मिली कि हाइवे पर वाहनों से केमिकल निकाला जा रहा है। इस पर पुलिस दल ने मौके पर पहुंच कर होटल के पास कमरे में पहुंचे तो वहां मौजूद व्यक्ति तरला पदार्थ बेचते हुए मिला। जिसका नाम पूछा तो भेरूसिंह पुत्र किशनसिंह राजपूत निवासी देवाली डबोक हॉल बाबा रामदेव होटल बताया। मौके की तलाशी ली तो डमों में लिफ्ट ऑयल व पॉम आयल होना पाया गया। हाईवे पर चलने वाहनों से उक्त माल खरीद कर बेचना बताया। इस पर पुलिस ने माल जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया। जिससे पूछताछ की जा रही है।

# जेईई-एडवांस्ड-2023, आवेदन प्रक्रिया प्रारम्भ

**कोटा, (निसं)।** आईआईटी गुवहाटी द्वारा 4 जून को देश की 221 परीक्षा शहरों में होने वाली जेईई-एडवांस्ड परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। जेईई-मेन के परिणामों में पात्र घोषित हुए विद्यार्थी बड़ी संख्या में जेईई-एडवांस्ड के लिए आवेदन करने लगे हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 7 मई को 5 बजे तक रखी गई है। आवेदन के बाद 8 मई शाम 5 बजे तक शुल्क जमा करवाई जा सकेगी। इस वर्ष जेईई-एडवांस्ड परीक्षा केवल भारत में होगी।

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि जेईई-एडवांस्ड की सम्पूर्ण आवेदन प्रक्रिया तीन चरणों में संपन्न होगी।पहले चरण में आवेदन के दौरान विद्यार्थियों को अपनी आवश्यक जानकारी एवं परीक्षा केन्द्र भरना होगा। दूसरे चरण में दसवीं व 12वीं की अंकतालिका सर्टिफिकेट एवं कैटेगिरी सर्टिफिकेट अपलोड करने हैं। तीसरे चरण में स्टूडेंट्स को आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा। विद्यार्थियों को आवेदन के दौरान 8 परीक्षा केन्द्र चुनने का अवसर दिया गया है। आवेदन के दौरान विद्यार्थियों को ओबीसी एवं ईडब्लयूएस का प्रमाण पत्र 1 अप्रेल 2023 के बाद का देना होगा।

ऐसे विद्यार्थी जिनके पास ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र दिए गए समय का उपलब्ध नहीं है तो वे डिक्लेरेशन के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। डिक्लेरेशन का प्रारूम जेईई-एडवांस्ड के इनफोर्मेशन बुलेटिन से डाउनलोड किया जा सकता है। डिक्लेरेशन के माध्यम से विद्यार्थियों को कैटेगिरी संबंधित दस्तावेज अपलोड करने के लिए जोसा काउन्सलिंग तक का समय मिल जायेगा। विद्यार्थियों को इस फार्मेट को डाउनलोड कर समस्त जानकारी भरकर फोटो लगाकर स्वयं एवं माता-पिता के हस्ताक्षर करके अपलोड करना होगा। नियत समय तक कैटेगिरी सर्टिफिकेट नहीं देने पर विद्यार्थी को उस कैटेगिरी में शामिल नहीं माना जाएगा और उसकी रैंक सामान्य श्रेणी की कॉमन रैंक लिस्ट में शामिल की जाएगी। जेईई एडवांस्ड के प्रवेश पत्र 29 मई को जारी कर दिए जाएंगे। साथ ही जेईई-एडवांस्ड का परिणाम 4 जून सुबह 10 बजे जारी किया जाएगा।

## हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

**नोखा, (निसं)।** हत्या के प्रयास के मामले में दो माह से फरार आरोपी को नोखा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में तीन आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार जेल भिजवाया जा चुका है। थानाधिकारी ईश्वरप्रसाद जांगिड़ ने बताया कि 25 फरवरी को बीकासर निवासी रेवन्तसिंह ने मुकदमा दर्ज करवाया था कि 24 फरवरी को वो भंवरसिंह के घर गया हुआ था, तो इतने सुरेन्द्रसिंह, नरेन्द्रसिंह, मोहनसिंह, विक्रमसिंह, शिवसिंह, नरपतसिंह निवासी नोखागांव ने जान से मारने की नियत से मारपीट की। मामले की गंभीरता को देखते हुए थानास्तर पर टीम गठित कर आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए निर्देशित किया। शनिवार देर शाम को नोखागांव निवासी विक्रमसिंह को गिरफ्तार किया है व मामले की पूछताछ की जा रही है।

# शिक्षक संघ शेखावत का सामूहिक उपवास व धरना शुरू

**चूरू, (कासं)।** राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के प्रांतीय आह्वान पर रविवार दोपहर दो बजे से सोमवार दो बजे तक 24 घंटे का सामूहिक उपवास व धरना जिलाध्यक्ष विजय पोटलिया व जिला मंत्री वेदपाल मलिक के नेतृत्व में शुरू किया गया। धरने को संबोधित करते हुये प्रांतीय सभा अध्यक्ष याकूब खान, प्रदेश उपाध्यक्ष भंवरलाल कस्वां, प्रदेश संयुक्त मंत्री शुभकरण नैण व प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य रतनलाल पांड्या ने कहा कि हमारे संघ ने पूरे प्रदेश में सार्वजनिक शिक्षा को बचाने के लिए हमें पढ़ाने दो की मुहिम शुरू की है और इसके अन्तर्गत तमाम शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक कार्यों के बहिष्कार का ऐलान किया है। धरने का शुभारम्भ बीएलओ कार्य के बहिष्कार से किया गया है।

- **धरने का शुभारम्भ बीएलओ कार्य के बहिष्कार से किया गया**

इसी क्रम में सोमवार को दोपहर 3 बजे जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पर बड़ा प्रदर्शन किया जायेगा। जिलाध्यक्ष विजय पोटलिया व मंत्री वेदपाल मलिक ने कहा कि हमारा प्रदर्शन आर- पार की लड़ाई लड़ने के रूप में होगा। प्रशासन को प्रदर्शन के माध्यम से स्पष्ट करना चाहते हैं कि हम बीएलओ सहित अन्य गैर शैक्षणिक कार्य नहीं करेंगे। अध्यापकों को गैर शैक्षणिक कार्यों में उलझा कर शिक्षण का स्तर कमजोर नहीं होने देंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष अंबेडकर शिक्षक संघ शीशराम माहिच व जिलाध्यक्ष शारीरिक शिक्षक संघ रामसिंह ने विश्वास दिलाया कि हमारा संगठन भी इस मुहिम के साथ हैं। आज सामूहिक उपवास पर भंवरलाल कस्वां, विजय पोटलिया, वेदपाल मलिक, शुभकरण नैण, सुरेन्द्र सीगंड़, रणवीर सारण, अनिल लांबा, भंवरलाल साहरण, कृष्ण ईशराण व हरिराम धेतरवाल शिक्षक 24 घंटे के उपवास पर बैठे। इस अवसर पर खादिम अली, हंसराज सांवा, राजकुमार चिछड़िया, मनमोहन दान चारण, बेगराज इशराण आदि उपस्थित थे।

# पूर्व सैनिकों ने मांगों को लेकर रैली निकाली

**झुंझुनूं, (निसं)।** वन रैंक वन पेंशन की विसंगतियों को दूर करने की मांग को लेकर झुंझुनूं में रविवार को पूर्व सैनिकों ने झुझार सिंह पार्क से लेकर सांसद कार्यालय तक रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद सांसद कार्यालय पहुंचकर सांसद नरेंद्र कुमार को ज्ञापन दिया। साथ ही सांसद से निवेदन किया कि वे पूर्व सैनिकों की पीड़ा को ना केवल संसद में उठाए।

बल्कि प्रधानमंत्री तक भी पहुंचाएं, ताकि प्रधानमंत्री का वन रैंक वन पेंशन का वादा पूरा हो सके। इससे पहले झुझार सिंह पार्क में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक इकट्ठा हुए। जिन्होंने कहा कि शर्मनाक है कि जो सैनिक सीमा पर सुरक्षा करते है। अपने हकों के लिए उन्हें सड़कों पर उतरना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते केंद्र सरकार ने विसंगतियों को दूर कर वन रैंक वन पेंशन का पूरा लाभ नहीं दिया तो आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान हालातों से फिलहाल भी जो सैनिक सेवारत है। उनका हौंसला टूट रहा है। जो किसी देश के लिए सही

- **पूर्व सैनिकों ने सांसद नरेंद्र कुमार को ज्ञापन दिया**

नहीं है। पूर्व सैनिक संघर्ष समिति यह प्रदर्शन किया गया।

इस मौके पर गौरव सैनानी शिक्षक संघ प्रदेश अध्यक्ष राजपाल फोगाट ने बताया कि हमारा संगठन भी इस आंदोलन में शामिल हुआ। वन रैंक वन पेंशन में सबसे ज्यादा नुकसान सूबेदार तथा इससे निचले रैंक में हुआ। जिसको लेकर सिपाही से सूबेदार मेजर तक के सभी भूतपूर्व सैनिकों में भारी रोष है। अगर इसको दूर नहीं किया गया तो सैनिक बड़ी संख्या में इकट्ठे होकर आंदोलन करेंगे। आंदोलन में भगत सिंह समोता, बोदनराम चावला, रविंद्र धनकड़, राजेंद्र जानूं, छैलूराम जाट, विद्याधर श्योराण, राजवीर रेप्सवाल, रामेश्वर बाटड़, गंगाराम ढाका, राजकुमार नूनियां, गौरव सैनानी शिक्षक संघ पदाधिकारियों ने आंदोलन में हिस्सा लिया और अपने विचार व्यक्त किए।

## दो सड़क हादसों में एक की मौत

**बौंली, (निसं)।** क्षेत्र में रविवार को हुई दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई एवं दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार रविवार को करीब 10 मथुरा हाईवे पर मोरेल नदी के पास घटित सड़क दुर्घटना में पिकअप ने एक बाइक को टक्कर मार दी इस दुर्घटना में बाइक पर सवार हारिस खान (25) निवासी बेरखंडी व अलशेर खान (28) निवासी बेहतेड गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना पाकर एम्बुलेंस मौके पर पहुंची एवं दोनों घायलों को मलारना डूंगर चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार के बाद सवाई माधोपुर जिला चिकित्सालय में रेफर कर दिया गया दोनों युवक बेहतेड से बेरखंडी जा रहे थे। एक अन्य सड़क दुर्घटना में रविवार को बौंली-निवाई सड़क मार्ग पर 19 वर्षीय युवक विकास गुर्जर व उसका चाचा राजेश गुर्जर निवासी पीपलवाड़ अपने गांव से बौंली की तरफ आ रहे थे। सड़क मार्ग पर वन विभाग नर्सरी के पास उनकी बाइक अज्ञात कारणों से पोल से टकरा गई सूचना पाकर एंबुलेंस द्वारा गंभीर घायल को चिकित्सालय लाया गया।

# सलूम्बर वन विभाग की टीम ने मादा पैंथर व दो श्वान को रैस्क्यू कर जंगल में छोड़ा

**उदयपुर, (निसं)।** सलूम्बर वन विभाग की टीम ने मादा पेंथर व उसके दो श्वानों को रेस्क्यू कर अन्यत्र जंगल में छोड़ कर जनता को राहत पहुंचाई।

क्षैत्रिय वन अधिकारी सलूम्बर जितेन्द्रसिंह शेखावत ने बताया कि गत दिनों सलूम्बर शहर एवं कब्रिस्तान एवं हाडी रानी कॉलेज के आस पास पेंथर के मूवमेंट होने की सूचना मिलने पर विभाग की टीम ने दो पिंजरे लगा कर तीन वर्षीय मादा पैंथर, आठ माह का नर श्वान व 7 माह का मादा श्वान को रेस्क्यू कर अन्यत्र जंगल में छोड़ कर सलूम्बर शहर वारिसयों को तनाव मुक्त किया। उल्लेखनीय है कि गत दिनों सलूम्बर शहर एवं कब्रिस्तान एवं हाडी रानी कॉलेज के आस पास पैंथर के मुवमेंट होने की सूचना मिली थी।

इस पर वन विभाग की टीम ने कब्रिस्तान व कॉलेज के समीप दो पिंजरे लगा कर वन विभाग के कर्मचारी उदयसिंह, लोकेश मीणा, विष्णु प्रतापसिंह, नरेन्दसिंह तय जाप्ता को निगरानी पर लगा रखा था। शनिवार सवेरे एक पींजरे में आठ माह के मादा पैंथर श्वान कैद होने पर उसे पिंजरे सहित रेंज कार्यालय लेकर आए तथा सांय दुबारा मौके पर पिजरे को श्वासन सहित रखा गया है। जहां विभाग ने पेथर की मां व उसके श्वान को रेस्क्यू करने के लिए दूसरा पिंजरा भी लगा दिया।

रात में करीब ग्यारह बजे खाली पिंजरे में मादा पेंथर व मादा श्वान कैद हो गए। इसका पता चलने पर रविवार सवेरे क्षैत्रिय वन अधिकारी जितेन्द्रसिंह शेखावत मय टीम ने मादा पैथर व दोनों श्वानों को अन्यत्र जंगल में छोड़ दिया। वन विभाग की टीम परिवार से बिछडे श्वान को परिवार के पास छोड़ने के प्रयास में लगी थी। इसी के चलते उसे पिंजरे सहित मौके पर रखा था। विभाग के अधिकारियों की सूझ बूझ से की इस कार्यवाही से मादा पेंथर व श्वान पिजरे में कैद हो गए। जिससे विभाग एवं क्षैत्रवासियों में भी खुशी दिखाई दी।



सलूम्बर वन विभाग की टीम ने मादा पैंथर व उसके दो श्वानों को रेस्क्यू कर अन्यत्र जंगल में छोड़ कर जनता को राहत पहुंचाई।

## संक्षिप्त

### पूर्वा का जेईई मेन्स परीक्षा में चयन



**टोंक,** (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित इमानुअल सीनियर सैकण्डरी स्कूल की छात्रा पूर्वा बुन्देल ने 93.19 प्रतिशत अंकों के साथ जेईई मेन्स परीक्षा- 2023 में 2984 वीं रैंक प्राप्त की। पूर्वा बुन्देल ने यह परीक्षा कक्षा 12 की पढ़ाई के साथ स्वयं पढ़कर प्राप्त की है। पूर्वा बुन्देल ने अपनी प्रारम्भिक सफलता का श्रेय अपनी मेहनत, गुरूजनों के मार्गदर्शन और माता-पिता को दिया है। गौरतलब है कि पूर्वा डॉ. दिनेश बुन्देल (प्रोपराईटर, बुन्देल गैस एजेन्सी- टोंक) की सुपुत्री है।

### कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात

**श्रीमाधोपुर,** (निसं) ।भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ राजस्थान के प्रदेश संयोजक डॉ. माधव सिंह श्रीमाधोपुर ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 100 वें एपिसोड को अनेक कार्यकर्ताओं के साथ सुना। इस अवसर पर चिकित्सालय परिसर में व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर मोती सिंह जसवंतपुरा,पार्षद श्रवण आचार्य, गोकुल शर्मा, योगेश सैनी मनीष सैनी ,मदन लाल सैनी अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भजन संध्या का आयोजन आज

**बोराज,** (निसं)। कस्बे के नवनिर्मित श्री श्याम मंदिर में शुक्ल पक्ष एकादशी के अवसर पर सोमवार को विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। श्याम सखा प्रेम मंडल अध्यक्ष शंकर सिंह शेखावत ने बताया कि भजन संध्या में गायक कलाकार कंचन कुमावत व गोविंद भाई एंड पार्टी द्वारा एक से बढ़कर एक श्याम महिमा का गुणगान करते हुए भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। वहीं दोपहर बाद स्थानीय महिला मंडल की ओर से मन्दिर परिसर में संगीतमय भजन कार्यक्रम का आयोजन होगा।

# मांगों को लेकर शिक्षक संघ शेखावत ने सामूहिक उपवास रखा

**टोंक,** (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत टोंक द्वारा प्रदेश स्तर पर चल रहे आन्दोलन की श्रृंखला में रविवार को अम्बेडकर सर्किल घंटाघर पर एक दिवसीय सामूहिक उपवास आरम्भ किया गया।

अनशन द्वारा प्रमुख मांगों में तृतीय श्रेणी के नीति बनाकर स्थानांतरण तुरन्त प्रभाव से करना, गैर शैक्षिणक कार्यों से शिक्षकों को मुक्त करना, उप

■ **गैर शैक्षणिक कार्यों से शिक्षकों को मुक्त करना आदि प्रमुख मांगे**

प्रधानाचार्य के 50 प्रतिशत पद सीधी भर्ती से भरना तथा संगठन के मांग पत्र पर कार्यवाही करना हैं। उपवास पर बैठे ज्ञान सिंह, लादू लाल चौधरी, नरेन्द्र कुमार शर्मा, प्रकाश चन्द चौधरी, राम प्रसाद धाकड़, बाबू लाल विजय, लाला राम मीना, शिवराज गुर्जर, महावीर असवार, कृष्ण गोपाल जाट, राम बाबू पारीक, दयाराम गुर्जर, दिनेश चौधरी, मोहन लाल बैरवा, गंगा लाल जाट, कुलदीप शर्मा, अमित यादव, चेतन बैरवा, अनिता गुप्ता, सुनीता शर्मा, निर्मला वर्मा, मंजू लता गुप्ता, आशा मीना, दुर्गा देवी जाट, रामदयाल बैरवा, रमेश चौधरी, पवन विजय, वाजिद अली, नन्द किशोर सोनी, महेन्द्र जैन, परस राम मीना, रूपनारायण गुर्जर, भगवान मीना, प्रकाश चन्द कुलश्रेष्ठ, सोहन लाल बैरवा एवं शिव स्वरूप जाटव आदि शिक्षक मौजूद थे।




**राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत टोंक द्वारा प्रदेश स्तर पर चल रहे आन्दोलन की श्रृंखला में अम्बेडकर सर्किल घंटाघर पर एक दिवसीय सामूहिक उपवास किया गया।**

## कुमावत महापंचायत को लेकर बैठक

**फुलेरा,** (निसं)। कस्बे के समीपवर्ती ग्राम काचरोदा स्थित ठण्डीराम बाबा क्री तपोस्थली बालाजी मन्दिर पर कुमावत समाज क्री एक सभा का आयोजन किया गया।

उक्त सभा आगामी 21 मई को जयपुर में आयोजित होने वाली कुमावत महापंचायत को लेकर आयोजित हुई। वहीं सभा क्री अध्यक्षता तहसील कुमावत समाज विकास समिति के महामंत्री ओंकारमल कुमावत के द्वारा की गई। अधिवक्ता महेन्द्र कुमार कुमावत कहा कि जयपुर में आयोजित महा पंचायत को सफल बनाने हेतु फुलेरा उपखण्ड क्षेत्र से समाज के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने के लिए घर-घर पीले चावल दिए जाने का निर्णय लिया गया है। वहीं इसके लिए आगामी रविवार को तहसील स्तर पर मीटिंग बुलाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर हालही में सांभरलेक बार एसोशियन के निर्वाचित अध्यक्ष एडवोकेट हेमराज कुमावत का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर काचरोदा सरपंच पति महेश नेमीवाल, जुगल देवतवाल, सूर्य प्रकाश बालोदिया, पवन नरानियाँ, वीरेन्द्र कुमावत, सत्यनारायण कुमावत, छत्रपाल घोड़ेला, देवेन्द्र कुमावत, गिरधारी लाल बड़ीवाल, लालचन्द सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### बिजली-पानी बंद करने पर हंगामा



**अलवर,** (निसं)। अपना घर शालीमार गेट नंबर 3 के सामने शालीमार वासियों ने मेंटिनेंस वालों की तानाशाही के खिलाफ रविवार दोपहर करीब 12 बजे रोड जाम कर दिया। जब मेंटीनेंस के विवाद को लेकर सोसायटी के लोगों की बिजली व पानी की सप्लाई बंद कर दी। तब सोसायटी के लोग रोड पर उतर आए। गौरतलब है पिछले कुछ दिन से मेंटेनेंस और आरडब्ल्यूए के बीच मेंटेनेंस सुविधाओं को लेकर बातचीत का दौर चल रहा था। इस दरमियान रविवार को मेंटेनेंस प्राइवेट लिमिटेड ने शालीमार निवासियों की बिजली पानी साफ-सफाई अन्य सहित अन्य सुविधाएं बंद कर दी।इसके बाद सोसायटी के लोग विरोध स्वरूव रोड पर आ गए। गेट नंबर तीन के बाहर आकर अलवर-भिवाडी स्टेट हाईवे को जाम कर दिया। जसिके कारण वाहनों की लंबी कतार लग गई।

### कुतुबशाह बाबा का उर्स सम्पन्न

**मनोहरपुर,** (निसं)। चंदवाजी की ऊंची डूंगरी पर विराजमान हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक हजरत कुतुब शाह बाबा रहमतुल्लाह अलेह का दो दिवसीय वार्षिक उर्स कुल की रस्म के साथ सम्पन्न हुआ। हजरत कुतुब शाह बाबा उर्स कमेटी के मेंबर निजामुद्दीन शाह व उस्मान शाह आदि ने बताया कि शनिवार को सुबह 7 बजे झंडा फहराया गया। इसी के साथ में जायरीनों का आना शुरू हो हुआ। इसके बाद शाम को दरगाह प्रांगण में आकर्षक एवं मनमोहक विद्युत सजावट की गई। इस दौरान रात्रि 9 मिलादुन्नबी कमेटी द्वारा मिलाद शरीफ की गई। इसके साथ ही भारत देश की प्रसिद्ध कव्वाल पार्टी द्वारा बाबा की मान मनुहार की गई। इसी प्रकार रविवार को पूरे दिन जात जडूले सवामणी आदि का कार्यक्रम चला ओर वहीं मान्यता पूरी करने के लिए इसी के साथ में राजनीतिक सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा बाबा के चद्दर व तबर्रुख पेश किए गए। इसके बाद दोपहर 2 बजे चंदवाजी की मस्जिद के पास से बैंड बाजे के साथ चद्दर का जुलूस निकाला गया। जिसमें हिंदू मुस्लिम सभी समुदाय के लोग भाग लिया।यह जुलूस चंदवाजी ग्राम के प्रमुख मार्ग होता हुआ बाबा के दरबार में पहुंचा जहां पर विधिवत रस्मो रिवाज के खादिमों द्वारा बाबा के चद्दर पेश की गई। इसी के साथ सामूहिक कुल की रस्म की गई।

### नगर पालिका चेयरमैन को पितृ शोक

**राजगढ़,** (निसं)। नगर पालिका के अध्यक्ष सतीश दुहारिया के पिता मूलचंद दुहारिया 64 वर्ष की जयपुर में उपचार के दौरान 30 अप्रेल को मौत हो गई। उनके निधन की सूचना से भाजपा संगठन एवं नगरपालिका पार्षदों सहित कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई। गौरतलब है कि अध्यक्ष के पिता मूलचंद करीब 7 दिन पूर्व रेलवे स्टेशन के समीप दुर्घटना का शिकार हो गए थे। इसके बाद से उनका जयपुर में उपचार चल रहा था। उनका अंतिम संस्कार रविवार को पटायरी की डूंगरी श्मशान घाट पर किया गया। उनके अंतिम संस्कार में भाजपा नेता, नगर पालिका के पार्षद एवं नगरपालिका कर्मचारियों सहित गणमान्य जन मौजूद रहे।

## सड़कों में हो रहे भ्रष्टचार पर चिंता जताई

**नारायणपुर,** (निसं)। पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ.रोहिताश शर्मा रविवार को बानसूर विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर रहे।

■ **पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ.रोहिताश शर्मा बानसूर विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहे।**

इस दौरान पूर्व मंत्री ने प्रेमपुरा, बामनवास कांकड़, नारायणपुर, जैतपुर, बिलाली, बासदयाल, बिलाली, कानपुरा, बानसूर सहित एक दर्जन गांवों का दौरा कर लोगों से कुशलक्षेम पूछी और उन्होंने क्षेत्र में मांगलिक कार्यों सहित धार्मिक स्थलों पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। पूर्व मंत्री ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बानसूर विधानसभा में जर्जर सड़कों को लेकर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि पिछले 2 वर्ष से कई बार पीडब्ल्यूडी विभाग को सड़कों में हो रहे भ्रष्टाचार को लेकर पत्र लिख चूका हूं लेकिन कोई सुद लेने वाला नहीं है। नेशनल हाइवे कुशालगढ़ से मुण्डावरा तक 8 करोड़ रूपये पास हुए हैं। उसमे 5 करोड़ रूपये लगा के लीपापोती कर दी गई। वही मुख्यमंत्री ने बजट में मुण्डावरा से घाटा तक स्टेट हाइवे सड़क को बनाने की घोषणा की थी जो कि अभी तक पूरी नही हुई । ऐसे ही प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत नारायणपुर बाईपास से चांदपुरी तक जो सड़क बनी नही उससे पहले ही उखड गई। मिलीभगत के चलते सड़को में भारी भ्रष्टाचार हो रहा हैं ।

पूर्व मंत्री ने कहा कि जल्दी ही क्षतिग्रस्त सड़कों को नहीं बनाया गया तो आन्दोलन किया जायेगा।

# कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों के साथ मन की बात को सुना

**किशनगढ़** बास, (निसं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 100 वें प्रसारण को भाजपा ने उत्सव के रूप में मनाया। पूर्व विधायक से लेकर बूथ प्रभारी तक ने कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों के साथ बैठ कर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना।

भाजपा मंडल महामंत्री मनोज मित्तल ने बताया कि रविवार को पूर्व विधायक रामहेत यादव के निर्देशन में किशनगढ़ बास विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक बूथ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 100 वें मन की बात प्रसारण को कार्यकर्ताओं ने लोगों के साथ बैठकर सुना। पूर्व विधायक रामहेत यादव ने क्षेत्र के गांव जोड़ियां में सरपंच के घर गांव वासियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को सुना। इसी प्रकार भाजपा मंडल अध्यक्षों से लेकर पदाधिकारियों एवं बूथ प्रभारियों व संयोजक ने अपने-अपने प्रत्येक बूथ पर ग्रामीणों व कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात के प्रसारण को सुना।



**पूर्व विधायक रामहेत यादव के निर्देशन में प्रत्येक बूथ पर मन की बात प्रसारण को कार्यकर्ताओं ने लोगों के साथ बैठकर सुना।**

# आज से 50 स्थानों पर स्थाई तरीके से आयोजित होंगे कैम्प

**दौसा,** (निसं)। जिले के पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिले इसके लिए 24 अप्रेल से 30 जून के मध्य जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित हो रहे महंगाई राहत कैंप 50 स्थानों पर स्थाई तोर पर लगाए जाएंगे।

इन 50 जगहों पर स्थाई तरीके से आयोजित होने वाले महंगाई राहत कैंपों में प्रभारी अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। ये कैंप राजकीय अस्पतालों, गैस एजन्सी बस स्टैंड प्रमुख बाजारों रेलवे स्टेशन जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पंचायत समिति नगर पालिका सहित अन्य राजकीय कार्यालयो व सार्वजनिक स्थलों पर लगाये जायेंगे। जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने बताया कि जिले में स्थायी महंगाई राहत आमजन के आवागमन वाली जगह पर लगाए जाएंगे। जिनमें नगर परिषद दौसा क्षेत्र मे जिला अस्पताल, पंचायत समिति परिसर, नगर परिषद परिसर, गाँधी तिराहा बस स्टैंड, पीजी कॉलेज दौसा के सामने, कलेक्ट्रेट परिसर, सैंथल मोड़ में,दौसा उपखंड क्षेत्र मे मुख्य बाजार भांडारेज, सैंथल उपखंड मे खड़का तिराहा कुण्डल एवं गाँधी तिराहा बस स्टैंड सैंथल में, लवाण उपखंड मे

■ **सभी कैंपों के लिए प्रभारी अधिकारी किए नियुक्त**

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लवाण व राजीव गाँधी सेवा केंद्र बनियाना में नांगलराजावतान उपखण्ड मे भारत निर्माण राजीव गाँधी सेवा केंद्र नांगल राजावतान में, राजीव गांधी सेवा केन्द्र आलूदा एवं गर्वनमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल पुराना भवन छरेड़ा में सिकराय उपखंड मे पंचायत समिति कार्यालय सिकराय, मीनाशिमला ग्राम मे बालाजी मोड़ पर बहरावंडा मे तहसील कार्यालय, मानपुर मे मानपुर चौराहा, गीजगढ़ मे आईटी सेंटर गीजगढ में, सिकंदरा मे सिकंदरा चौराहा एवं गंडरावा आईटी सेंटर में स्थायी कैंप लगाये जायेगें। उन्होने बताया कि इसी प्रकार नगर पालिका लालसोट क्षेत्र मे नगर पालिका कार्यालय, कृषि उपज मंडी एवं गर्वनमेंट स्कूल तालेड़ा जमात में, लालसोट उपखंड क्षेत्र में शिवसिहपुरा ग्राम के आईटी केंद्र में, श्यामपुरा कला ग्राम के आईटी केंद्र एवं बगडी ग्राम के आईटी केंद्र मे नगर पालिका मंडावरी क्षेत्र मे मीटिग हॉल नगरपालिका परिसर मंडावरी मे तथा रामगढ़ पचवारा उपखंड क्षेत्र में कुशलपुरा में कोसीबडी तिराहे पर राहुवास ग्राम के राजीव गाँधी सेवा केंद्र कल्लावास ग्राम के राजीव गाँधी सेवा केंद्र एवं सोनड ग्राम के राजीव गाँधी सेवा केंद्र मे बांदीकुई उपखण्ड क्षेत्र मे देलाडी ग्राम के राजीव गाँधी सेवा केंद्र आभानेरी ग्राम के राजीव गाँधी सेवा केंद्र बडियाल कलां ग्राम के राजीव गाँधी सेवा केंद्र मे तथा नगरपालिका बांदीकुई क्षेत्र में बस स्टैंड, पंचायत समिति भवन एवं अस्पताल परिसर मे बसवा उपखंड क्षेत्र मे पंचायत समिति बसवा एवं गुढा कटला ग्राम के आईटी केंद्र मे महवा उपखंड क्षेत्र मे महवा अंबेडकर भवन महवा नगर पालिका भवन,खेड़ला बुर्जुग ग्राम के राजीव गाँधी सेवा केंद्र, सांथा ग्राम के राजीव गाँधी सेवा केंद्र उकरूद्ध ग्राम के राजीव गाँधी सेवा केंद्र में,मंडावर उपखंड क्षेत्र के मंडावर राजीव गाँधी सेवा केंद्र मे एवं बैजूपाड़ा उपखंड क्षेत्र के बालाहेड़ी ग्राम के राजीव गाँधी सेवा केंद्र, बैजूपाड़ा ग्राम के राजीव गाँधी सेवा केंद्र एवं लोटवाड़ा ग्राम के राजीव गाँधी सेवा केंद्र मे स्थायी कैंप आयोजित किए जाएंगे।

## सांभर की दरबार स्कूल में 4.25 लाख की लागत से सोलर ऊर्जा प्लांट स्थापित

**सांभरझील,** (निसं)। राजकीय दरबार उच्च माध्यमिक विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) स्कूल में भामाशाहों व एक संस्था की ओर से दिए गए आर्थिक योगदान के बाद फुलेरा विधानसभा क्षेत्र की एकमात्र ऐसी सरकारी स्कूल होने का गौरव प्राप्त हुआ है जहां पर 8 किलोवाट क्षमता का सोलर ऊर्जा प्लाण्ट स्थापित हुआ है।

स्कूल के प्रिंसिपल टीकमचंद मालाकार के प्रयासों से अब तक करीब एक करोड़ से अधिक के विकास कार्य भामाशाहों के आर्थिक योगदान व सहयोग से कराए जा चुके हैं। स्कूल प्रशासन ने बताया कि यहां स्कूल में सोलर ऊर्जा प्लांट पर करीब चार लाख अठ्ठाइस हजार रुपए की लागत आई है जिसके लिए पेंसिलवेनिया स्टेट यूनिवर्सिटी (अमेरिका) में फिजिक्स के प्रोफेसर जैनेन्द्र जैन, अमेरिकी व्यवसायी विनोद पारीक व सांभर समाज चेरिटेबल ट्रस्ट मुंबई के सहयोग से इसके लिए आर्थिक योगदान प्रदान किया गया। सोलर ऊर्जा प्लांट को स्थापित करवाने में सांभर समाज चैरिटेबल ट्रस्ट मुंबई

■ **भामाशाहों व सांभर समाजसेवी चैरिटेबल ट्रस्ट मुंबई ने आर्थिक योगदान दिया**

■ **प्रतिवर्ष लगभग 1 लाख रूपये से अधिक की बिजली बचत होगी**

की ओर से इसकी जिम्मेदारी नागरिक विकास समिति को दी गई थी। सोलर ऊर्जा प्लांट स्थापित होने के बाद प्रतिवर्ष लगभग 1 लाख रूपये से अधिक की बिजली बचत होगी। विद्यालय विकास कोष से चुकाई जाने वाली बिजली बिल की राशि अब विद्यालय विकास के काम आ सकेगी।अब स्कूल सौर ऊर्जा से पर्यावरण संरक्षण के साथ ही अतिरिक्त बिजली विद्युत निगम को देगा जिससे विद्यालय, समाज और सरकार तीनों का समावेशी विकास होगा। इस अनमोल उपहार के लिए समस्त स्टाफ ने भामाशाहों व ट्रस्ट का तहे दिल से शुक्रिया अदा किया है।

## सैनी समाज की बैठक, आज देंगे ज्ञापन

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। आरक्षण की मांग को लेकर सैनी समाज के लोगों की रविवार को सब्जी मंडी में बैठक हुई।

पीडी सैनी की अध्यक्षता में हुई बैठक में सोमवार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देने की बात कही गई। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राम प्रकाश सैनी थोई ने कहा कि माली समाज काफी पिछड़ा हुआ समाज है। समाज के लोग आर्थिक सामाजिक एवं राजनीतिक स्थिति से भी काफी पिछड़े हुए हैं। जबकि राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्र में सैनी, माली समाज काफी संख्या में है। राजनीतिक दृष्टि से भी समाज की भागीदारी बिल्कुल कम है इसलिए समाज का स्तर बढ़ाने के लिए सरकारी नौकरियों एवं राजनीतिक क्षेत्र में भागीदारी करना जरूरी है। समाज की मांग है कि राजस्थान में सैनी माली समाज की जनसंख्या को देखते हुए 12 प्रतिशत आरक्षण देने की बात रखी। इस मौके पर सीताराम सैनी, पार्षद विनेश सैनी, राजू बागवान, सागर फलवाला, बाबूलाल कटारिया, रुडमल सैनी लिसाडिया, ललित सैनी, सरवण सैनी , कालूराम फूटाला, रामदयाल सैनी मूंडरु, लाल बहादुर छीलावाली, बनवारीलाल सैनी ,जगदीश प्रसाद, जितेंद्र सैनी सहित आसपास के गांवों के सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## 'सफाई मजदूरों के अमानवीय हालात देखे नहीं जाते'

**अलवर,** (निसं)। दलित शोषण मुक्ति मंच (डीएसएमएम) राजस्थान के प्रदेश सहसंयोजक प्रोफ़ेसर डॉ.रमेश बैरवा ने बताया कि शनिवार सुबह अलवर नगर परिषद जाकर आंदोलन में जीत के लिए वाल्मीकि समुदाय के सफाईकर्मियों को दलित शोषण मुक्ति मंच (डीएसएमएम) की ओर से मिठाई खिलाकर, माला पहनाकर अपने साथियों के साथ जीत की बधाई दी।

उसके बाद वकील साथियों से मिलने के लिए कलेक्ट्रेट गया। दोपहर करीब 1 बजे मैं अलवर कलेक्ट्रेट से घर बुध विहार आ रहा था। रोड नंबर 2 पर खदाना मोहल्ला की ओर मोड़ने वाली गली के कॉर्नर पर मुख्य सड़क पर ट्रॉली लगा एक ट्रेक्टर देखा। जैसे ही देखा कि बिना मास्क, बिना दस्ताने सफाईकर्मी गीले कचरे को उठाकर ट्रॉली में डाल रहे थे। इस दृश्य को देख मैं अंदर से हिल गया। गीले कचरे की दुर्गंध मेरे दिमाग में बुरी तरह चढ़ गई। यह बहुत असहनीय थी। बड़ी झिझक के साथ मैंने सफाईकर्मियों से बात की। सफाईकर्मी वाल्मीकि समुदाय के थे।

एक तरफ दुर्गंध दिमाग में चढ़ी हुई थी लेकिन सफाईकर्म में लगे इन लोगों के "अमृतकाल" में भी ऐसे बुरे दिन देख मैं बुरी तरह विचलित था। आज का लंच नहीं कर सका, क्योंकि बिना मास्क, बिना दस्ताने गीले कचरे की दुर्गंध मुझे बार-बार परेशान कर रही थी। वह दृश्य बार-बार मेरी आंखों के सामने आ रहा था। कचरा उठाने वाली इस ट्रैक्टर ट्रॉली के सफाईकर्मी राकेश वाल्मीकि ने बताया कि वे 15 साल से कचरा उठाने के कार्य में लगे हुए हैं। इन्हें ना ही मास्क मिलता है,ना ही दस्ताने और ना ही जूतें। सैनेटाइज करने की कोई सामग्री नहीं मिलती है। इससे ये लोग जल्दी-जल्दी बीमार होते रहते हैं। सुरक्षा उपायों के बिना गंदे नालों में भी उतर कर सफाई करते हैं। इससे भी यह साबित होता है कि इंडिया दुनिया की 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था होते हुए भी मानव विकास सूचकांक में हमारा स्थान 132वां है।

राकेश ने बताया कि एक ट्रॉली कचरा उठाने के लिए इन्हें 350 रुपए मिलते हैं। जबकि दूसरों को कम से कम 600 रुपए प्रति ट्रॉली मिलते हैं। इनका कार्य रिस्क वाला है। इनका मानना है कि एक ट्रॉली कचरा उठाने के इन्हें कम से कम 700 रुपए तो मिलने ही चाहिए। भारत को स्वच्छ बनाए रखने का अभियान खूब जोरों पर है।!स्वच्छता अभियान के सफाईकर्मियों के हालात बड़े दयनीय हैं। हमें शर्मिंदा कर रहे हैं। हमारे सभ्य होने पर सवालिया निशान हैं।

## साईकिल चलाना सबसे अच्छा व्यायामः जूली

**अलवर,** (निसं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा कारागार विभाग मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि स्वस्थ्य दिल से लेकर मांसपेशियों को शुद्ध करने एवं बेहतर मेटोबॉलिज्म तक को नियमित करने में साईकिल चलाने के फायदे है। उन्होंने कहा कि साईकिल चलाना सभी आयुवर्गों एवं सभी प्रकार के लोगों के लिए सबसे अच्छा व्यायाम है।

मंत्री रविवार को बीपीसीएल द्वारा आयोजित सक्षम साईकिल डे के अवसर पर आयोजित मत्स्य रेंडोनियर के तत्वाधान में 6 किलोमीटर लम्बी दूरी पर 150 साईक्लिस्ट रैली को पुलिस कंट्रोल रूम से हरी झण्डी दिखाकर रवाना कर रहे थे। मंत्री जूली स्वयं साईकिलर्स के साथ आगे-आगे पुलिस कंट्रोल रूम से मन्नी का बड, नंगली सर्किल, भवानी तोप से कटी घाटी तक साईकिल चला रहे थे। रैली की थीम सेव दा प्लानेट, सेव दा अर्थ, सेव फ्यूल थी। उन्होंने कहा कि रैली का उद्देश्य प्रदूषण को नियंत्रित कर अधिक से अधिक से पेड लगाकर पर्यावरण को बचाना एवं वातावरण को शुद्ध रखना है।

# कार्यकर्ताओं के साथ सांसद और विधायक ने सुनी मन की बात

**चौमू/कालाडेरा,** (निसं)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 100वें संस्करण को ग्राम पंचायत सिंगोदखुर्द के बूथ न.33 पर सीकर सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती और विधायक रामलाल शर्मा ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सुना।

विधानसभा क्षेत्र चौमूं में विधानसभा के बूथों पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन कर कार्यकर्ताओं के साथ सौवें संस्करण को सुना गया। सीकर सांसद सुमेधानंद सरस्वती ने कहा कि अब बढ़ते एक महीने हम सब कार्यकर्ताओं और देश के वासियों के लिए एक ऐसा पर्व आता है जिसका इंतज़ार सभी को होता है हम सभी इसमें सकारात्मक ऊर्जा को इंजॉय करते हैं।

विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायी होता है जिससे कार्यकर्ताओं में एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी होता है। सिंगोद खुर्द सरपंच प्रतिनिधि त्रिलोक लोछीब ने कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का पार्टी का दुपट्टा ओढाकर सम्मान किया। इस धोबलाई सरपंच रमेश शर्मा, सिंगोदकलाँ सरपंच प्रतिनिधि सुरेश सेनी, रामेश्वर बागड़ा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे।



**भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सांसद सुमेधानंद सरस्वती और विधायक रामलाल शर्मा ने मन की बात कार्यक्रम को सुना।**

## मोदी की मन की बात लाइव सुनी

**मनोहरपुर,** (निसं)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात रविवार को सैकड़ों मरीजों, तामीरदारों और हॉस्पीटल के स्टाफ ने लाइव सुनी।

इसके लिए निम्स के निदेशक एवं डा.पंकज सिंह फाउंडेशन के संस्थापक डॉ.पंकज सिंह ने निम्स हॉस्पीटल परिसर में विशेष इंतजाम किए। नरेन्द्र मोदी के मिशन और विजन से प्रभावित होकर डा.पंकज सिंह ने पब्लिक एड्रेस सिस्टम के जरिए घोषणा की कि अब मरीज, उनके तामीरदार, चिकित्सक सहित अन्य हॉस्पीटल स्टाफ प्रधानमंत्री के मन की बात लाइव देख और सुन सकेंगे। इसके लिए निम्स स्टाफ को मन की बात सुनने और लाइव देखने के लिए एक घंटे का विशेष अवकाश दिया जाएगा। मोदी की मन की बात को निम्स हॉस्पीटल के आसपास के गांवों के सरपंचों, भाजपा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं सहित सैकड़ों मरीजों, उनके तामीरदारों, चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ सहित प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने सुना और देखा।

# मीरका बसई में श्याम प्रभु का मंदिर तैयार

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। किशनगढ़ बास से करीब 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित गांव मीरका बसई में नवनिर्मित भव्य श्याम मंदिर में 3 मई को श्याम प्रभु खाटू वाले की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा होगी।

मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम प्रेम पीठ तिजारा के पीठाधीश्वर एवं श्याम परिवार महासंघ बृज राठ मेवात के संस्थापक ललित मोहन आचार्य के सानिध्य में अनेक संत महात्माओं की उपस्थिति में मंत्रों उच्चार के साथ पूरा कराया जाएगा। मंदिर निर्माण के लिए गांव के हरिराम भगत ने भूमि दान की है। श्री श्याम प्रभु खाटू वाले की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की बागडोर संभाले प्रेम पीठ तिजारा के पीठाधीश्वर संत ललित मोहन आचार्य ने पत्रकारों को बताया कि नवनिर्मित श्याम मंदिर के मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पूज्य मोहन दास महाराज खाटू धाम डॉक्टर स्वामी कौशल किशोर महाराज वृंदावन पूज्य संत श्यामाशरण महाराज शिव राम दास महाराज पूज्य संत भूरा बाबा महाराज भक्तों को आशीर्वचन देंगे।

इसके अलावा अलवर सांसद महंत बालक नाथ योगी विधायक दीपचंद खेरिया पूर्व विधायक राम हेत सिंह यादव तिजारा विधायक संदीप यादव श्रीराम यादव दिनेश यादव प्रधान बद्री प्रसाद सुमन बलवंत यादव इंदर यादव एवं प्रशासनिक अधिकारियों में एसडीएम गंगाधर मीणा कृष्णराज अमित चौधरी सुनील कुमार नंदलाल ब्रिगेडियर देवेंद्र यादव रोहतक नवरत्न जोशी दिल्ली कर्नल सुनील दत्त अलवर कैप्टन संदीप कपूर गुरुग्राम कर्नल जयप्रकाश यादव दिल्ली कर्नल सतपाल यादव अलवर कर्नल केएन पुष्करण दिल्ली कमांडर राजीव सरदाना नोएडा के अलावा बृज राठ मेवात के गांव शहरों से हजारों की संख्या में श्याम प्रेमियों के पहुंचने का कार्यक्रम है। मंदिर विकास समिति अध्यक्ष विष्णु यादव ने बताया 2 मई को नगर परिक्रमा व कलश यात्रा निकाली जाएगी व हवन होगा।

## सफाई कर्मचारियों के रिक्त पद लॉटरी से भरने की मांग

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश मतंग श्रीमाधोपुर ने महामहिम राज्यपाल, मुख्यमंत्री व सफाई कर्मचारी आयोग को पत्र लिखकर नगर निगम, नगर परिषद व नगर पालिका में रिक्त सफाई कर्मचारियों के पदों को लाटरी प्रक्रिया से भरने व वाल्मीकि समाज के गरीब एवं बेसहारा आवेदकों को प्राथमिकता देने की मांग की है। मतंग ने लिखा है कि बाल्मीकि समाज मुगल व अंग्रेज सरकार के शासनकाल से सफाई कार्य करते आ रहे हैं। शिक्षा की कमी के कारण इनका जीवन स्तर भी ऊंचा नहीं उठ पाया। आज भी बाल्मीकि समाज मानव समाज के अंतिम पायदान में आते हैं। मतंग ने सरकार द्वारा सीधी भर्ती साक्षात्कार के माध्यम से सफाई कर्मचारियों का चयन किए जाने के निर्णय को गरीब, बेसहारा, जरूरतमंद आवेदकों के हितों का हनन बताते हुए कहा कि इस प्रक्रिया में संपन्न व प्रभावशाली लोगों को ही फायदा मिल पाएगा।

# निशुल्क दिव्यांग स्कूटी वितरण समारोह में 50 स्कूटियां बांटी

**पावटा, (निसं)।** सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग की ओर से रविवार को निशुल्क दिव्यांग स्कूटी वितरण समारोह का आयोजन गृह व उच्च शिक्षा मंत्री राजस्थान सरकार राजेंद्र यादव के मुख्य आतिथ्य व सामाजिक कार्यकर्ता जगदीश मीणा की अध्यक्षता एवं सरपंच प्रेमनाथ महाराज, पूर्व सरपंच मदन यादव, श्रवन सिंह, मनोज कुमार वर्मा, सचिन, रोहित बायला, रामस्वरूप गुर्जर राजीव डहरवाल, गोपाल शेखावत सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। दिव्यांगों को स्कूटी मिली तो उनके चेहरे खिल उठे।

- **दिव्यांगों को स्कूटी मिलने से इनका हौसला बढ़ता है: राजेंद्र यादव**
- **स्कूटी मिलते ही दिव्यांगों के चेहरे खिले**

नर्मदा देवी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित हुए समारोह में विधायक कोटे से गृह व उच्च शिक्षा मंत्री राजस्थान सरकार राजेंद्र यादव ने 50 दिव्यांगों को स्कूटी का वितरण किया। इस मौके पर राज्यमंत्री राजेंद्र यादव ने कहा कि दिव्यांगों को स्कूटी मिलने से इनका हौसला बढ़ता है। ऐसे में दिव्यांग व्यक्ति कभी भी अपने मन में यह नहीं सोचे कि मैं दिव्यांग हूं। उसे हमेशा अपने जीवन में आगे बढ़ने की ललक रखनी चाहिए। सरकार ने समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रखी हैं। विशेष रूप से दलितों, पिछडा वर्ग, महिलाओं, किसानों, छात्रों व दिव्यांगों पर सरकार का विशेष फोकस है। दिव्यांगों की आवागमन की परेशानी को देखते हुए उन्हें स्कूटी प्रदान की गई है, ताकि वे किसी दूसरे पर निर्भर नहीं रहे। जो दिव्यांग स्कूटी मिलने से वंचित रह गए हैं उन्हें आने वाले समय में जरूर दी जाएगी।

इस दौरान विकास अधिकारी राकेश वर्मा ने स्वागत उद्बोधन के तहत कहा कि समाज कल्याण विभाग द्वारा पेंशन, पालनहार, कन्यादान सहित लाभकारी योजनाओं का पात्र लोगों को लाभ लेना चाहिए। सभी दिव्यांग लाभार्थी स्कूटी मिलने पर अत्यंत प्रसन्न नजर आये और सभी ने इस लोककल्याणकारी एंव संवेदनशील योजना की प्रशंसा की। इस दौरान शरीरिक शिक्षिका लक्ष्मी चंद्रोदय, राम निवास यादव, भागीरथमल, सत्य देव यादव, रमेश कुमार, राजेंद्र कुमार, सुनीता आर्य सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि का ग्रामीण मौजूद रहे।



सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग की ओर से नि:शुल्क दिव्यांग स्कूटी वितरण समारोह का आयोजन गृह व उच्च शिक्षा मंत्री राजेंद्र यादव के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

## संक्षिप्त

### शामिया नासीर ने मेडल जीते



**मालपुरा, (निसं)।** जयपुर के सवाईमानसिंह स्टेडियम में आयोजित इंटरनेशनल मार्शल आर्ट कराटे चैम्पियनशिप में मालपुरा की बेटी शामिया नासीर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड व सिल्वर मेडल जीत क्षेत्र का नाम रोशन किया। खेल प्रेमियों सहित शहरवासियों ने जोरदार स्वागत कर जीत की बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। शामिया के पिता डॉ.नासीर ने बताया कि बड़ी संख्या में पहुंचे खेल प्रेमियों ने शामिया का हौसला बढ़ाते हुए दिनभर बधाईयों का दौर चलता रहा। कोच राहुल व आशीष ने बताया कि खिलाडी छात्रा शामिया सहित मालपुरा के विशाल, अनमोल, आशुतोष, चितांश, राघव, अक्षिता, प्रियांशु, सार्थक, आसना मनदीप ने भी गोल्ड कांस्य व सिल्वर पदक जीते हैं।

### भाजपाइयों ने मन की बात सुनी

**चाकसू, (निसं)।** रविवार को चाकसू उपखंड क्षेत्र के भाजपाइयों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन-की-बात की 100 कड़ी को सुनने के लिए विशेष व्यवस्था की। चाकसू उपखंड क्षेत्र के भाजपाइयों ने पूर्व विधायक लक्ष्मी नारायण बैरवा के आतिथ्य में कोटखावदा शक्ति केंद्र पर बूथ 206 से 213 तक के बूथों पर प्रधानमंत्री का कार्यक्रम सुना। इस मौके पर पूर्व विधायक लक्ष्मी नारायण बैरवा ने कहा कि गत 9 सालों में प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के जरिए समाज के सभी लोगों से जमीनी स्तर पर जुड़े रहे जिसकी देश दुनिया में तारीफ होती है।

### अधिवक्ताओं की बैठक ली

**दूदू, (निसं)।** अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश संदीप आन्नद ने न्यायालय सभागर में अधिवक्ताओं एवं बीमा कम्पनी प्रतिनिधियों की बैठक ली। आन्नद ने आगामी 13 मई को आयोजीत होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रकारणों को राजीनामे से निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान अधिवक्ता संघ के मंहामंत्री इमरान खांन मंसूरी भी मौजूद रहे।

### 300 लाभार्थियों का पंजीकरण किया

**दूदू, (निसं)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित महंगाई राहत शिविर के दौरान 300 लाभार्थियों का पंजीकरण किया गया।

## पंचामृत अभिषेक महामहोत्सव सम्पन्न

**फागी, (निसं)।** परिक्षेत्र के चौरु कस्बे में श्री आदिनाथ दिगंबर जैन नसिया जी बड़ा मंदिर में आर्यिका श्रुतमति माताजी, आर्यिका सुबोधमति माताजी के पावन सानिध्य में विशाल मानस्तभ्भ पंचामृत कलशाभिषेक का भव्य आयोजन किया गया।

जैन महासभा के मीडिया प्रवक्ता राजाबाबू गोधा ने अवगत कराया कि कार्यक्रम में प्रात: संघस्थ चैताल्य का पंचामृत अभिषेक, देवआज्ञा, गुरु आज्ञा, बाद सौभाग्यवती महिलाओं द्वारा भव्य घट यात्रा निकाली गई, बाद में प्राप्त 8 बजे 48 दीपकों से भक्तामर स्तोत्र का संगीत में पाठ किया गया, कार्यक्रम में प्रसिद्ध प्रतिष्ठा आचार्य पंडित सुरेश चंद शास्त्री निवाई के दिशानिर्देश में विभिन्न मंत्रोच्चारण के द्वारा, राकेश कुमार बड़जात्या जोबनेर संगीतकार की विभिन्न लहरियों के बीच, हर्षोल्लास से यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

बाद में विशाल मानस्तम्भ की शुद्धि कर घृत, दूध, दही, चंदन ,सर्वोषधी, तथा अनेक प्रकार के फलों के रसों से पंचामृत कलशाभिषेक किया गया, कार्यक्रम में प्रथम अभिषेक करने की बोली विमल कुमार, प्रेमचंद , बड़जात्या मरवा वाले मदनगंज किशनगढ , महाशांति धारा की बोली शोभा देवी धर्मपत्नी गिरिराज जी पंसारी, दूध दही की बोली रचित कुमार, ईति देवी जैन गुड़गांव, धृत की बोली विप्रा, शिप्रा जैन नोएडा , तथा सर्वोषधी की बोली लक्ष्मण लाल राजकुमार कासलीवाल चोरू वालों ने लेकर पुण्यार्जन प्राप्त किया।

## सार-समाचार

### 14 जोड़े हमसफर बने



**चाकसू, (निसं)।** श्री क्षत्रिय कुमावत समाज समिति द्वारा कोटखावदा रोड स्थित एक निजी गार्डन में चतुर्थ सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में कुमावत समाज के 14 जोड़े एक साथ परिणय सूत्र में बंधें। सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर सुबह से ही सामूहिक निकासी, बारात, तोरण सहित कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया आयोजन समिति के भींवाराम दोराया ,लल्लू लाल कुमावत रामफुल जूनवाल सहित अन्य समाज बंधुओं ने बताया कि विवाह सम्मेलन को लेकर सर्वप्रथम गणेश पूजन एवं थाम स्थापना की गई कस्बे के नीलकंठ महादेव मंदिर से पूरे विधि विधान एवं गाजे-बाजे के साथ समाज की महिलाओं की ओर से कस्बे के मुख्य मार्गों से विवाह स्थल तक कलश यात्रा एवं निकासी निकाली गई व स्वागत बारात,प्राणीग्रहण संस्कार, वरमाला ,वर वधू आशीर्वाद, उपहार दिए गए एवं प्रीतिभोज कार्यक्रम के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। इस मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय विधायक वेद प्रकाश सोलंकी ने कहा कि सामूहिक सम्मेलनों से आर्थिक फायदे के साथ साथ समाज का विकास भी होता है।

### प्रसारण कार्यक्रम का आयोजन

**पावटा, (निसं)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा जारी 100वें मन की बात संस्करण का रविवार को राष्ट्र के नाम प्रसारण कार्यक्रम का आयोजन कर विराटनगर कस्बे के सब्जी मंडी प्रांगण में भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री कुलदीप धनकड़ के मुख्य आतिथ्य तथा भाजपा अनुसूचित जनजाति के जिला उपाध्यक्ष बाबूलाल मीणा की अध्यक्षता में पावटा बालाजी मण्डल में एक्सीलेंट लाइब्रेरी में, पावटा प्रधान पूजा चौधरी व भाजपा नेता जगन चौधरी के निवास पर, एसएचएम कॉलेज पावटा सहित विभिन्न जगहों पर कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत दांतिल में भाजपा नेता मुकेश गोयल, एसटी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष जितेन्द्र मीणा व कन्हैयालाल मीणा रवि प्रकाश शर्मा आईटी सेल कोटपूतली विधानसभा संयोजक सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने मोदी की प्रेरणादायी बातों को सुनकर सीख ली।

### मन की बात का 100 वां एपिसोड सुना

**नरैना, (निसं)।** कस्बे के बाग वाले बालाजी मंदिर परिसर में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के ऐतिहासिक 100 वें एपिसोड को भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष नटवर पारीक की अध्यक्षता में देखा। वहीं शक्ति केंद्र प्रमुख बूथ कोरसीना, श्रीरामपुरा, मोरूदा, चैनपुरा, बरडोती, सीतारामपुरा में भी मन की बात कार्यक्रम को देखा। इस दौरान मुख्य अतिथि विधानसभा संयोजक राकेश सोढानी, पूर्व मंडल अध्यक्ष रतन लाल गंगवाल, दीनदयाल व्यास, विमल, प्रदीप पाटनी रामनारायण मालू, टीकमचंद लखेरा, राधेश्याम मुरारका, परमचंद शर्मा, रामप्रसाद वैष्णव, राकेश बोहरा, सुनील दाधिच, बलवीर गुर्जर, जगदीश गुर्जर, पवन कुमावत, सोनू भार्गव, जीतू साहू, महिला मोर्चा आशा सैन, अंजना सोनी सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मोदी की मन की बात सुनी

**मालपुरा, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष के निर्देशों पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात का 100वां कार्यक्रम का सीधा प्रसारण हुआ। मालपुरा शहर सहित गांव-ढाणी में भी भाजपाईयों व आमजन ने मोदी के मन की बात को सुना। प्रधानमंत्री की मन की बात सुनने के लिए भाजपा कार्यालय व बूथ स्थल पर बड़ी एलईडी लगा आमजन को मोदी का संदेश व मन की बात सुनाई गई।

### शीतल प्याऊ का उद्घाटन

**निवाई, (निसं)।** मोरिया वाले बालाजी मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए शीतल जल मशीन का उद्घाटन महंत सौरव वैष्णव ने मंत्रोच्चार कर फीता काटकर कर किया। पुजारी बजरंग लाल वैष्णव ने बताया कि स्वर्गीय कमला देवी धर्मपत्नी स्वर्गीय रामफूल अग्रवाल की पुण्यतिथि में उनके पुत्र ओम प्रकाश, विमल कुमार, सुशील कुमार ने बालाजी मंदिर के लिए समर्पित किया। इस अवसर पर मदन लाल सैनी, राधेश्याम शर्मा, पांचूलाल शर्मा, अशोक पारीक, कैलाश चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद थे। उपस्थित श्रद्धालुओं ने उनके परिवार का स्वागत किया।

## हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती पनियाला थाना पुलिस ने हत्या प्रयास के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है। जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राजीव पचार ने बताया कि एएसपी विद्या प्रकाश के सुपरविजन व डीएसपी गौतम कुमार के निर्देशन में थाना प्रभारी लक्ष्मीनारायण दौचाणियां के नेतृत्व में टीम गठित की गई। उक्त पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए अमीत पुत्र घनश्याम निवासी हरजीका ढ्राणी तन बानसूर जिला अलवर को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी दौचाणियां ने बताया कि विगत 16 मार्च को सुधीर चौधरी पुत्र बनवारी लाल जाट निवासी नई कॉलोनी महनपुर थाना बानसूर ने बालाजी अस्पताल ट्रोमा सेन्टर कोटपूतली पर पर्चा बयान किया कि 15 मार्च को वह घर पर था। इसी दौरान करीब शाम 4 बजे कुलदीप उर्फ केडी उसके पास आया और उसे अपनी पत्नी का जन्म दिन मनाने का हवाला देकर ग्राम सांगटेड़ा ले आया। फिर चेची का नांगल पहाड़ी के पास ले गया। वहां एक लड़का और आ गया तत्पश्चात एक तरफ से दूसरी मोती व दूसरी तरफ से लक्की गुर्जर हाथों में लकड़ी और लोहे के पाईप लेकर आए और उसके साथ मारपीट करते हुए उसका विडीयों बनाने लगे।

# भाजपाईयों ने विभिन्न स्थानों पर मन की बात कार्यक्रम को सुना

**कोटपूतली, (निसं)।** पीएम नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 100 वें एपिसोड को लेकर रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल नजर आया।

जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने टी.वी., एलईडी स्क्रीन, मोबाईल, लैपटॉप आदि पर मन की बात कार्यक्रम को सुना। निकटवर्ती ग्राम दांतिल स्थित भाजपा दक्षिण मण्डल के शक्ति केन्द्र पर कार्यकर्ताओं ने भाजपा एसटी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष जितेन्द्र मीणा के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम को सुना। मीणा ने कहा कि यह कार्यक्रम पीएम मोदी की नागरिकों से सीधा संवाद करने की ऐतिहासिक व अनूठी पहल है। जिससे आमजन को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने की प्रेरणा मिल रही है। यही इसकी सफलता व सार्थकता है। मीणा ने मन की बात कार्यक्रम को आत्मसात व प्रचारित करने की बात कही। भाजपा नेता मुकेश गोयल ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पीएम मोदी के प्रेरणादायी सम्बोधन में अन्त्योदय का संकल्प, विकसित भारत का स्वप्न व विश्व कल्याण का दृष्टिपथ है। इस दौरान कन्हैयालाल मीणा, करण सिंह, सुबेदार रघुवीर सिंह, यादराम वर्मा, नेपाल सिंह समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।


कोटपूतली में जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने मन की बात सुनी।

इसी प्रकार भाजपा उत्तर मण्डल के सांगटेड़ा स्थित शक्ति केन्द्र के बूथ सं. 42 पर मन की बात कार्यक्रम के 100 वें एपिसोड का उद्घाटन पूर्व कैबिनेट मंत्री हेमसिंह भड़ाना ने किया। जहां जिला संगठन प्रभारी सत्यवीर यादव, पूर्व प्रधान विक्रम सिंह आदि अतिथियों ने कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम संयोजक यादराम जांगल ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष एड. रमेश रावत, सोनू चौधरी, अशोक जाट, एड. उदय सिंह तंवर, एड. मुकेश चनेजा समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। भाजपा पश्चिम मंडल के ग्राम कांसली स्थित शक्ति केन्द्र के बूथ सं. 159 पर कार्यक्रम प्रभारी प्रवीण बंसल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मन की बात कार्यक्रम सुना। इसी प्रकार ग्राम सुन्दरपुरा स्थित बाबा माधव दास जी आश्रम में कार्यकर्ताओं ने मन की बात कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान एड. वीरू कसाना, चिरंजीलाल पहलवान, गोपाल सोनी, दीपेश कसाना, पप्पु जमीदार, लालचंद समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। भाजपा पश्चिम मंडल के ग्राम पुरूषोत्तमपुरा स्थित बूथ सं. 113 पर वैद्य सुरेश चंद शर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने मन की बात कार्यक्रम सुना। इसी प्रकार ग्राम नारेहड़ा में भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष बनवारी लाल सैनी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मन की बात कार्यक्रम में भाग लिया। ग्राम चुरी कल्याणपुरा स्थित शक्ति केन्द्र पर भी कार्यकर्ताओं ने जिला उपाध्यक्ष कर्मवीर बोकन के नेतृत्व में मन की बात कार्यक्रम सुना।

इसी प्रकार भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गोपाल मोरीजावाला के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने टेलीफोन एक्सचेंज के पास मन की बात कार्यक्रम सुना। इस दौरान जिला प्रभारी एड. अशोक सुरेलिया, पूर्व चौयरमैन एड. महेन्द्र सैनी, पूर्व जिला पार्षद धुड़ सिंह शेखावत, एड. बजरंग लाल शर्मा समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिला प्रभारी एड. अशोक सुरेलिया ने बताया कि 06 विधानसभा क्षेत्रों के 27 मंडल, 179 शक्ति केन्द्र व 617 बूथों पर 29467 कार्यकर्ताओं ने मन की बात कार्यक्रम सुना।

# फर्जी मार्कशीट के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**पावटा, (निसं)।** ग्राम सेवा सहकारी समिति प्रागपुरा संचालक मण्डल सदस्य जयराम सिंह पुत्र नत्थू सिंह व पब्लिक स्कूल प्रागपुरा के प्रधानाचार्य हरसहाय के खिलाफ फर्जी मार्कशीट मामले को लेकर प्रागपुरा थाना पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज की गई।

परिवादी शक्ति सिंह शेखावत के अधिवक्ता आशीष जोशी एडवोकेट के द्वारा बताया गया कि सिविल जज एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट पावटा के द्वारा उक्त परिवाद में पुलिस थाना प्रागपुरा को रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए गए जिसके आधार पर प्रागपुरा थाना पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज की गई। ग्राम सेवा सहकारी समिति प्रागपुरा संचालक मण्डल सदस्य व पब्लिक स्कूल प्रागपुरा के प्रधानाचार्य पर फर्जी प्रमाण-पत्र और झूठा शपथ-पत्र देने के आरोप में परिवादी शक्ति सिंह शेखावत की शिकायत पर प्रागपुरा थाना में धोखाधडी सहित विभिन्न धाराओ में केस दर्ज किया गया है।

शिकायत में बताया कि ग्राम सेवा सहकारी समिति प्रागपुरा संचालक मण्डल सदस्य ने चुनाव लडने के लिए व आठवीं कक्षा का फर्जी शैक्षणिक प्रमाण पत्र पब्लिक स्कूल प्रागपुरा के प्रधानाचार्य द्वारा फर्जी प्रमाण-पत्र और झूठा शपथ-पत्र देकर तथ्यों को छिपा कर चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों की अवहेलना करने का आरोप लगा है।

परिवादी शक्ति सिंह शेखावत ने रजिस्ट्रार सहकारी समितियां जयपुर ग्रामीण को शिकायत दी थी कि उनके गांव के ग्राम सेवा सहकारी समिति प्रागपुरा संचालक मण्डल सदस्य जयराम सिंह ने फर्जी कागजात लगाकर चुनाव लडा है। इस पर सिविल जज एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट पावटा ने जांच के आदेश दिए है।

## 65 जोड़े हमसफर बने

**मालपुरा, (निसं)।** देशवाली समाज का अजमेर रोड मेहमान खाने में रविवार को तीसरा सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। समाज के 65 जोड़ों ने समाज बंधुओं की उपस्थिति में एक-दूजे को अपना हमसफर चुना। काजी वकार अहमद व उनकी टीम में सभी दुल्हा-दुल्हन को ईस्लामी रीति रिवाज के साथ शादी की रस्में पूरी करवा निकाह पढ़ाया। पालिका अध्यक्ष सोनिया सोनी, एएसपी राकेश कुमार बैरवा, पार्षद रसीदा सीलार, पार्षद नेहा विजय सहित सम्मेलन के सदर लाला खां जेड सचिव इस्माईल खां तंवर, गुलाब खां, मुस्ताक खां, शाहबुदीन, जुम्मा भाई, अब्दुल हमीद, बशीर अहमद सहित प्रबुद्धजनों ने दुआ के साथ शादी की मुबारक बाद दी।

# गृह राज्यमंत्री यादव ने सड़क निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया

**कोटपूतली, (निसं)।** क्षेत्रीय विधायक, उच्च शिक्षा एवं गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव रविवार को कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहे।

- **वार्ड से लेकर गांव-ढाणियों तक सड़क मार्ग से जुड़ रहा कोटपूतली : यादव**

यादव ने डीएमएफटी योजना से जीणगौर (द्वारिकपुरा) में दांतिल होते हुए ढ्राणी नया कुंआ, ढ्राणी खरगावाली, गोतमावाली से बोरावाली होते हुए पावटा एमडीआर तक 03 किलोमीटर लम्बी सड़क का 77.11 लाख रूपये की राशि से निर्माण कार्य, कांसली में हिरोडा रोड़ से बावारियों की जोहड़ तक 37.74 लाख रूपयों की राशि से स्वीकृत 1.5 किलोमीटर सडक निर्माण कार्य एवं ग्राम पंचायत भालोजी में भालोजी मोड़ से छतरिया वाली ढ्राणी तक 50.76 लाख रूपयों की राशि से स्वीकृत 02 किलोमीटर सडक निर्माण कार्य का बतौर मुख्य अतिथि शिलान्यास किया। वहीं उन्होंने ग्राम जीणगौर स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विधालय को उच्च माध्यमिक में क्रमोन्नत होने के साथ-साथ विधालय के नवनिर्मित मुख्य द्वार का उद्घाटन भी किया। साथ ही ग्राम जीणगौर में भामाशाह नीरज कौशिक, कमलजीत सिंह व अनिल सिंह शेखावत द्वारा नवनिर्मित वॉटर कूलर मय कमरे का भी उद्घाटन किया। विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों को सम्बोधित करते हुए यादव ने कहा कि कोटपूतली का कस्बे के वार्ड से लेकर गाँव-ढ्राणियों तक प्रत्येक कोना सडक मार्ग से जोड़े जाने के प्रयास किये जा रहे है। जिसमें ज्यादातर कार्य पुरा हो चुका है। आवागमन सुलभ होने से विकास कार्य भी तेजी से हो रहे है। जितने भी लम्बित कार्य बिजली, पानी व सडक से सम्बंधित है उन्हें जल्द से जल्द पुरा किया जायेगा। उन्होंने विभिन्न स्थानों पर पट्टीकाओं का लोकार्पण किया एवं फिता काटकर निर्माण कार्य का भी शुभारम्भ किया। इस दौरान पीसीसी मेम्बर नरसी गुर्जर, प्रधान प्रतिनिधि इन्द्राज रावत, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैयालाल सैनी, गिरधारी लाल गुरूजी, सरपंच रोहित बांयला, पावटा सीबीईओ सुरेश चंद कसाना, दांतिल सरपंच किरण देवी, पूर्व सरपंच बसंती यादव, विक्रम सिंह लीडर समेत अन्य मौजूद थे।

# महंगाई राहत शिविर में 175 लाभार्थियों को कार्ड वितरित

**लालसोट, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय पर नगर पालिका क्षेत्र में चल रहे महंगाई राहत एवं प्रशासन शहरों के संग शिविर आम लोगों के लिए राहत भरे साबित होकर सामने आ रहे हैं।

नगर पालिका के चेयरमैन रक्षा मिश्र, एसडीएम विजेंद्र मीणा एवं अधिशासी अधिकारी सीमा चौधरी व तहसीलदार मदनलाल मीणा द्वारा वार्ड बारह में करीब 175 लाभार्थियों को शिविर के दौरान मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड देकर लाभान्वित किया गया। इस महंगाई राहत शिविर के दौरान लाभार्थी में मेवली देवी को एक साथ आठ योजनाओं से लाभान्वित होने पर महिला लाभार्थी मीडिया से रूबरू होकर सरकार की जमकर तारीफ करने लगी। लाभार्थी मेवली देवी ने बताया कि शिविर तो बहुत आयोजित हुए लेकिन महंगाई राहत शिविर के दौरान आठ योजनाओं से एक साथ लाभान्वित होकर वे खुद को गौरवान्वित महसूस कर रही हैं। नगर पालिका के चेयरमैन रक्षा मिश्र एवं अधिशासी अधिकारी सीमा चौधरी ने बताया कि महंगाई राहत कैंप एवं प्रशासन शहरों के संग अभियान का इस तरह नियोजन किया गया है कि कैंप में आने वाले लाभार्थी को सुगमता के साथ खुद की पात्रता से संबंधित योजनाओं का लाभ मिल सके। महंगाई राहत कैंप एवं प्रशासन शहरों के संग अभियान के दौरान अब तक हजारों लाभार्थियों द्वारा मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड के लिए रजिस्ट्रेशन कराया गया है। इस दौरान कैंप प्रभारी आर आई संतोष मीणा कनिष्ठ अभियंता बस राम मीणा पार्षद हिना मिर्जा दीपक शर्मा मिथुन इरफान खान आदि मौजूद रहे।


लालसोट उपखंड मुख्यालय पर नगर पालिका के वार्ड 12 में शिविर के दौरान लाभार्थियों को मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड वितरित किए गए।

## 'मन की बात' का 100 वां संस्करण को सुना

**टोंक, (निसं)।** सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया द्वारा रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के "मन की बात" के 100 वें संस्करण के प्रसारण कार्यक्रम की सामूहिक सुनवाई का आयोजन शहर के कृषि विभाग के ऑडिटोरियम में किया गया। जहां प्रसारण सांसद जौनापुरिया द्वारा मोदी सरकार की जनोपयोगी योजनाओं का उल्लेख करते हुए, जिले में हुए विकास कार्यों से अवगत कराया गया। उक्त कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारीगण, प्रबुद्धजन, डॉक्टर्स, इंजीनियर्स, वकील, पत्रकार, अध्यापक, विद्यार्थीगण, दिव्यांगजन एवं समाज के विभिन्न वर्गो के सम्मानित नागरिकों ने सम्मिलित होकर मन की बात कार्यक्रम को धैर्य व उत्साह से सुना व देखा। इस अवसर पर उपस्थित मूक-बधिर दर्शकों की सुविधा हेतु मंच पर ही प्रसारण के सांकेतिक भाषा में तात्कालिक अनुवाद की व्यवस्था थी। ऑडिटोरियम परिसर में पूर्व निर्धारित सैल्फी पॉइंट्स पर युवाओं, बच्चों में सैल्फी लेने हेतु भारी उत्साह देखा गया।

# मन की बात का 100 वां एपिसोड सुना

**बहरोड़/भिवाड़ी, (निसं)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 100 वें एपिसोड को पश्चिमी बंगाल विधायक एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य रूपा मित्रा चौधरी के मुख्य आतिथ्य में महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष चित्रा शर्मा के नेतृत्व में लुहादेरा शक्ति केंद्र 157 पर मंडल अध्यक्ष सलोना यादव की अध्यक्षता में 300 महिलाओं द्वारा सुना गया।

वहीं बहरोड़ विधानसभा क्षेत्र के मांढण सिद्ध सेवा धाम पर बलवान सिंह यादव प्रथम जिला अध्यक्ष भाजपा अलवर उत्तर एवं विधानसभा संयोजक मन की बात के नेतृत्व में सैकड़ों व महिला पुरुषों के द्वारा मन की बात कार्यक्रम का भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा लाइव प्रसारण देखा गया। चित्रा शर्मा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में तिजारा विधानसभा संगठन विस्तारक दिनेश जोशी, मंडल अध्यक्ष विनयपाल, शक्ति केंद्र प्रभारी कृष्ण यादव, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष निरंजन सैनी, चंद्रशेखर, तिजारा मंडल अध्यक्ष निशा सैनी, टपूकड़ा मंडल अध्यक्ष अनीता भारद्वाज, राजीविका इंचार्ज राजबाला, उपाध्यक्ष सरोज जाटव, सुनीता प्रजापत, संतोष शर्मा, प्रीति, साधना, अनंता, प्रियंका, बबली, कृष्णा आदि बड़ी संख्या में भाजपा महिलाएं उपस्थित रहीं। वहीं बहरोड़ विधानसभा क्षेत्र के मांढण सिद्ध सेवा धाम पर आयोजित मन की बात सुनने के दौरान महंत अनिल पुरोहित, ओम प्रकाश यादव प्रदेश महामंत्री किसान मोर्चा, देवेंद्र यादव पूर्व जिला महामंत्री, राजकुमार यादव जिलाध्यक्ष अलवर उत्तर किसान मोर्चा, बाबूलाल शर्मा विस्तारक विधानसभा बहरोड़, प्रवक्ता सुनील, मंडल अध्यक्ष योगेश सिंह चौहान, अनिल यादव, महेंद्र यादव पूर्व जिला पार्षद एवं विधानसभा बहरोड़ के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


बहरोड में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मन की बात सुनी।



यह लय हासिल करने और गेंद और बल्ले का सही संपर्क होने के बारे में है। मेरा मानना है कि एक मैच में बेहतर पारी से इसे हासिल किया जा सकता है। - हेमंग बदानी

सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाजी कोच, टीम के बल्लेबाजों के बारे में।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**



**रोनाल्डिन्हो**

ब्राजील के महान फुटबॉल खिलाड़ी रोनाल्डिन्हो प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों के लिए विश्वव्यापी 'स्ट्रीट सॉकर लीग' शुरू कर रहे हैं। लंबे समय तक बार्सिलोना का प्रतिनिधित्व करने वाले इस खिलाड़ी का खेल भी सडक और गलियों में शुरू हुआ था और वह चाहते हैं कि इस तरह से खेल से जुड़ने वालों खिलाड़ियों को अपना कौशल दिखाने का वैश्विक मंच मिले। आयोजकों ने बताया कि यह वैश्विक स्ट्रीट लीग '2023 के आखिर' में शुरू होगी। शुरुआत में इसमें सोशल मीडिया के जरिये खिलाड़ियों को परखा जायेगा।

**क्या आप जानते हैं ?...** विश्व कप फुटबॉल में पहला गोल फ्रांस के लुइस लारेंट ने मैक्सिको विरुद्ध 1930 में किया था।

## सात्विक-चिराग ने बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप में जीता ऐतिहासिक स्वर्ण



दुबई, 30 अप्रैल। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ने बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के फाइनल में रविवार को मलेशिया के ओंग यू सिन और तियो ई यी को हराकर ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीत लिया।

भारतीय जोड़ी ने एक घंटा सात मिनट तक चले रोमांचक खिताबी मुकाबले में कई बार पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मलेशियाई युगल को 16-21, 21-17, 21-19 से मात दी। सात्विक-चिराग इसके साथ विश्व चैंपियनशिप में युगल स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय भी बन गये।

इस मुकाबले की शुरुआत भारत के पक्ष में नहीं रही और सात्विक-चिराग पहला गेम 16-21 से हार गये। भारतीय जोड़ी दूसरे गेम में भी 7-13 से पिछड़ी हुई थी लेकिन इसके बाद उन्होंने दर्शनीय वापसी की। सात्विक और चिराग ने बैकहैंड एवं स्मैश का बेहतरीन प्रयोग करके स्कोर 12-13 कर लिया।

ओंग-तियो ने एक पॉइंट स्कोर किया लेकिन सात्विक-चिराग ने लगातार चार अंक स्कोर करते हुए 16-14 की बढ़त बना ली। मलेशियाई युगल ने पिछड़ने के बाद कुछ अप्रत्याशित गलतियां भी कीं और भारतीय जोड़ी ने दूसरा गेम 21-17 से जीतकर खिताब हासिल करने की उम्मीदें जिंदा रखीं। ओंग-तियो ने आखिरी गेम में दमदार शुरुआत की और देखते ही देखते 14-11 की बढ़त बना ली। भारतीय जोड़ी एक बार फिर पिछड़ी हुई थी लेकिन उन्होंने संयम के साथ जीत की ओर कदम बढ़ाए। ओंग ने एक जोरदार स्मैश मारकर मलेशिया के लिये 15वां पॉइंट बनाया, जिसका जवाब भारतीय युगल ने लगातार तीन पॉइंट स्कोर करके दिया। तियो ने एक बार फिर बॉडी स्मैश से अंक अर्जित किया लेकिन सात्विक-चिराग लगातार तीन पॉइंट बनाकर 18-17 की बढ़त लेने में सफल रहे।

चिराग के दो सटीक प्रहारों की मदद से भारतीय जोड़ी ने 20-17 पर तीन चैंपियनशिप पॉइंट अर्जित कर लिये। मलेशियाई युगल दो पॉइंट बचा सका, लेकिन सात्विक के स्मैश ने भारत को चैंपियनशिप जिता दी। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने इस ऐतिहासिक जीत के लिये सात्विक-चिराग को 20 लाख रुपये की इनामी राशि से पुरस्कृत करने का फैसला किया है। इससे पहले एशिया चैंपियनशिप में किसी भारतीय पुरुष युगल जोड़ी का पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 1971 में आया था जब दीपू घोष और रमन घोष ने कांस्य पदक जीतकर अपना अभियान समाप्त किया था।



## चेन्नई के गढ़ चेपौक में जीती पंजाब

चेन्नई, 30 अप्रैल। पंजाब किंग्स ने अपनी आक्रामक मानसिकता का शानदार प्रदर्शन करते हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के रोमांचक मुकाबले में रविवार को चेन्नई सुपरकिंग्स को चार विकेट से हराया दिया।

चेन्नई ने डेवन कॉनवे (92 नाबाद) के आतिशी अर्द्धशतक की मदद से पंजाब के सामने 201 रन का विशाल लक्ष्य रखा। पंजाब के किसी बल्लेबाज ने अर्द्धशतक नहीं जड़ा, लेकिन सभी बल्लेबाजों के संयुक्त प्रदर्शन से मेहमान टीम ने मैच की आखिरी गेंद पर लक्ष्य हासिल कर लिया। कॉनवे अपने पहले आईपीएल शतक से चूक गये, हालांकि उन्होंने 52 गेंद पर 16 चौकों और एक छक्के के साथ नाबाद 92 रन बनाकर अपनी टीम को दोहरे शतक तक पहुंचा दिया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब को पांच ओवर में 72 रन की जरूरत थी। पंजाब ने लायम लिविंगस्टन (24 गेंद, 40 रन) और सैम करन (20 गेंद, 29 रन) और जितेश शर्मा (10 गेंद, 21 रन) की मदद से अगले चार ओवर में 63 रन बनाये लेकिन इनमें से कोई बल्लेबाज टीम को जीत तक पहुंचाने के लिये आखिरी ओवर तक नहीं रुक सका। अंततः, पंजाब को जब आखिरी ओवर में नौ रन की जरूरत थी तब सिकंदर रज़ा (सात गेंद, 13 रन) ने विजयी रन बनाकर टीम को जीत दिलाई।

पंजाब के लिये लक्ष्य का पीछा करने उतरे शिखर धवन और प्रभसिमरन सिंह को पावरप्ले में रन बनाने में कोई परेशानी नहीं हुई। दोनों ने पहले विकेट के लिये 50 रन की साझेदारी की। धवन 15 गेंद पर चार चौकों और एक छक्के की मदद से 28 रन बनाकर पवेलियन लौट गये जबकि पंजाब ने पावरप्ले में 62 रन बनाये।

पावरप्ले के बाद चेन्नई को स्पिनरों से रन रोकने की उम्मीद थी लेकिन रवींद्र जडेजा के अलावा कोई अन्य स्पिनर रनगति पर लगाम नहीं लगा सका। जडेजा ने प्रभसिमरन (24 गेंद, दो छक्के, चार चौके, 42 रन) और अथर्व ताइड़े (17 गेंद, 13 रन) को आउट भी किया जिससे चेन्नई को कुछ राहत मिली।

पंजाब को जब आखिरी पांच ओवर में 72 रन की जरूरत थी तब मैच में कई मोड़ देखने को मिले। लायम लिविंगस्टन ने 16वें ओवर में तुषार देशपांडे को तीन छक्के जड़े, लेकिन वह पांचवीं गेंद पर आउट हो गये। सैम करन ने 17वें ओवर की पांचवीं गेंद पर छक्का जड़ा लेकिन 18वें ओवर की पहली ही गेंद पर वह बोल्ड हो गये। जितेश शर्मा ने 19वें ओवर की पहली गेंद पर चौका जमाया लेकिन वह भी छक्का लगाने की कोशिश में लॉन्ग ऑन पर कैच दे बैठे।

पंजाब ने 16वें से 19वें ओवर के बीच 63 रन जोड़े लेकिन तीन महत्वपूर्ण विकेट भी गंवाये। मेहमान टीम को आखिरी छह गेंद पर नौ रन चाहिये थे और क्रीज पर नये-नये उतरे सिकंदर रज़ा बल्लेबाजी कर रहे थे। पंजाब शुरुआती तीन गेंद पर सिर्फ तीन रन ही बना सकी, हालांकि अगली दो गेंदों पर सिकंदर ने चार रन चुरा लिये। पंजाब को आखिरी गेंद पर तीन रन की जरूरत थी। रज़ा ने गेंद को बैकवर्ड स्क्वैयर लेग की ओर खेलकर तीन रन चुराते हुए पंजाब को जीत दिला दी।

इससे पूर्व, चेन्नई ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए कॉनवे और रुतुराज गायकवाड़ की मदद से अच्छी शुरुआत की। कॉनवे-गायकवाड़ ने पावरप्ले में 57 रन जोड़े, हालांकि इसके बाद गायकवाड़ को पारी की रफ्तार बरकरार रखने में परेशानी का सामना करना पड़ा। कॉनवे और गायकवाड़ ने पहले विकेट के लिये 86 रन की साझेदारी की, जबकि गायकवाड़ 31 गेंद पर चार चौके और एक छक्का लगाने के बावजूद 37 रन ही बना सके।

दूसरे छोर पर कॉनवे ने चौका जड़कर 30 गेंदों में अपना अर्द्धशतक पूरा किया। पहले विकेट के पतन के बाद उन्हें शिवम दूबे का साथ मिला और दोनों ने दूसरे विकेट के लिये 44 रन जोड़े। दूबे ने इस साझेदारी में 17 गेंदें खेलीं और एक चौके एवं दो छक्कों की मदद से 28 रन का योगदान दिया। चौदहवें ओवर में दूबे का विकेट गिरने के बाद मोईन अली (छह गेंद, 10 रन) भी ज्यादा देर विकेट पर नहीं रह सके, हालांकि कॉनवे की आक्रामक बल्लेबाजी जारी रही।

उन्होंने 15वें ओवर में लायम लिविंगस्टन को दो चौके लगाते हुए 15 रन बटोरे, जबकि 16वें ओवर में सैम करन के खिलाफ 12 रन जुटाए। पारी के 17वें ओवर में मोईन का विकेट गिरने के बावजूद चेन्नई 11 रन बनाने में सफल रही।

## मुंबई की राजस्थान पर रोमांचक जीत

मुबंई 30 अप्रैल। मुंबई इंडियंस ने आईपीएल के एक रोमांचक मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को 6 विकेट से हरा दिया। राजस्थान रॉयल्स ने एक छोर पर विकेटों के पतझड़ के बीच यशस्वी जायसवाल (124) की यादगार शतकीय पारी की बदौलत सात विकेट पर 212 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा कर लिया। जिसके जवाब में मुंबई इंडियंस ने सूर्यकुमार यादव की शानदार अर्द्धशतकीय पारी (55) और टिम डेविड के नाबाद (45) रन की बदौलत तीन गेंद शेष रहते हुए चुनौतीपूर्ण लक्ष्य हासिल कर लिया। वानखेड़े स्टेडियम का शायद ही कोई ऐसा कोना बचा हो जहां यशस्वी ने प्रहार न किये हो। उत्तर प्रदेश के छोटे से गांव से निकल कर क्रिकेट सीखने के लिये मायानगरी मुबंई को अपना आशियाना बनाने वाले 21 साल के इस नौजवान खिलाड़ी ने राजस्थान ही नहीं बल्कि पूरे देश को अपने प्रदर्शन से मंत्रमुग्ध कर दिया। अपने टी-20 करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के दौरान यशस्वी ने 112 मिनट क्रीज पर टिक कर 62 गेंदो का सामना किया और इस दौरान 16 चौके और आठ छक्के लगाये। पारी के आखिरी ओवर में अरशद खान ने उन्हे अपनी ही गेंद पर लपक कर विदा किया। यशस्वी के साथ सबसे बड़ी 72 रन की भागीदारी जोस बटलर (18) के साथ हुयी। बटलर के आउट होने के बाद विकेटों का पतझड़ शुरू हो गया जो पारी के अंत तक जारी रहा। राजस्थान के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने में बाद में गेंदबाजी करने आये अरशद खान खासे प्रभावी दिखे जिन्होने तीन ओवर फेंके और 39 रन देकर तीन विकेट झटके। इससे पहले पियूष चावला ने दो अहम विकेट लेकर मेहमानों को परेशानी में डाला।



## हमने बीच के कुछ ओवरों में मैच गंवा दिया : धोनी

चेन्नई, 30 अप्रैल। चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 के करीबी मैच में रविवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ चार विकेट की शिकस्त के बाद कहा कि लक्ष्य का बचाव करने के दौरान बीच के दो ओवर में अधिक रन लुटाना उनकी टीम को भारी पड़ा। जीत के लिए 201 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब की टीम मैच के 15वें ओवर के बाद तीन विकेट पर 129 रन बनाकर संघर्ष कर रही थी लेकिन चेन्नई के गेंदबाजों ने 16वें ओवर में 24 और 17वें ओवर में 17 रन लुटा दिये जिससे मैच का रुख मुड़ गया। धोनी ने मैच के बाद आईपीएल प्रसारकों से कहा, "बीच के ओवरों में हमने दो खराब ओवर डाले। गेंदबाजों को पता होना चाहिए कि कहा गेंदबाजी करनी है। यह साफ था कि अब बल्लेबाज बड़े शॉट लगाने की कोशिश करेंगे।" धोनी की कहा कि उनके गेंदबाजों को कम अनुभव है और बल्लेबाजों को इसकी पूर्ति करनी होगी। उन्होंने कहा, " हम अपने बल्लेबाजी के दौरान 10-15 रन ज्यादा बना सकते थे। हमारे गेंदबाज अभी युवा हैं। उन्हें अभी थोड़ा और अनुभव चाहिए।" उन्होंने दबाव में शानदार गेंदबाजी करने के लिए महीश पथिराना की तारीफ करते हुए कहा, उसने ने अच्छी गेंदबाजी की लेकिन इसके अलावा हमें यह देखने की जरूरत है कि क्या हमारी योजना गलत थी या उसका क्रियान्वयन खराब था।"

## युवा बल्लेबाजों पर भरोसा रखना जरूरी : मिचेल मार्श

नयी दिल्ली, 30 अप्रैल। दिल्ली कैपिटल्स के भारतीय युवा खिलाड़ी भले ही इस आईपीएल सीजन में प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर सके हैं, लेकिन हरफनमौला मिचेल मार्श का कहना है कि टीम प्रबंधन उनका समर्थन करना चाहता है।

कैपिटल्स को शनिवार रात सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों नौ रन की हार का सामना करना पड़ा। यह आठ मैचों में कैपिटल्स की छठी हार है। कैपिटल्स ने 198 रन का पीछा करते हुए 11 ओवर में 110 रन बना लिये थे, लेकिन फिल सॉल्ट (35 गेंद, 59 रन) और मिचेल मार्श (39 गेंद, 63 रन) के आउट होते ही मैच का रुख पलट गया। भारतीय युवाओं से सजा कैपिटल्स का मध्यक्रम असफल रहा और टीम 20 ओवर में 188/6 के स्कोर तक ही पहुंच सकी।

मार्श ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, हमारे बल्लेबाजी क्रम में कुछ युवा खिलाड़ी हैं लेकिन उनका समर्थन करना और उनपर भरोसा जताना जरूरी है। उन्हें मैदान पर उतारना और विभिन्न परिस्थितियों में खिलाना जरूरी है। मुझे नहीं लगता कि हम उस विशेष कारण से मैच हारे। आज ऐसी कई चीजें थीं जहां हम सुधार कर सकते थे और मैच जीत सकते थे। कैपिटल्स ने टॉस हारकर गेंदबाजी करते हुए सनराइजर्स को पावरप्ले में आक्रामक होने का मौका दिया, लेकिन उसके गेंदबाजों ने मध्य ओवरों में काफी हद तक वापसी की। सनराइजर्स 15 ओवर में 135 रन ही बना सकी थी, लेकिन कैपिटल्स ने अंतिम पांच ओवर में 62 रन लुटाकर विपक्षी टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचने का मौका दिया।

मार्श ने कहा, अगर आप हमारे सीजन को देखें तो किसी एक पर इलज़ाम नहीं लगा सकते। हम कुछ बहुत करीबी मुकाबले हारे। अगर हम वे मुकाबले जीत जाते तो इन चीजों पर बात नहीं कर रहे होते। आईपीएल एक मुश्किल टूर्नामेंट है जहां मुकाबले जीतना मुश्किल है। दुर्भाग्य से हमें कुछ करीबी मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। लेकिन मुझे अभी भी लगता है कि आज के मैच से हम सकारात्मक चीजें लेकर जा सकते हैं। इस विकेट पर 195 (198) रन बनाना मुश्किल ही होने वाला था।

कैपिटल्स भले ही चार अंकों के साथ अंक तालिका में सबसे नीचे 10वें स्थान पर पहुंच गयी, लेकिन सॉल्ट और मार्श की पारियां उनके लिये सकारात्मक साबित हुईं। मार्श ने 39 गेंद पर एक चौके और छह छक्कों के साथ 63 रन की अर्द्धशतकीय पारी खेलने के अलावा चार ओवर में 27 रन देकर चार विकेट भी लिये।

उन्होंने अपने प्रदर्शन पर कहा, आज बल्ले और गेंद दोनों से योगदान देना अच्छा था। टूर्नामेंट में मेरी शुरुआत अच्छी नहीं रही। मैं गेंद और बल्ले दोनों से योगदान नहीं दे सका। मुझे अपनी तकनीक पर विश्वास है। आईपीएल जैसे टूर्नामेंट में आप एक-दो असफलताओं के बाद बदलाव करने के बारे में सोच सकते हैं लेकिन मैंने पिछले दो मैचों में अपनी तकनीक पर भरोसा किया है। मार्श ने दिल्ली के लिये लक्ष्य का पीछा करते हुए सॉल्ट के साथ दूसरे विकेट के लिये 66 गेंद पर 112 रन की शतकीय साझेदारी की। यह साझेदारी कैपिटल्स को सनराइजर्स पर लगातार दूसरी जीत दिला सकती थी लेकिन मेहमान टीम के स्पिनर्स ने सही समय पर विकेट चटकाकर मैच बचा लिया। इसी बीच, सनराइजर्स के बल्लेबाजी कोच हेमंग बडानी ने कहा कि वह मार्श और सॉल्ट की साझेदारी को लेकर चिंतित थे, लेकिन स्पिनर योजनाओं पर टिके रहे जिससे उन्हें सफलता मिली।

## पहलवानों के साथ लड़ाई व्यक्तिगत, पार्टी से कोई वास्ता नहीं : ब्रजभूषण

गोंडा, 30 अप्रैल। भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाले पहलवानो के साथ उनकी लड़ाई व्यक्तिगत है और इससे उनकी पार्टी से कोई लेना देना नहीं है। नंदनीनगर महाविद्यालय परिसर में रविवार को पत्रकारों से बातचीत में सिंह ने कहा कि उनके ऊपर पहलवानों द्वारा लगाये गये आरोपों से वे स्वयं लड़कर बाहर निकलेंगे। ये लड़ाई उनकी व्यक्तिगत है और इससे प्रकरण से भारतीय जनता पार्टी का कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने कहा कि आरोप बतौर कुश्ती संघ अध्यक्ष लगाये गये है न कि सांसद के नाते। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अगर पार्टी कहेगी तो वे तुरंत सांसद पद से तत्काल इस्तीफा दे देंगे। सिंह ने कहा कि देश को मेडल दिलाने में केवल पहलवानों की ही अकेली भूमिका नहीं है बल्कि कुश्ती संघ की भी अहम भूमिका है। उन्होने बताया कि अभी तक दिल्ली पुलिस ने उनसे कोई संपर्क नहीं किया है अगर पुलिस संपर्क करेगी तो वह अवश्य संपर्क में करेंगे और उन्हे जहां तलब किया जायेगा, वह वहां जायेंगे। वह पुलिस कार्यवाही में पूरा सहयोग देंगे।

## डिंग लिरेन बने नये विश्व चैम्पियन

अस्ताना 30 अप्रैल। चीन के डिंग लिरेन ने रूस के यान निपोमनिशी को रोमांचक टाइब्रेक में हराकर रविवार को विश्व शतरंज चैंपियनशिप जीत ली। नौ अप्रैल को शुरू हुई विश्व चैंपियनशिप के 14 पारंपरिक मुकाबलों के बाद स्कोर 7-7 से बराबर होने के कारण विजेता का फैसला आज चार टाइब्रेकर रैपिड मुकाबलों से किया गया। टाइब्रेकर के शुरुआती तीन गेम ड्रॉ रहे, लेकिन डिंग ने चौथे गेम में निर्णायक जीत दर्ज की। डिंग विश्व चैंपियन का ताज अपने सिर सजाने वाले पहले चीनी ग्रैंडमास्टर हैं। पिछले 10 सालों से नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन विश्व चैंपियन थे लेकिन उन्होंने पिछले साल अपना खिताब बचाने से मना कर दिया था। डिंग ने इस जीत के बाद कहा, हम दोनों के पास बहुत अनुभव था। हम बहुत स्थापित ग्रैंडमास्टर हैं।

## पीटी उषा व अनुराग पहलवान बेटियों को न्याय दिलाने में विफल रहे : कौर

जालंधर, 30 अप्रैल। दिल्ली के जंतर मंतर में भारतीय कुश्ती महासंघ अध्यक्ष बृज भूषण सिंह के खिलाफ देश की महिला पहलवानों द्वारा जारी संघर्ष के समर्थन में पहुंची महिला किसान यूनियन की अध्यक्ष राजविंदर कौर राजू ने मांग की है कि आपराधिक पृष्ठभूमि वाले इस बाहुबली अध्यक्ष के खिलाफ दर्ज दोनों मुक़दमों में इसे तत्काल गिरफ्तार किया जाए तथा केंद्र सरकार उसे सभी संवैधानिक पदों से हटाए। किसान यूनियन अध्यक्ष राजविंदर कौर ने पहलवानों का समर्थन करते हुए कहा कि यह लड़ाई देश की बेटियों के लिए है। इन लड़कियों ने ओलंपिक पदक जीतकर विदेशों में भारत का नाम और तिरंगे झंडे की शान बढ़ाई है, जबकि इस बाहुबली पर डेढ़ दर्जन आपराधिक मामले दर्ज होने के बावजूद केंद्रीय भाजपा सरकार बच्चियों का यौन शोषण करने वाले अपने इस दोषी सांसद को बचाने पर तुली हुई है।

## एफआईआर के बावजूद इंकार ब्रज भूषण पर अहंकार दर्शाता है : वडिंग

चंडीगढ़ 30 अप्रैल। पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने रविवार को कहा कि प्राथमिकी दर्ज होने के बावूजद भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष ब्रज भूषण सिंह का इस्तीफा न देना उनका अहंकार दर्शाता है। वडिंग ने ट्वीट कर कहा कि इसीके साथ यह भारतीय जनता पार्टी के 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' नारे का खोखलापन भी सामने लाता है। दिल्ली में जंतर मंतर पर प्रदर्शन कर रहीं पहलवानों का समर्थन करते हुए उन्होंने कहा कि देश का नाम ऊंचा कराने वाली बेटियों को इंसासफ मिलना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि पंजाब कांग्रेस इंसाफ की इस लड़ाई में पहलवानों के साथ है। पहलवान पिछले रविवार से जंतर मंतर पर धरने पर हैं और उच्चतम न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद ब्रज भूषण सिंह के खिलाफ दो प्राथमिकियां दर्ज हो चुकी हैं। पहलवानों का धरना हालांकि जारी है।

## यह धोनी का नया अवतार है : मांजरेकर

चेन्नई, 30 अप्रैल। भारत के पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने घुटने की चोट से जूझ रहे चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की तारीफ करते हुए कहा है कि इस साल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में दर्शकों को उनका नया अवतार देखने को मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि 41 वर्षीय धोनी अपना आखिरी आईपीएल खेल रहे हैं। उन्हें घुटने की चोट के कारण खेलने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है लेकिन चार बार के आईपीएल चैंपियन ने सही प्रबंधन से खुद को मैच के लिये फिट रखा है। मांजरेकर ने स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम क्रिकेट लाइव पर कहा, एमएस धोनी एक बुद्धिमान क्रिकेटर हैं। वह अपनी सीमाएं जानते हैं। हम इस सीजन में उनका एक नया अवतार देख रहे हैं। पहले वह सिर्फ टीम को संभालते थे, इस साल वह खुद को भी संभाल रहे हैं। चेन्नई के लिये एक सकारात्मक पहलू हरफनमौला खिलाड़ी शिवम दूबे की फॉर्म भी है।

## मीडिया खिलाड़ियों की बजाय बृजभूषण के साथ, कहा प्रदर्शनकारी पहलवानों ने

नयी दिल्ली, 30 अप्रैल। प्रदर्शनकारी पहलवानों ने रविवार को मीडिया पर खिलाड़ियों की बजाय भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह का समर्थन करने का आरोप लगाते हुए कहा कि अखबारों को सिंह को बोलने के लिये मंच नहीं देना चाहिये। महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे सिंह ने आरोपों के खिलाफ लड़ने की बात कही और इस प्रदर्शन को राजनीति से प्रेरित बताया। दिल्ली पुलिस ने भाजपा सांसद सिंह के खिलाफ दो प्राथमिकी दर्ज की है जिनमें से एक पोस्को कानून के तहत दर्ज की गई हा। बजरंग ने मीडिया से बातचीत में कहा, मीडिया खिलाड़ियों से ज्यादा बृजभूषण का समर्थन कर रहा है। उसका आपराधिक रिकॉर्ड देखो। क्या यहां बैठे या दूसरे खेलों के किसी खिलाड़ी का आपराधिक रिकॉर्ड है।" उन्होंने यह भी कहा कि देश में सांसद बनने से अधिक कठिन ओलंपिक पदक जीतना है। उन्होंने कहा ," खिलाड़ी देश के लिये पदक जीतते हैं और वह पदक विजेताओं पर सवाल उठा रहे हैं। देश में कितने व्यक्ति सांसद बनते हैं और कितने ओलंपिक पदक जीतते हैं। अभी तक मुश्किल से 40 ओलंपिक पदक विजेता हैं और हजारों सांसद हैं ।"

## जमान के विशाल शतक से जीता पाक

रावलपिंडी, 30 अप्रैल। सलामी बल्लेबाज फखर ज़मान (180 नाबाद) के विशाल शतक के दम पर पाकिस्तान ने दूसरे एकदिवसीय मैच में न्यूजीलैंड को सात विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली है। न्यूजीलैंड ने शनिवार को खेले गये मैच में पाकिस्तान के सामने 337 रन का विशालकाय लक्ष्य रखा, लेकिन ज़मान के शतक ने पाकिस्तान को 48.2 ओवर में ही जीत दिला दी। न्यूजीलैंड ने टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाज विल यंग (19) का विकेट जल्दी गंवा दिया, लेकिन चैड बोवेस, डैरिल मिचेल और टॉम लैथम की शानदार बल्लेबाजी करके मेहमान टीम को 300 रन के पार पहुंचाया। बोवेस न 51 गेंद पर सात चौकों की मदद से 51 रन बनाकर न्यूजीलैंड को अच्छी शुरुआत दी, जबकि मिचेल ने लगातार दूसरा शतक जड़ते हुए 119 गेंद पर आठ चौकों और तीन छक्कों सहित 129 रन बनाये। लैथम ने मिचेल के साथ 183 रन की विशाल साझेदारी की लेकिन वह अपने शतक से दो रन दूर रह गये। लैथम ने 85 गेंद पर आठ चौके और एक छक्का लगाकर 98 रन बनाये। जेम्स नीशन 15 गेंद में 17 रन का योगदान देकर न्यूजीलैंड को 50 ओवर में 336/5 के स्कोर तक पहुंचाया। जमान की बल्लेबाजी के आगे हालांकि न्यूजीलैंड इस स्कोर को नहीं बचा सके। उन्होंने एकदिवसीय क्रिकेट में लगातार तीसरा शतक जड़ते हुए 144 गेंद पर 17 चौके और छह छक्के जड़कर 180 रन की नाबाद पारी खेली। जमान को दूसरे छोर से भी लगातार साथ मिला। उन्होंने इमाम उल हक ((26 गेंद, 24 रन) के साथ पहले विकेट के लिये 66 रन की साझेदारी की।



*हर साल विकसित देश अपना लाखों टन कचरा अफ्रीका, एशिया व दक्षिण अमेरिका के गरीब देशों में भेजते हैं, रीसाइक्लिंग के लिए, क्योंकि कचरे का एक्सपोर्ट करना ज्यादा सस्ता पड़ता है, बजाय रीसाइक्लिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर खड़ा करने के। विकसित देशों द्वारा विकासशील देशों को भेजे जाने वाले कचरे पर वैसे तो किसी का ध्यान नहीं जाता है, लेकिन, नब्बे के दशक के अंत में हुई एक घटना ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर इस अन्यायपूर्ण व्यापार पर प्रकाश डाला। सत्तर के दशक से ही फिलडैल्फिया अपना कचरा म्युनिसिपल वेस्ट इनसिनरेटर (भट्टी) में जलाता आ रहा था और इसकी राख को न्यूजर्सी के लैंडफिल में भेजा जाता था, लेकिन 1984 में न्यूजर्सी को जब पता लगा कि इस राख में आर्सनिक, कैडमियम, लैड, मर्करी, डायॉक्सिन और अन्य टॉक्सिन्स बहुत ज्यादा मात्रा में हैं, तो उसने राख लेने से मना कर दिया। फिर 6 अन्य राज्यों ने भी ऐसा ही किया। इससे फिलडैल्फिया राज्य दुविधा में पड़ गया, क्योंकि हर साल बनने वाली18 लाख टन राख को खपाने के लिए जगह नहीं थी। फिर तय किया गया कि, इसे समुद्र में दूर भेज दिया जाए, जहां पर्यावरण ज्यादा प्रभावित ना हो। वर्ष 1986 में फिलडैल्फिया ने राख से मुक्ति पाने के लिए 60 लाख डॉलर में एक कम्पनी की सेवाएं लीं। उक्त कम्पनी ने किसी एक अन्य कम्पनी को हायर किया। उस कंपनी ने खियान सी नाम के अपने कार्गो शिप से 11 अगस्त को चौदह हजार टन राख बहामा के लिए भेजी। पर बहामा को ग्रीन पीस नाम के एक पर्यावरण संगठन ने पहले ही सच्चाई बता दी तो उसने भी शिप लौटा दिया। लगभग 14 माह तक शिप एटलांटिक सी में घूमता रहा। दिसम्बर 1987 में अफ्रीकी देश हैती को खाद की आड़ में राख देने की कोशिश की गई। जब खियान सी ने समुद्र तट पर राख डालना शुरु किया तो फिर से ग्रीन पीस ने खेल बिगाड़ दिया। सच्चाई को जानकर हैती सरकार ने जहाज के कैप्टन से राख वापस लोड करवाने को कहा। लेकिन जहाज का कैप्टन, तट पर 400 टन राख छोड़ कर रातों रात जहाज लेकर भाग गया। वर्षों बाद जहाज के कैप्टन ने कोर्ट में स्वीकार किया कि राख एटलांटिक और हिंद महासागर में डाल दी गई थी, जो अन्तर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन था। वर्ष 1993 में खियान सी पर मुकदमा चलाया गया और 1999 में जहाज को तोड़ दिया गया। हैती के तट पर छोड़ी गई राख की मात्रा हवा व बारिश की वजह से हालांकि कम हो गई थी पर 1995 में कम्पनी को हैती से राख वापस लेनी पड़ी।*

# ‘जे.डी.एस. को दिया गया वोट कांग्रेस के ही खाते में जायेगा’

## प्र.मंत्री मोदी ने कर्नाटक में जनसभा में कहा, दोनों कमजोर पार्टियां चुनाव के बाद एक हो जायेंगीं और कर्नाटक के राजनीतिक वातावरण को अस्थिर कर देंगी

बैंगुलुरु, 30 अप्रेल। कर्नाटक विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जे.डी.एस. और कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने विपक्षी दलों पर परिवारवाद का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि, कांग्रेस और जे.डी.एस. एक दूसरे से अलग होने का दिखावा कर रही है। पिछले चुनाव में भी दोनों दलों के नेता एक दूसरे को गाली दे रहे थे, लेकिन चुनाव खत्म भी नही हुआ था कि, दोनों ने एक दूसरे से हाथ मिला लिया था। दोनों ही दलों में ऐसे ही दिखावे वाली लड़ाई चलती रहती है। प्रधानमंत्री ने रैली में उपस्थित कहा कि जे.डी.एस. को दिया गया हर वोट कांग्रेस के ही खाते में जाएगा।

■ **प्रधानमंत्री ने कहा कि, कांग्रेस और जे.डी.एस. एक दूसरे से अलग होने का दिखावा कर रही हैं। पिछले चुनाव में भी दोनों दलों के नेता एक दूसरे को गाली दे रहे थे, लेकिन चुनाव खत्म भी नहीं हुआ था कि, दोनों ने एक-दूसरे से हाथ मिला लिया था।**

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में निम्न बातों का प्रमुखता से जिक्र किया। उन्होंने कहा, कांग्रेस और जे.डी.एस.के बीच दिखावे वाली लड़ाई चलती है। डब्ल्यू.डब्ल्यू.एफ., नूराकुश्ती, संसद में भी कांग्रेस और जे.डी.एस. हर मुद्दे पर साथ ही होते हैं इसलिए जे.डी.एस. को दिया गया वोट कांग्रेस के खाते में ही जाएगा और कांग्रेस को वोट देना मतलब विकास पर ब्रेक लगाना है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जनता किसी भी हालत में अपने भाग्य को जे.डी.एस. और कांग्रेस के हाथों में नही सौंप सकती है। मोदी ने कहा कि बीजेपी की सरकार में माहौल काफी बदला है। अब विदेशी कंपनी भारत आना चाहती है। कर्नाटक के विकास के लिए बीजेपी जरूरी है।

प्र.मंत्री मोदी ने कांग्रेस और जे.डी.एस. पर परिवारवाद का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस के नेताओं को हर बात के लिए दिल्ली में बैठे एक परिवार के सामने घुटने टेकने पड़ते हैं। वही हालत जे.डी.एस. में भी है यहां भी हर कार्य एक ही परिवार के लिए होता है।

प्र.मंत्री ने कहा कि जे.डी.एस.जो पार्टी है, ये पार्टी भी पूरी तरह से एक परिवार की प्राइवेट लिमिटेड पार्टी है। इस पार्टी के बड़े चेहरे अपनी सारी ताकत, अपने परिवार को बसाने में ही खर्च कर रहे हैं।

पार्टी से जुड़ी ज्यादातर हेडलाइन यही होती है कि परिवार के किस सदस्य का पलड़ा भारी है। इस बात की चर्चा नही होती कि उनके पास लोगों के लिए क्या एजेंडा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस बार कर्नाटक ने तय कर लिया है कि दशकों से जोड़-तोड़ से अस्थिर सरकारों की जो राजनीति चली है उसे खत्म करना है। कांग्रेस और जे.डी.एस. दोनों ही अस्थिरता के प्रतीक हैं। देश में जिन राज्यों में भी कांग्रेस की सरकारें बची हैं वहां उनकी पहचान आपसी झगड़े से है। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में क्या चल रहा है वे सब देख रहे हैं।

प्र.मंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि, उनकी सरकार ने गरीबों की जिंदगी को आसान बनाने के लिए काम किया है। मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं। कांग्रेस सरकार के दौरान सिर्फ तुष्टिकरण की राजनीति हुआ करती थी।

प्रधानमंत्री ने किसानों का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार लगातार उनके लिए काम कर रही है। किसानों की आय को बढ़ाने पर काम किए जा रहे हैं। कांग्रेस ने यूरिया में भी घोटाला कर लिया था। बीजेपी नेनो यूरिया पर काम कर रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि, कर्नाटक में डबल इंजन की सरकार जरूरी है। अगर डबल इंजन की सरकार नही होती तो इतनी तेजी से राज्य में रेलवे के कार्य नही होते। प्र.मंत्री ने कहा कि, कांग्रेस की सरकारों के दौरान किसान को कर्ज माफी के नाम पर ठगा जाता था। भाजपा सरकार ने छोटे से छोटे किसान को भी किसान सम्मान निधि का सहारा दिया। केंद्र सरकार जो पैसे भेजती है उसमें यहां की भाजपा सरकार प्रति किसान 4 हजार रुपये जोड़ देती है।

# ‘मुझे खुदको सांप कहलाना स्वीकार है’

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के सांप वाली टिपण्णी पर जवाब देते हुए कहा, सांप भगवान शिव का श्रृंगार है

कोलार, 30 अप्रैल (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के सांप वाली टिपण्णी पर जवाब देते हुए रविवार को कोलार में एक चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि वह सांप कहलाना स्वीकार करते हैं क्योंकि यह भगवान शिव का शृंगार है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अब कर्नाटक चुनाव में उनका सबसे बड़ा मुद्दा क्या है? चुनाव में सांप अब कांग्रेस के लिए लिए सबसे बड़ा मुद्दा बन गया है। ये लोग मेरी तुलना सांप से कर रहे हैं और जनता से वोट मांग रहे हैं।

मोदी ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए जमकर साधा निशाना। उन्होंने कहा,भगवान शंकर के गले का शृंगार नाग है और मेरे लिए देश की जनता भगवान का रूप है। इसलिए, मैं सांप बनना स्वीकार करता हूं जो कि एक श्रृंगार है।

■ **प्र.मंत्री मोदी ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए जमकर साधा निशाना। उन्होंने कहा, भगवान शंकर के गले का श्रृंगार नाग है और मेरे लिए देश की जनता भगवान का रूप है। इसलिए, मैं सांप बनना स्वीकार करता हूं जो कि भगवान शंकर का एक श्रृंगार है।**

उन्होंने कहा कि कर्नाटक की जनता कांग्रेस को करारा जवाब देगी। उन्होंने यहाँ जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा,लेकिन मैं जानता हूं कि संतों और कर्मकांडों की भूमि कर्नाटक की जनता कांग्रेस के इस अपमान का अपने मतों से मुंहतोड़ जवाब देगी और उसके सारे मंसूबों को धराशायी कर देगी।

मोदी ने कहा,कांग्रेस के खिलाफ भगवान तुल्य जनता की यह नाराजगी और गुस्सा 10 मई को पोलिंग बूथ पर जोरों से निकलने वाला है।

मोदी ने 40 प्रतिशत कमीशन कर्नाटक सरकार वाले कांग्रेस के बयान के खिलाफ पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस 85 प्रतिशत कमीशन वाली पार्टी है, इस तथ्य को उसके वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने स्वीकार किया था। कांग्रेस को हमेशा 85 प्रतिशत कमीशन की पार्टी के रूप में जाना जाता है।

उन्होंने कहा,कांग्रेस हमेशा से 85 फीसदी कमीशन की पार्टी के रूप में जानी जाती रही है। कांग्रेस के तत्कालीन प्रधानमंत्री (राजीव गांधी) ने कहा था कि एक रुपये में से 15 पैसे ही लाभार्थी के पास पहुंचते हैं। यह उनके पीएम की स्वीकृति है और इसलिए कांग्रेस सरकार कभी भी कर्नाटक का विकास नही कर सकती है।

गौरतलब है कि कर्नाटक कांग्रेस ने राज्य सरकार के खिलाफ 40 प्रतिशत कमीशन का आरोप लगाया था। लेकिन, सत्ता पक्ष यह कहकर इसे खारिज करता रहा है कि विपक्षी दल ने भ्रष्टाचार के आरोपों को साबित करने के लिए एक भी कानूनी कदम नही उठाया है।

मोदी ने कहा कि अगर कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व ही जमानत पर बाहर है तो लोग भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई की उम्मीद नही कर सकते।

उन्होंने कहा,आज भी,शाही परिवार और उनके करीबी सहयोगी करोड़ों रुपये के विभिन्न घोटालों में जमानत पर बाहर हैं। यदि कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व जमानत पर है तो आप भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई की उम्मीद नही कर सकते।

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि सबसे पुरानी पार्टी का ट्रैक रिकॉर्ड अपनी गारंटियों को पूरा नहीं कर रहा है।

### कर्नाटक में ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

लिए कांग्रेस और जे.डी.एस. का यह परम्परागत गढ़ काफी महत्वपूर्ण है।

लोगों के बीच प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि, महाराजा पैलेस सहित प्रतिष्ठित मैसूर इमारतों के साथ-साथ न केवल नागरिक बल्कि पर्यटक भी प्रधानमंत्री मोदी को देखने के लिए उमड़ पड़े।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मोदी के 5 किलोमीटर इस असाधारण रोड शो के लिए लाइन में लगने के लिए कई दिहाड़ी मजदूरों ने भी अपना काम छोड़ दिया। प्रधानमंत्री के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया वाहन जब मार्ग से गुजर रहा था तो लगभग एक लाख लोग सड़क के दोनों किनारों पर खड़े थे और मोदी-मोदी के नारे लगा रहे थे।

विशेष वाहन पर सवार मोदी ने मैसूरु पेटा पहन रखा था और उन्होंने लोगों के अभिवादन को स्वीकार किया। लोगों ने उन पर फूल बरसाए। उनके साथ कर्नाटक के पूर्व उपमुख्यमंत्री केएस ईश्वरप्पा, कर्नाटक के पूर्व मंत्री एस.ए. रामदास और मैसूरु-कोडागु के सांसद प्रताप सिम्हा थे। रोड शो के दौरान उस समय तनाव की स्थिति पैदा हो गयी जब उनके किसी प्रशंसक ने मोबाइल फोन फेंक दिया जो वाहन की छत पर जा गिरा।

# ‘मन की बात में उठाये गये कई मुद्दे जन आंदोलन भी बने हैं’

नयी दिल्ली, 30 अप्रैल (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि रेडियो पर हर माह प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात के जरिए उन्होंने जनता से जुड़े जो भी मुद्दे उठाए हैं वे सब जन आंदोलन बने हैं और उनसे लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव आया है।

मोदी ने रेडियो पर प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात की 100वीं कड़ी के प्रसारण के दौरान कहा कि इस कार्यक्रम में उन्होंने जिस विषय को भी उठाया वह आंदोलन बन गया। मन की बात के जरिए देश के आम लोगों से जुड़ने का मौका मिला और उनके परंपरा से हटकर की किए जा रहे कार्यों से भी रू-ब-रू होने का इसके जरिये अवसर मिला।

उन्होंने कहा , मेरे लिए मन की बात की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि हर बार मुझे नये नये उदाहरणों की नवीनता, हर बार देशवासियों की नई सफलताओं का विस्तार देखने को मिला। 'मन की बात' में देश के कोने-कोने से लोग जुड़े, हर आयु-वर्ग के लोग जुड़े। बेटी-बचाओ बेटी-पढ़ाओ की बात हो, स्वच्छ भारत आन्दोलन हो, खादी के प्रति प्रेम हो या प्रकृति की बात, आजादी का अमृत महोत्सव हो या फिर अमृत सरोवर की बात हो, मन की बात' के जरिये जिस विषय से भी जुड़ा, वे सब जन-आंदोलन बन गए।

■ **प्रधानमंत्री मोदी ने अपने आकाशवाणी कार्यक्रम के 100वें एपिसोड में इस कार्यक्रम से जुड़े अपने अनुभव साझा करते हुये कहा कि, जितनी बार यह कार्यक्रम प्रसारित हुआ हर बार भारत की उपलब्धियां भी बढ़ती गईं**

■ **उन्होंने कहा, मेरे लिए मन की बात की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि, हर बार मुझे नये नये उदाहरणों की नवीनता, हर बार देशवासियों की नई सफलताओं का विस्तार देखने को मिला।**

मोदी ने कहा , जब मैंने, तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा के साथ साझा 'मन की बात' की थी तो इसकी चर्चा पूरे विश्व में हुई थी। आप कल्पना करिए, मेरा कोई देशवासी 40-40 साल से निर्जन पहाड़ी और बंजर जमीन पर पेड़ लगा रहा है, कितने ही लोग 30-30 साल से जल-संरक्षण के लिए बावड़ियां और तालाब बना रहे हैं, उसकी साफ़-सफाई कर रहे हैं। कोई 25-30 साल से निर्धन बच्चों को पढ़ा रहा है, कोई गरीबों की इलाज में मदद कर रहा है। कितनी ही बार 'मन की बात' में इनका जिक्र करते हुए मैं भावुक हुआ हूँ।

उन्होंने आगे कहा 'मन की बात' की एक और विशेषता रही है कि इसके जरिए कितने ही जन-आन्दोलन ने जन्म भी लिया है और गति भी पकड़ी है। जैसे हमारे खिलौने उद्योग को फिर से स्थापित करने का मिशन 'मन की बात' से ही तो शुरू हुआ था। इसी तरह से भारतीय नस्ल के श्वान यानी हमारे देशी डॉग्स को लेकर जागरूकता बढ़ाने की शुरुआत भी तो 'मन की बात' से ही की थी। हमने एक और मुहिम शुरू की थी कि हम ग़रीब छोटे दुकानदारों से मोलभाव नही करेंगे, झगड़ा नही करेंगे। जब 'हर घर तिरंगा' मुहिम शुरू हुई, तब भी 'मन की बात' ने देशवासियों को इस संकल्प से जोड़ने में खूब भूमिका निभाई। ऐसे हर उदाहरण समाज में बदलाव का कारण बने हैं।

# देश के पहले गांव “माणा” ने भी सुनी “मन की बात”

माणा 30 अप्रैल (वार्ता )। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' के 100 वें एपिसोड को सुनने के लिए भारतीय जनता पार्टी व विभिन्न संगठनों ने भारत तिब्बत चीन सीमा क्षेत्र पर भारत के पहले गांव माणा से लेकर बद्रीनाथ और अन्य स्थानों पर अलग अलग तरीके से कार्यक्रम आयोजित किए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के 100 एपीसोड सुनने के लिए भारत तिब्बत चीन, सीमा पर भारत के पहले गांव माणा जो उत्तराखंड के चमोली में ग्रामीणों के साथ भाजपा माणा पंचायत प्रधान पीतांबर मोल्फा, भाजपा जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष कीरत सिंह भंडारी, उपाध्यक्ष नंदी राणा, अवधेश रावत, अंशुमान भंडारी, किशोर बड़वाल, नरेन्द्र बड़वाल, भगत बड़वाल, गजेन्द्र चौहान,बीना बड़वाल,मनीषा बड़वाल आदि मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मन की बात के 100 वां एपिसोड कार्य क्रम के लिए बदरीनाथ- केदारनाथ मंदिर समिति के ध्यान केन्द्र में आयोजन हुआ । बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने

■ **भाजपा ने प्र.मंत्री के प्रोग्राम को सुनने के लिए भारत-तिब्बत चीन सीमा क्षेत्र में देश के पहले गांव माणा से लेकर बद्रीनाथ और अन्य स्थानों पर “मन की बात” प्रोग्राम को सुनने के लिए कार्यक्रम आयोजित किये।**

प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट,बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार सहित बड़ी संख्या में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

वाईब्रेंट विलेज माणा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के 100 वें एपिसोड को सुनने पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं तथा स्थानीय जनता ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर दीप प्रज्वलन तथा पूजा के बाद मन की बात कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में माणा गांव के लोगों के साथ सहभागिता कर मन की बात सुनी इस अवसर पर मंदिर समिति उपाध्यक्ष किशोर पंवार तीर्थयात्रियों साधु-संतों के साथ मन की बात सुनी।

अजेन्द्र अजय ने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम से आम जनमानस को प्रेरणा तथा प्रोत्साहन मिला है बेटी बचाओ बेटी बढ़ाओं से लेकर पर्यावरण, स्वरोजगार शिक्षा,स्वास्थ्य, पेयजल के मुद्दो पर कार्यकर रहे लोगों को मन की बात सुनकर नयी उर्जा मिली है। इस अवसर पर भाजपा पूर्व महामंत्री प्रवेश डिमरी, जय कपूर, अधिशासी अभियंता अनिल ध्यानी, डाक्टर हरीश गौड़ गिरीश देवली, राजेंद्र सेमवाल, संतोष तिवारी, अजीत भंडारी व बड़ी संख्या में यात्री तथा साधू संत मौजूद रहे।

# अप्रेल के अंत में करोना के मामले थोड़ी ढलान की तरफ

नयी दिल्ली, 30 अप्रैल (वार्ता)। देश में पिछले 24 घंटे में करोना वायरस (कोविड-19) संक्रमण के 5874 मामले सामने आए और इसी अवधि में 16 मरीजों की मौत हुई।

इस बीच देश में करोना टीकाकरण भी जारी है और इसी क्रम में पिछले 24 घंटों में 3,167 लोगों को टीका लगाया गया है। अब तक देश में 2,20,66,66,261 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से रविवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, इस अवधि में 3,137 मरीज अस्पताल में भर्ती हुए और इसके बाद सक्रिय मामले घटकर 49,015 रह गयी है। देश में मृतकों की संख्या बढ़कर 5,31,533 हो गयी है। इसी अवधि में करोना संक्रमण से स्वस्थ होने वालों का आंकड़ा 8148 बढ़कर 4,43,64,841 पर पहुंच गया है। देश में पिछले 24 घंटों के दौरान ओडिशा में सक्रिय मामलों की संख्या में सर्वाधिक 108 की वृद्धि हुई है। इसके अलावा, पश्चिम बंगाल में 116, हिमाचल प्रदेश में 49, छत्तीसगढ़ में 46, जम्मू-कश्मीर में 11, मेघालय में एक, मिजोरम में छह और अरुणाचल प्रदेश में छह मामले बढ़े हैं। इसके अलावा हरियाणा में दो, कर्नाटका में दो, नागालैंड में दो, पुडुचेरी में सात, और त्रिपुरा में सात मामले बढ़े हैं। वहीं पिछले 24 घंटे में केरल में सबसे ज्यादा 688 करोना मामलों में गिरावट दर्ज की गयी है। इसी अवधि में महाराष्ट्र में 638, दिल्ली में 413, उत्तर प्रदेश में 258, पंजाब में 67, तमिलनाडु में 198, राजस्थान में 193 सहित अन्य राज्यों अंडमान और निकोबार द्वीप, आन्ध्र प्रदेश, चंडीगढ़, गोवा, झारखंड, लद्दाख, मध्यप्रदेश, नागालैंड, पुड्डुचेरी और तेलंगाना में करोना के मामलों में कमी आयी है।

■ **रविवार को देश में पिछले 24 घंटे में करोना संक्रमण के 5874 मामले सामने आए।**

### लुधियाना में ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

गये। स्थिति को काबू करने के लिए पुलिस ने पूरा इलाका सील कर दिया।

गोयल मिल्क प्लांट नाम की इस फैक्टरी में बड़ी कंपनियों के डेयरी उत्पाद आते हैं और आगे सप्लाई किए जाते हैं। फिलहाल गैस लीक के कारणों का पता नहीं लगत सका है, प्रशासन गैस लीक के कारणों का पता लगाने में जुटा हुआ है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, मिल्क प्रॉडक्ट को ठंडा करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली गैस लीक हो गई है। इस घटना का असर आसपास के करीब 300 मीटर एरिया में देखा गया। 300 मीटर के दायरे में रहने वाले लोगों को गैस रिसाव के कारण सांस लेने में दिक्कत हुई।

### बृजभूषण शरण सिंह ने...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कहा था कि, उनके लिए पद से इस्तीफा देना कोई बड़ी बात नही थी, लेकिन वे “एक अपराधी के रूप में” ऐसा नही करेंगे। बृजभूषण सिंह का विरोध करने वाले पहलवान लगातार उनके इस्तीफे की मांग कर रहे हैं।

बृजभूषण सिंह ने इस मामले में कहा, “उनकी (पहलवानों की) मांगें लगातार बदल रही हैं। उन्होंने पहले मेरा इस्तीफा मांगा, मैंने कहा कि, इसका मतलब मेरे खिलाफ आरोपों को स्वीकार करना होगा। इस्तीफा कोई बड़ी बात नही है, लेकिन मैं इसे एक अपराधी के रूप में नही करूंगा, मैं अपराधी नही हूं।”

बृजभूषण सिंह ने दोहराया कि, वे निर्दोष हैं और किसी भी जांच में सहयोग करेंगे, क्योंकि उन्हें न्याय व्यवस्था और जांच एजेंसियों पर भरोसा है।

इसके साथ ही बृजभूषण सिंह ने दावा किया कि “एक व्यवसायी” उनकी छवि को धूमिल करने की साजिश का हिस्सा था।

बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और विनेश फोगट सहित अन्य पहलवानों के दिल्ली के जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन के बीच दिल्ली पुलिस ने बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट के आदेश के घंटों बाद दो मामले दर्ज किए हैं।

# भारत डॉलर को त्यागकर अंतर्राष्ट्रीय भुगतान के दूसरे माध्यमों की खोज की ओर तेजी से अग्रसर हुआ

## सिंगापुर के साथ पहले ही भारत अलग डिजिटल भुगतान प्रणाली शुरु कर चुका है और अब रूस के साथ रूपे और एम.आई.आर. कार्ड व अन्य भुगतान माध्यमों की डील पर सहमति बनने ही वाली है

नई दिल्ली, 30 अप्रेल। भारत और रूस एक दूसरे के देश में रूपे और एम.आई.आर. कार्ड स्वीकार करने की संभावना तलाश रहे हैं। दरअसल, मॉस्को (रूस) पर पश्चिम द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के बाद दोनों देश आपस में किए जाने वाले भुगतान को आसान बनाने के लिए इस बारे में विचार कर रहे हैं।

हाल ही में व्यापार, आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी और सांस्कृतिक सहयोग पर उच्च स्तरीय सरकारी आयोग की बैठक में रूपे और एम.आई.आर. कार्डों की स्वीकृति के लिए चर्चा की गई है और सहमति भी बनी है।

रूपे कार्ड (भारत) और एम.आई.आर. कार्ड (रूस) की स्वीकृति से भारतीय और रूसी नागरिकों को अपने संबंधित देशों में भारतीय रुपये और रूसी रूबल में बिना किसी परेशानी के पेमेंट करने में मदद मिलेगी। बता दें, विदेश मंत्री एस जयशंकर और रूस के उप प्रधान मंत्री डेनिस मंटुरोव की अध्यक्षता में हुई बैठक में यूनिफाइड पेमैंट इंटरफेस (यू.पी.आई.) और बैंक ऑफ रूस के फास्टर पेमेंट्स सिस्टम (एफ.पी.एस.) के बीच बातचीत की संभावना तलाशने पर सहमति हुई है।

इसके अलावा, सीमा पार भुगतान के लिए रूसी फाइनेंशल मैसेंजिंग सिस्टम (आर.एफ.एम.एस), बैंक ऑफ रूस के सर्विस ब्यूरो ऑफ फाइनेंसियल मैसेजिंग सिस्टम को अपनाने पर भी सहमति हुई।

आपको बता दें कि वर्तमान में, भारत से विदेश में और विदेश से भारत में पैसों का भुगतान स्विफ्ट नेटवर्क के माध्यम से किया जाता है। हाल ही में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सिंगापुर के प्रधान मंत्री ली सीन लूंग ने यू.पी.आई. और “पे-नाओ” के बीच क्रॉस-बॉर्डर कनैक्टिविटी सिस्टम लॉन्च किया था। भारत के यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यू.पी.आई.) और सिंगापुर के “पे-नाओ” के लिंकेज से अब दोनों देशों के लोग तेजी से और किफायती डिजिटल ट्रांसफर कर सकते हैं। इसकी मदद से सिंगापुर में रहने वाले भारतीय प्रवासी मजदूर सिंगापुर से भारत में कम कीमत में पैसे भेज सकते हैं। “पे-नाओ और यू.पी.आई.” लिंकेज स्केलेबल क्लाउड-आधारित इन्फ्रास्ट्रक्चर का इस्तेमाल करने के लिए दुनिया का पहला रियल-टाइम पेमेंट सिस्टम लिंकेज है, जो भविष्य में बढ़ने वाली ट्रैफिक को कंट्रोल कर सकता है। शुरुआत में, भारतीय स्टेट बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक, इंडियन बैंक और आई.सी.आई. सी.आई. बैंक ऑउटवर्ड रेमिटेंस की सुविधा प्रदान करेंगे, जबकि एक्सिस बैंक और डीबीएस इंडिया इनवर्ड रेमिटेंस की सुविधा प्रदान करेंगे। भारत की यू.पी.आई. सेवा को 2016 में लॉन्च किया गया था, और तब से यह व्यक्ति-से-व्यक्ति और व्यक्ति-से-व्यापारी लेनदेन में अग्रणी सबसे लोकप्रिय और पसंदीदा पेमेंट मोड के रूप में उभरा है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908